www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार... राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु

नई दिल्ली, शुक्रवार, 4 अगस्त, 2023 | वर्ष-16 | अंक-120 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए





किसानों की कर्जमाफी के फैसले पर मुख्यमंत्री ... 02
■ मुख्य सचिव के सीधे एलजी को फाइल भेजने से सरकार...
■ पीड़ितों से मिलने गुरुग्राम पहुंचा जमाअत का प्रतिनिधिमंडल 03
■ पाकिस्तान ने अमेरिका के साथ चुपचाप सुरक्षा समझौते...
■ यूक्रेन ने शांति फार्मूला लागू करने की रणनीति को रखा... 07
'परिणीति' पर तन्वी डोगरा बोलीं : 'नीति' की परतें ... 10

## सार संक्षेप

### मणिपुर में फिर भड़की हिंसा, 20 महिलाएं घायल



**इंफाल।** मणिपुर में मैतेई और कुकी समुदाय के बीच जारी हिंसा को आज (3 अगस्त) तीन महीने पूरे हो गए। बिष्णुपुर जिले में गुरुवार को सुरक्षाबलों और मैतेई समुदाय के बीच हिंसक झड़प हुई। स्थिति को संभालने के लिए सुरक्षाबलों ने हवाई फायरिंग की और आंसू गैस के गोले छोड़े। जिसमें 20 महिलाएं घायल हो गईं। गुरुवार सुबह करीब 11 बजे बिष्णुपुर में मैतेई समुदाय की महिलाओं ने बफर जोन को पार करने का प्रयास किया।

### 16 से दोबारा लोगों के लिए खुलेगा 'अमृत उद्यान'



**नई दिल्ली।** स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार राष्ट्रपति भवन का अमृत उद्यान (मुगल गार्डन) दूसर बार आम लोगों के लिए खोला जा रहा है। आमतौर पर यह उद्यान प्रायः फरवरी माह में एक महीने के लिए खोला जाता है। लेकिन इस साल यह 16 अगस्त से दोबारा लोगों के लिए खोल दिया जाएगा। राष्ट्रपति भवन द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि उद्यान उत्सव-2 के तहत अमृत उद्यान एक महीने के लिए 16 अगस्त 2023 से आम लोगों के लिए खोला जा रहा है।

### बृजभूषण के खिलाफ अवैध खनन मामले बनाई समिति



**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह द्वारा उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले के गांवों में अवैध खनन गतिविधियों के आरोपों की जांच के लिए राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) ने एक संयुक्त समिति का गठन किया है। समिति को दो महीने में कार्रवाई रिपोर्ट (एटीआर) देने के लिए कहा गया है।

### प्रख्यात मराठी गीतकार नामदेव महानोर का निधन

**पुणे।** महाराष्ट्र के प्रसिद्ध कवि एवं गीतकार नामदेव धोंडो महानोर का उम्र संबंधी बीमारियों के कारण गुरुवार सुबह यहां एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 81 वर्ष के थे। महानोर पिछले कुछ महीनों से अस्वस्थ थे।

# दिल्ली बिल लोकसभा में पास

## गृह मंत्री शाह बोले, केंद्र को दिल्ली पर कानून बनाने का अधिकार

**नई दिल्ली,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। नई दिल्ली, 3 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली सरकार के अधिकारों और सेवा से जुड़े विधेयक- 'राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) विधेयक, 2023' को लोकसभा ने पारित कर दिया। गुरुवार को इस बिल पर हुई लंबी चर्चा और इसमें सभी राजनीतिक दलों के सांसदों के शामिल होने के बाद विपक्षी दलों के वॉक आउट के बीच लोकसभा ने ध्वनिमत से बिल को पास कर दिया।

बिल पारित करने के दौरान आम आदमी पार्टी सांसद सुशील कुमार रिंकू द्वारा वेल में आकर कागज फाड़ कर आसन पर फेंकने के कारण उन्हें मानसून सत्र की बची हुई अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया है। इससे पहले बिल पर हुई लंबी चर्चा का जवाब देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मणिपुर, संविधान, दिल्ली, लोकतंत्र, गठबंधन और केजरीवाल सरकार के भ्रष्टाचार को लेकर जमकर निशाना साधते हुए विपक्षी नेताओं के आरोपों का उनका नाम ले-लेकर जवाब दिया। अब इसे राज्यसभा में पेश किया जाएगा।

लोकसभा में 2 बजे दिल्ली अध्यादेश विधेयक पर चर्चा शुरू हुई। अमित शाह ने कहा कि विपक्षी दलों को गठबंधन का नहीं, दिल्ली का सोचना चाहिए। एक बात तय है कि चाहे कितना भी अलायंस कर लें, सरकार तो नरेंद्र मोदी की ही आ रही है। शाह ने ये भी कहा कि मणिपुर पर जितनी चर्चा चाहें, कर लें, मैं जवाब दूंगा। वहीं इस दौरान कांग्रेस, टीएमसी और डीएमके सहित अन्य विपक्षी दलों ने बिल का कड़ा विरोध किया।

■ आप सांसद रिंकू बचे सत्र के लिए निलंबित
■ अब बिल को राज्यसभा में किया जाएगा पेश
■ कांग्रेस समेत कई विपक्षी दलों ने किया विरोध

> शाह के मुंह से नेहरू की तारीफ अच्छी लगी। दिल्ली में ऐसी छेड़खानी होती रहेगी तो आप अन्य राज्यों के लिए भी ऐसे बिल लाते रहेंगे : **अधीर रंजन चौधरी, कांग्रेस नेता**



> विपक्षी गठबंधन को दिल्ली की नहीं सिर्फ अलायंस की चिंता है। नेहरू, सरकार पटेल भी दिल्ली को राज्य का दर्जा दिए जाने के विरोध में थे : **अमित शाह, गृह मंत्री**

### मोदी की बात पर यकीन मत करना : केजरीवाल

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि 2014 में मोदी जी ने खुद कहा कि प्रधानमंत्री बनने पर दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा देंगे। लेकिन आज इन लोगों ने दिल्ली वालों की पीठ में छुरा घोंप दिया। आगे से मोदी जी की किसी बात पे विश्वास मत करना।

### राज्यसभा में धनखड़ की बात पर लगे ठहाके

राज्यसभा में तीखी बहस के बीच हल्के पल भी देखने को मिले। सभापति जगदीप धनखड़ ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को बोलने के लिए कहा। खड़गे ने कहा- मैं दो सेकंड के लिए बैठ गया। आप शायद गुस्से में थे। इस पर धनखड़ ने कहा कि मैं 45 साल से शादीशुदा जीवन जी रहा हूं, मैं कभी गुस्सा नहीं करता। इस पर सभी सदस्य हंस दिए।

अमित शाह ने विधेयक के पक्ष में तर्क देते हुए सदन में कहा, 'अध्यादेश सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश को संदर्भित करता है जिसमें कहा गया है कि दिल्ली को लेकर किसी भी मुद्दे पर सरकार को कानून बनाने का अधिकार है।' उन्होंने बताया कि संविधान में भी हमें ये अधिकार दिया गया। अमित शाह ने आगे कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू, सरदार पटेल, राजाजी, राजेंद्र प्रसाद और डॉ. बी.आर. अंबेडकर भी दिल्ली को राज्य का दर्जा दिए जाने के विरोध में थे। उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन को दिल्ली की नहीं सिर्फ अलायंस की चिंता है। ये विधेयक का विरोध राजनीति के लिए कर रहे हैं।

गृह मंत्री के बोलने के बाद कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि शाह के मुंह से नेहरू की तारीफ अच्छी लगी। चौधरी ने दिल्ली में ऐसी छेड़खानी होती रहेगी तो आप अन्य राज्यों के लिए भी ऐसे बिल लाते रहेंगे। आपको लगता है कि यहां घोटाला होता है तो उसके लिए आपको यह बिल लाना जरूरी था? आपके पास ईडी, सीबीआई, आईटी है. आप उसका इस्तेमाल क्यों नहीं करते?।

**विधेयक में क्या है प्रावधान**

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) विधेयक, 2023 में उपराज्यपाल को दिल्ली के अधिकारियों के स्थानांतरण और पदस्थापना पर अंतिम अधिकार प्रदान करने का प्रावधान है।

# ज्ञानवापी मामला फिर पहुंचा सुप्रीम कोर्ट





■ सर्वे के खिलाफ कोर्ट पहुंचा मुस्लिम पक्ष
■ इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दी सर्वे की इजाजत

**नई दिल्ली,** 3 अगस्त (एजेंसियां)। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गुरुवार को वाराणसी में ज्ञानवापी परिसर के सर्वे का आदेश दे दिया, लेकिन इस फैसले के खिलाफ मुस्लिम पक्ष सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। इससे पहले श्रृंगार गौरी मुकदमे की मुख्य याचिकाकर्ता राखी सिंह ने सुप्रीम कोर्ट में कैविएट पिटीशन दाखिल कर दी। मतलब मुस्लिम पक्ष की याचिका पर किसी फैसले से पहले उनका पक्ष भी सुना जाए। उधर, इस मामले में बौद्ध समाज भी सामने आ गया है। गुरु सुमित रतन भंते ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है। उनका दावा है कि ज्ञानवापी उनका मठ है। उन्होंने कहा कि देश में तमाम ऐसे मंदिर हैं, जो बौद्ध मठों को तोड़कर बनाए गए हैं।

इससे पहले इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गुरुवार को अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी की याचिका खारिज कर दी। अदालत ने सेशन कोर्ट के आदेश का तत्काल पालन करने, यानी सर्वे शुरू करने का ऑर्डर दिया। चीफ जस्टिस प्रीतिंकर दिवाकर की सिंगल बेंच ने यह फैसला सुनाया। हाईकोर्ट ने कहा, न्याय के लिए यह सर्वे जरूरी है। कुछ शर्तों के साथ इसे लागू करने की जरूरत है।

### जाति आधारित सर्वे का मामला भी पहुंचा

बिहार के जाति आधारित सर्वे का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा है। सुप्रीम कोर्ट में पटना हाई कोर्ट के आदेश पर रोक लगाने की मांग की गई है। नालंदा के रहने वाले अखिलेश कुमार ने वकील बरुन सिन्हा के जरिए इस मामले में गुरुवार (3 अगस्त) को याचिका दाखिल की। पटना हाई कोर्ट ने जाति आधारित सर्वे को सही ठहराया था। मंगलवार को पटना हाई कोर्ट ने बिहार सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली सभी याचिकाओं को खारिज करते हुए कहा था कि यह पूरी तरह से 'वैध' है और राज्य सरकार के पास इसे कराने का अधिकार है।

# नूंह हिंसा में अब तक 44 एफआईआर



**पुलिस ने 139 की गिरफ्तारियां**

**गुरुग्राम,** 3 अगस्त (एजेंसियां)। हरियाणा पुलिस ने नूंह और गुरुग्राम जिलों में हुए सांप्रदायिक दंगों में अब तक 44 एफआईआर दर्ज की है और 139 लोगों को गिरफ्तार किया है। दोनों जिलों में तनाव व्याप्त है, जहां स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस और केंद्रीय बलों को तैनात किया गया है।

**बजरंगी भी हिंसा में संदिग्ध**

31 जुलाई को भड़की हिंसा में शामिल और फैलाने वालों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई जारी है। मोनू मानेसर के बाद नूंह-गुरुग्राम हिंसा मामले में एक और नाम बिट्टू बजरंगी का सामने आया है।

### नूंह हिंसा पर अमेरिका में भी उठा सवाल

गुरुग्राम और उसके आसपास के इलाकों में चल रही झड़पों के बीच अमेरिका का बयान आया है। अमेरिका के विदेश विभाग ने हरियाणा दंगे पर शांति बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने पार्टियों से हिंसा से दूर रहने का आग्रह किया है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान यह बात कही।

## राहुल की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई आज



**'मोदी उपनाम' मामला**

**नई दिल्ली,** 3 अगस्त (एजेंसियां)। 'मोदी उपनाम' मानहानि मामले में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट शुक्रवार को सुनवाई करेगा। उन्होंने इस मामले में उनकी सजा पर निलंबन से गुजरात हाई कोर्ट के इनकार को उच्चतम न्यायलय में चुनौती दी है। शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर प्रकाशित सूची के अनुसार, न्यायमूर्ति बी.आर. गवई, पी.एस. नरसिम्हा और प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ पूर्व सांसद की याचिका पर सुनवाई जारी रखेगी।

## अब कैबिनेट सेक्रेटरी को मिला सेवा विस्तार

**नई दिल्ली,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। प्रवर्तन निदेशालय के निदेशक संजय मिश्र के सेवा विस्तार पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी के बावजूद केंद्र सरकार ने कैबिनेट सेक्रेटरी राजीव गौबा को लगातार तीसरी बार एक साल का सेवा विस्तार दे दिया है। अब वे लोकसभा चुनाव तक अपने पद पर बने रहेंगे। झारखंड कैडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1982 बैच के अधिकारी गौबा को 2019 में उन्हें पहली बार दो साल के लिए कैबिनेट सचिव नियुक्त किया गया था।

### अनुच्छेद 370 हटाने के 5 साल बाद भी हिंसा से नहीं मिली मुक्ति

# औसतन रोजाना एक मौत को देख रहा कश्मीर

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। इस महीने की पांच तारीख को कश्मीर में जिस अनुच्छेद 370 को हिंसा का प्रमुख कारण बताते हुए हटा दिया गया था उसके 5 साल बीत जाने के बाद भी कश्मीर को हिंसा से मुक्ति नहीं मिल पाई है। हिंसा में कमी तो है पर आज भी कश्मीर प्रतिदिन एक मौत को देखने को मजबूर है।

इसकी पुष्टि खुद सरकारी आंकड़े करते थे। सरकारी आंकड़े बताते थे कि 2019 से लेकर 1 अगस्त 2023 तक के 5 साल के अरसे में कश्मीर ने 1277 मौतें देखी हैं। इनमें हालांकि सबसे बड़ा आंकड़ा आतंकियों का ही था जिनके विरूद्ध कई तरह के आप्रेशन चला उन्हें मैदान से भाग निकलने को मजबूर किया गया लेकिन नागरिकों व सुरक्षाबलों की मौतें भी यथावत हैं। आंकड़े कहते थे कि 819 आतंकी इस अवधि में ढेर कर दिए गए। तो इसी अवधि में 222 सुरक्षाकर्मियों को शहादत देकर इस सफलता को प्राप्त करना पड़ा। आतंकियों द्वारा नागरिकों को मारने का सिलसिला भी यथावत जारी था। हालांकि पुलिस के दावानुसार, इस अवधि में कोई भी नागरिक कानून व्यवस्था बनाए रखने की प्रक्रिया के दौरान नहीं मारा गया बल्कि इन 5 सालों में जो 236 नागरिक मारे गए उन्हें आतंकियों ने ही मार डाला। इतना जरूर था कि अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद आतंकियों के सबसे अधिक हमले प्रवासी नगरिकों के साथ साथ हिन्दुओं पर भी हुए हैं।




**5 साल के अरसे में कश्मीर ने 1277 मौतें देखी**

### 370 पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई जारी

जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाने के फैसले को चुनौती देने वाली 23 याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में आज दूसरे दिन की सुनवाई हो रही है। याचिकाकर्ताओं की तरफ से वकील कपिल सिब्बल ने दलील दी कि आर्टिकल 370 को छेड़ा नहीं जा सकता है।

SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY™
Approved by UGC
Where Education is a Passion...
ACCREDITED WITH GRADE A NAAC
18 COLLEGES | 220+ PROGRAMMES | 250+ ACRE CAMPUS | 130000+ Alumni




JOURNALISM & MASS COMM.-9639010464
• BAJMC • MJMC /(Lateral entry also)
• MAFTP • MAPRAD
• PG Diploma in Radio Broadcast, Event Management
• Certificate Course in Radio Jockey, Sound Editing, Radio Management Radio Production, Radio Writing & TV Anchoring

#ONLY UNIVERSITY Having ALL MEDIA... ...UNDER ONE ROOF
SUBHARTI TV
आज़ाद हिंद RADIO 90.0 FM
साप्ताहिक प्रभात समाचार पत्र

SPECIAL SCHOLARSHIP SCHEMES For CUET Qualified Candidates For UG & PG Programmes

LAW - 9639010415
• B.A.LL.B.
• LL.M.: Full time regular for all Law graduates. Offering dual specializations in: -
• Criminal Law • Constitutional Law
• Corporate Law • Human Rights Law
• Executive LL.M.
• P.G. Diploma: Human Rights Law, Media Law, Labour Law, Intellectual Property Rights, Patent Practices

MANAGEMENT - 9897099856
• BBA • B.Com • M.Com • M.B.A
• Integrated MBA • PGDRM • PGDWM
• MHA Master in Hospital Administration

HOTEL MANAGEMENT - 9897099834
• BHMCT • BTTM • BSc.CA • MHMCT
• DFPB - Diploma in Food Production & Bakery
• DFBS - Diploma in Food and Beverage Service
• Bachelor of Vocation Programme (B.Voc)- Hospitality & Tourism

EDUCATION - 9639018327
• D.El.Ed • B.El.Ed • B.Ed • M.Ed • M.A.

PHYSICAL EDUCATION - 9639222249
• B.P.E.S • B.P.ED. • M.P.ED.
• M.A. Yoga

OUR CONSTITUENT COLLEGES
• ENGINEERING • HOME SCIENCE • NURSING • NATUROPATHY & YOGA • PARAMEDICAL • SCIENCE • PHYSIOTHERAPY • POLYTECHNIC • PHARMACY • LIBRARY SCIENCE • FINE ARTS & FASHION DESIGN • POLITICAL SCIENCE & SOCIOLOGY • BUDDHIST STUDIES

INTERNATIONAL COLLABORATIONS
• Dhammachai International Research Institute- Australia/New Zealand
• National Chung Cheng University (CCU)- Taiwan
• Lumbini Buddhist University, Lumbini- Nepal
• Yeongdeok Culture and Tourism Foundation- South Korea
• Gyeongsangbuk-do Korean Medicine Association- South Korea
• MOU-National Research University Higher School of Economics- St. Petersburg, Russia
• MOU-Tashkent Institute of Textile and Light Industry- Uzbekistan
• Shu-Te University- Taiwan
• Lincoln University College- Malaysia
• Asia University- Taiwan
• Synergy University- Moscow, Russia
• NECI- Uzbekistan
• Daegu Haany University- South Korea
• Teaching University- Geomedi LLC Georgia

ACADEMIC COLLABORATIONS
RAS BIHARI BOSE SUBHARTI UNIVERSITY Dehradun
CALL: 7617585561, 8194007624, www.rbbsu.edu.in
Beehive College • Dehradun
Call:8126266666, 8126244444
www.beehivecollege.com

CENTRAL ADMISSION CELL (Main Campus) is open on SUNDAY also from 8:00 AM to 4:00 PM
FOR ADMISSION
9639222288/ 89/ 90
9639222291/ 93/ 98
SUBHARTIPURAM, NH-58, DELHI-HARIDWAR BYPASS ROAD, MEERUT, U.P., INDIA.

# देश

उवाच



"लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला को बुलाने की मांग करते हुए कहा कि सदन की कार्यवाही जब शुरू हो तो पीठासीन के पद पर वे स्पीकर साहब (ओम बिरला) को देखना चाहते हैं, स्पीकर हमारे कस्टोडियन है, उनको बुलाकर पद पर बैठाइए, जो भी मसला है, हम आपस में समाधान कर लेंगे:- **अधीर रंजन चौधरी, कांग्रेस नेता**

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 35.0 | 25.2 |
| मुंबई | 30.8 | 26.8 |
| कोलकाता | 34.5 | 26.6 |
| चेन्नई | 39.8 | 28.0 |

# राज्य के हितों की रक्षा के लिए कांग्रेस सरकार का साहसिक कदम

**नई दिल्ली,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। राज्य में कांग्रेस सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की अध्यक्षता में कैबिनेट ने राज्य हित में कुछ महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं। कानून एवं संसदीय कार्य मंत्री एच.के. पाटिल ने 3 जुलाई से विभिन्न विभागों और क्षेत्रों में कुछ आवश्यक बदलाव शुरू करने की प्रक्रिया शुरू की है। 21 तारीख तक कैबिनेट में विचार-विमर्श के बाद कुछ महत्वपूर्ण विधेयकों को पेश और तौला जा चुका है और राज्यपाल ने भी राज्य सरकार के इन विधेयकों को स्वीकार कर अपनी सहमति दे दी है। सरकारों द्वारा समय-समय पर जनसंख्या और सामाजिक परिस्थितियों पर विचार करने के बाद आवश्यक संशोधन करके विधेयक पेश करने की प्रथा है। इस बार कांग्रेस सरकार अति पिछड़ों, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की रक्षा के लिए भी प्रतिबद्ध है। इसने नागरिक विधेयक पेश किए हैं जो दलित और शोषित समुदायों को आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक रूप से मुख्यधारा में



■ मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की अध्यक्षता में कैबिनेट ने राज्य हित में कुछ महत्वपूर्ण फैसले लिए

लाने से संबंधित हैं। 5 जुलाई से 18, 19, 20 और 21 जुलाई तक पेश किये गये विधेयक दोनों सदनों में सर्वसम्मति से पारित किये गये। 1 जुलाई को नौ महत्वपूर्ण विधेयकों को राज्यपाल ने भी मंजूरी दे दी। हालांकि विधेयकों पर विभिन्न तरीकों से चर्चा की गई, कानून मंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि अर्थशास्त्री, बुद्धिजीवी और राज्य के लोग अपना विश्वास व्यक्त करेंगे। एच.के.पाटिल ने आगे कहा है, कानूनी विशेषज्ञ, समाज सुधारक और सभी समुदायों के नेता इस विधेयक के पक्ष में हैं, जिसे राज्य के हित में पेश किया गया है। वहीं जिन लोगों ने सोचा था कि राज्य में गारंटी कार्ड योजना की घोषणा के बाद कुछ होगा, उन्हें झटका लगा है। ?

ऐसा कहा जा रहा है कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की इच्छा के अनुरूप कानून मंत्री एचके पाटिल द्वारा समीक्षा और पेश किए गए बिल लोगों द्वारा स्वीकार किए जाएंगे। कर्नाटक विनियोग अधिनियम, 2023 के तहत कानून मंत्री एच के पाटिल ने नौ महत्वपूर्ण विधेयकों की समीक्षा की है। चालू वित्तीय वर्ष में भुगतान के खर्चों पर लंबी चर्चा हुई है. सरकार ने कहा कि यह विधेयक राज्य की संचित निधि से विनियोग के लिए भारत के संविधान के अनुच्छेद 204 के प्रावधानों के अनुसार पेश किया गया है।

## कर्नाटक सीएम मिले राजनाथ सिंह से, दशहरा के दौरान एयर शो की मांग

बेंगलुरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने गुरुवार को नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की और उनसे प्रसिद्ध दशहरा उत्सव के दौरान एक एयर शो आयोजित करने का अनुरोध किया। रक्षा मंत्री को सौंपे गए एक पत्र में मुख्यमंत्री कार्यालय ने कहा कि प्रसिद्ध मैसूरु दशहरा उत्सव कर्नाटक की भव्यता का प्रदर्शन करता है। पत्र में कहा गया, '2017 और 2019 में, दशहरा उत्सव को मैसूर के टॉर्चलाइट परेड ग्राउंड में भारतीय वायु सेना द्वारा प्रदर्शित एक विशेष एयरशो का सौभाग्य प्राप्त हुआ, जिसने हजारों पर्यटकों और कन्नडिगाओं का ध्यान आकर्षित किया। अनुरोध है कि कृपया निर्देशित करें कि मैसुरू में नादहब्बा दशहरा 2023 के दौरान पहले की तरह ही 'एयर शो' हो।' सिद्दारमैया ने खुद यह पत्र राजनाथ सिंह को सौंपा। बाद में मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से उनके कार्यालय में मुलाकात की और बातचीत की। उन्होंने केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से भी मुलाकात की और बेंगलुरु-मैसूर एक्सप्रेसवे की कमियों पर चर्चा की। गडकरी ने उन्हें समस्याओं के समाधान के लिए विशेषज्ञों की एक टीम भेजने का आश्वासन दिया। सिद्दारमैया ने राज्य के लिए स्वीकृत की जाने वाली नौ विभिन्न परियोजनाओं का एक पत्र भी गडकरी को सौंपा।

स्कूल नौकरी मामला

## ईडी का दावा, सुजय भद्र ने अवैध कमाई के लिए रिश्तेदारों के बैंक खातों का किया इस्तेमाल

**कोलकाता,** 3 अगस्त (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय ने दावा किया है कि पश्चिम बंगाल में स्कूल भर्ती मामले के मुख्य आरोपी सुजय कृष्ण भद्र ने गलत कमाई के पैसे को इधर-उधर करने के लिए अपनी बेटी और दामाद के बैंक खाते का इस्तेमाल किया। 28 जुलाई को कोलकाता में धन



शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की एक विशेष अदालत में प्रस्तुत आरोपपत्र में ईडी के अधिकारियों ने कहा कि एक ओर जहां भद्र ने आय का एक हिस्सा अपनी बेटी और बेटे के नाम पर संपत्ति खरीदने में इस्तेमाल किया - दूसरी ओर, ससुराल वालों ने अपराध की रकम को ठिकाने लगाने के लिए अपने करीबी रिश्तेदारों के बैंक खातों का इस्तेमाल किया। केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों ने दक्षिण कोलकाता के एक पॉश इलाके में 2.5 करोड़ रुपए के एक आवासीय फ्लैट का उल्लेख किया है जो आरोपी के दामाद के नाम पर पंजीकृत है। फ्लैट खरीदने के लिए धनराशि का एक हिस्सा, जैसा कि आरोप पत्र में उल्लिखित है, वेल्थ विजार्ड नामक एक कॉर्पोरेट इकाई द्वारा दिए गए ऋण के रूप में दिखाया गया था, जहां भद्र प्रमुख शेयरधारक थे। 28 जुलाई को पेश की गई चार्जशीट में कॉर्पोरेट इकाई का भी नाम दिया गया है। ईडी के अधिकारियों को भद्र और उनके करीबी रिश्तेदारों के नाम पर कई बैंक खातों का पता चला है, जिनमें कई फर्जी आवक और जावक प्रेषण शामिल हैं। केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों ने पहले ही भद्र और उनके करीबी रिश्तेदारों के नाम पर 'संदिग्ध' संपत्ति को जब्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। केंद्रीय एजेंसी द्वारा पहले ही भद्र और उनके करीबी सहयोगियों से जुड़े कई बैंक खाते फ्रीज कर दिए गए हैं।

## संसद से

### अधिवक्ता संशोधन विधेयक राज्यसभा से पारित

**नई दिल्ली,** 3 अगस्त (एजेंसियां)। न्यायिक परिसरों को दलालों से मुक्त करने वाला अधिवक्ता संशोधन विधेयक 2023 गुरुवार को राज्यसभा में ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। यह विधेयक एक अगस्त को सदन में पेश किया गया था और इससे अधिवक्ता अधिनियम 1961 में संशोधन होगा। सदन में संक्षिप्त चर्चा का जवाब देते हुए विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन मेघवाल ने कहा कि इस विधेयक से वकीलों और मुवक्किलों के बीच दलालों से मुक्ति पाने में मदद मिलेगी। इससे लीगल प्रैक्टिशनर्स एक्ट 1869 में दलालों से संबंधित कुछ प्रावधानों का रद्द करेगा। श्री मेघवाल ने कहा कि सरकार अधिवक्ताओं के लिए बीमा दायरे में लाने का प्रयास करेगी। उन्होंने कहा कि विधेयक में उच्च न्यायालय, जिला न्यायालय, सत्र न्यायालय, जिला मजिस्ट्रेट और राजस्व अधिकारी अपने परिसरों में दलालों की सूची बना सकेंगे और उनका प्रवेश प्रतिबंधित कर सकेंगे। दलाल पर 500 रुपए का जुर्माना या तीन महीने की कैद की सजा या दोनों सजा दी जा सकेगी।

### प्रेस एवं नियत कालिक पत्रिका निबंधन विधेयक पारित

राज्यसभा ने आज प्रेस एवं नियत कालिक पत्रिका निबंधन विधेयक 2023 को आज ध्वनिमत से पारित कर दिया जिसमें पत्रिकाओं के लिए पंजीयन कराने की प्रक्रिया को सरल बनाया गया है। इसमें ऐसा प्रावधान किया गया है कि आतंकी गतिविधियां या अवैधानिक गतिविधियों के लिए सजायाफ्ता और राष्ट्रीय सुरक्षा के विरूद्ध गतिविधि चलाने वाले को पत्रिका प्रकाशन की अनुमति नहीं मिलेगी। बगैर पंजीयन के पत्रिका के प्रकाशन पर पांच लाख रुपए तक का जुर्माना होगा। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने आज इस विधेयक पर हुयी चर्चा का जवाब देते हुये कहा कि प्रेस एवं बुक्स निबंधन कानून 1867 के स्थान पर यह विधेयक लाया गया है। इसमें गुलामी की मानसिकता से मुक्ति पाने के लिए लाया गया है। उस समय अंग्रेज अपने सुविधा के अनुसार कानून बनाते थे लेकिन अब इसमें सुगमता लाने के लिए कई बदलाव किये गये हैं। उन्होंने कहा कि अब तक जिला मजिस्ट्रेट से टाइटल जारी किया जाता था जिसमें आमतौर पर छह महीने का समय लगता था। अब इस कानून में ऑनलाइन आवेदन करने की व्यवस्था की गयी है और 60 दिनों में स्वतः ही टाइटल को मंजूरी मिल जायेगी।

### अपतटीय क्षेत्र खनिज संशोधन विधेयक पर संसद की मुहर

राज्यसभा ने खनिज क्षेत्र में सुधारों को आगे बढाने वाले अपतटीय क्षेत्र खनिज (विकास और विनिमयमन) संशोधन विधेयक 2023 को गुरूवार को विपक्ष के बहिर्गमन के बीच ध्वनिमत से पारित कर दिया। लोकसभा इस विधेयक को पहले ही पारित कर चुकी है जिससे इस पर संसद की मुहर लग गयी है। भोजनावकाश के बाद सभापति जगदीप धनखड़ ने जैसे ही विधेयक पर चर्चा शुरू करायी विपक्षी सदस्यों ने मणिपुर की स्थिति पर चर्चा कराने की मांग की। उनकी मांग न माने जाने के कारण समूचे विपक्ष के सदस्य कुछ देर नारेबाजी करने के बाद सदन से बहिर्गमन कर गये। खान मंत्री प्रह्लाद जोशी ने विधेयक पर हुई संक्षिप्त चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि समुद्री क्षेत्रों में खनन का विनियमन करने वाले इस विधेयक को 2002 के अधिनियम में संशोधन के लिए लाया गया है। उन्होंने कहा कि विधेयक में पर्यावरण, जैव विविधता और खनन क्षेत्रों के आस पास रहने वाले लोगों के हितों को ध्यान में रखते हुए विशेष प्रावधान किया गये हैं ।

## सार संक्षेप

### गुवाहाटी में बुजुर्ग की हत्या के मामले में चार गिरफ्तार

गुवाहाटी। असम पुलिस ने गुवाहाटी में मस्जिद जा रहे एक बुजुर्ग व्यक्ति की हत्या में शामिल होने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। मृतक की पहचान जावेद अली के रूप में हुई और यह घटना 27 जुलाई को शहर के हतीगांव इलाके में हुई। जबकि तीन संदिग्धों दारोग अली, महिबुल इस्लाम और नूर मोहम्मद को बारपेटा जिले के बागबोर इलाके में एक पुलिस अभियान के दौरान गिरफ्तार किया गया। 'बोगा' नाम के चौथे आरोपी को टेटेलिरताल से हिरासत में लिया गया। पुलिस के अनुसार, दारोग अली को विश्वसनीय जानकारी के आधार पर गिरफ्तार किया गया। उससे पूछताछ करने के बाद अन्य तीनों को पकड़ा गया।

### राष्ट्रपति पांच को जाएंगी तमिलनाडु में मदुमलाई टाइगर रिजर्व

चेन्नई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पांच अगस्त को मदमुआलाई टाइगर रिजर्व (एमटीआर) में थेप्पाकाडु हाथी शिविर पहुंचेंगी। उनकी यात्रा के मद्देनजर, राज्य वन विभाग ने गुरुवार से दो दिनों के लिए एमटीआर के पास रिसॉर्ट्स और लॉज को बंद करने का आदेश दिया है। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, यदि रिसॉर्ट और लॉज चालू रहेगा, तो इससे यातायात जाम हो जाएगा, क्योंकि पर्यटक वाहन इस मार्ग से गुजरेंगे। वन विभाग ने पर्यटकों द्वारा फॉरेस्ट गेस्ट हाउस के लिए की गई अग्रिम बुकिंग को रद्द कर दिया है और राशि वापस कर दी है। राष्ट्रपति का हेलीकॉप्टर से मसाईनागुड़ी पहुंचने का कार्यक्रम है।

### ठाणे कॉलेज में एनसीसी छात्रों पर क्रूरता से बरसाये डंडे, एनसीपी ने की कार्रवाई की मांग

मुंबई/ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे में विद्या प्रसारक मंडल के कॉलेज में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के लिए प्रशिक्षण ले रहे कुछ छात्रों को कथित तौर पर सजा के तौर पर पाश्चिक तरीके से डंडे बरसाये गए। एक अज्ञात वरिष्ठ एनसीसी प्रशिक्षक द्वारा जूनियर छात्रों की क्रूर पिटाई का एक कथित वीडियो गुरुवार को सामने आया, जिसने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के गृहनगर ठाणे में लोगों को सदमे में डाल दिया है। इस वीडियो पर कोई तारीख नहीं है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के वरिष्ठ नेता जितेंद्र अवहाद ने कथित घटना पर दुःख व्यक्त किया और मांग की कि सरकार को मामले में तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए। आव्हाड ने मुंबई में मीडियाकर्मियों से कहा, 'यह अविश्वसनीय है... ऐसा हो रहा है... हम इस मामले में सख्त कार्रवाई की मांग करते हैं।'

## स्टालिन 18 को मछुआरा समुदाय के साथ करेंगे बातचीत

**चेन्नई,** 3 अगस्त (एजेंसियां)। महत्वपूर्ण मुद्दों को सुलझाने के लिए तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन 18 अगस्त को रामनाथपुरम में मछुआरा समुदाय के साथ



बातचीत करेंगे। यह बैठक श्रीलंकाई नौसेना द्वारा राज्य के मछुआरों की लगातार गिरफ्तारी और उनकी नौकाओं को जब्त करने पर हस्तक्षेप की लगातार मांग के बीच हो रही है। सूत्रों के मुताबिक बैठक में मुख्यमंत्री इस मुद्दे पर बात करेंगे। 2020 से श्रीलंकाई नौसेना ने 619 मछुआरों को गिरफ्तार किया है और 83 नौकाएं जब्त की। 83 नावों में से 67 अभी भी श्रीलंकाई नौसेना के कब्जे में हैं। मुख्यमंत्री ने पहले नावों की मरम्मत कार्यों के लिए 6 करोड़ रुपए के मुआवजे पैकेज की घोषणा की थी। इस बीच, राज्य की सत्तारूढ़ द्रमुक सरकार भी कच्चातीवू द्वीप को वापस हासिल करने पर जोर दे रही है, जो वर्तमान में श्रीलंकाई प्रशासन के अधीन है। पिछले महीने श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे की नई दिल्ली यात्रा से पहले, स्टालिन ने कच्चाथीवू मुद्दे और मछुआरों की गिरफ्तारी के संबंध में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखा था। इस बीच, स्टालिन के नेतृत्व वाली सरकार बुनियादी ढांचे के विकास और मछली पकड़ने के बुनियादी ढांचे के उन्नयन को भी बड़ा बढ़ावा दे रही है। नागपट्टिनम जिले के अरुकोटुथुराई और वेल्लापलम में मछली पकड़ने के बंदरगाह का निर्माण किया जा रहा है।

## किसानों की कर्जमाफी के फैसले पर मुख्यमंत्री को विधायकों ने दी बधाई

**हैदराबाद,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। विधानसभा के गुरुवार से शुरू हुए सत्र के दौरान विधायकों ने मुख्यमंत्री श्री के चंद्रशेखर राव से उनके कक्ष में मुलाकात की और तेलंगाना के किसानों के कल्याण के लिए फैसले लेने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने हाल ही में कैबिनेट द्वारा लिए गए कई फैसलों के साथ-साथ कल लिए गए किसान कर्जमाफी के फैसले पर भी मुख्यमंत्री को बधाई दी। मुख्यमंत्री केसीआर ने बुधवार को 19 हजार करोड के किसानों के कर्जमाफी का आदेश दिया था। इस विषय पर वृहस्पतिवार को विधानसभा स्थित सीएम चैंबर में राज्य के सभी संयुक्त जिलों के मंत्रियों, विधायकों और जन प्रतिनिधियों ने मख्यमंत्री को फूल भेंट किए और जिलों के सदस्य के रूप में मुख्यमंत्री केसीआर के साथ तस्वीरें खिंचवाईं। उन्होंने किसानों की ओर से मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। विधानसभा की कार्यवाही शुरू होने से पहले कृषि मंत्री सिंगीरेड्डी निरंजन रेड्डी ने मुख्यमंत्री के आने का इंतजार किया और उन्हें फूलों का गुलदस्ता भेंट किया। कृषि मंत्री ने किसानों का कर्ज माफ करने के लिए कृषि विभाग और तेलंगाना के किसानों की ओर से मुख्यमंत्री केसीआर को धन्यवाद दिया।

■ मुख्यमंत्री केसीआर ने बुधवार को किसानों के 19 हजार करोड के कर्जमाफी का दिया आदेश

इस अवसर पर विधायकों ने मुख्यमंत्री को बताया कि



राज्य भर में सभी किसान परिवार जश्न मना रहे हैं। उन्होंने प्रशंसा करते हुए कहा कि राज्य सरकार एक बार फिर खेतिहर किसानों की पक्षधर बनकर खड़ी हो गई है, मुख्यमंत्री केसीआर एक बार फिर किसानों के हितैषी बनकर खड़े हो गए हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री केसीआर को मंत्री हरीश राव के अधीन मेडक जिले के विधायक, मंत्री गुंटकंदला जगदीश रेड्डी के अधीन नलगोंडा जिले के विधायक, मंत्री वेमुला प्रशांत रेड्डी के अधीन निज़ामाबाद जिले के विधायक, , मंत्री सत्यवती राठौड़, मंत्री कोप्पुला ईश्वर, गंगुला कमलाकर, केटीआर के तहत करीमनगर जिले के संयुक्त विधायक, श्रीनिवास गौड़, आदिलाबाद जिले के संयुक्त विधायक मंत्री इंद्रकरण रेड्डी, मंत्री सबिता इंद्रा रेड्डी के नेतृत्व में आदिलाबाद जिले के संयुक्त विधायकों, मंत्री महमूद अली, श्रीनिवास यादव के नेतृत्व में हैदराबाद के विधायकों और कई अन्य लोगों ने मुख्यमंत्री केसीआर के प्रति आभार व्यक्त किया।

## अमरनाथ यात्रा में लंगर वालों ने समेटना शुरू किया अपना बोरिया बिस्तर

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। अमरनाथ यात्रा में अब शामिल होने वालों की संख्या नगण्य होने का परिणाम है कि श्रद्धालुओं की सेवा में जुटे लंगरवाले परेशान हो गए हैं। उनकी परेशानी का कारण यात्रियों की अनुपस्थिति में उनका खराब हो रहा भोजन है। और उन्हें लंगर लगाने की अनुमति इन्हीं शर्तों पर मिली थी कि जब तक यात्रा जारी रहेगी, उन्हें लंगर खुला रखना होगा। हालांकि इस बार जिन 123 संस्थाओं को लंगर लगाने की अनुमति दी गई थी उनमें से आधे से अधिक यात्रा के ढलान पर आते ही अपना बोरिया बिस्तर बांध कर गुम हो चुकी हैं। बचे हुए में से 50 परसेंट भी जल्द से जल्द अपने लंगरों को बंद कर देना चाहते हैं। ऐसे में अगर अधिकतर लंगर बंद हो जाते हैं तो सबसे बड़ी परेशानी उन श्रद्धालुओं को पेश आने वाली है जो अभी भी यात्रा में शिरकत कर रहे हैं।

■ 123 में से आधे से ज्यादा बंद हुए, बाकी भी बंद करने की अनुमति चाहते हैं

हालांकि अब प्रतिदिन शिरकत करने वालों का आंकड़ा दो से तीन हजार के आंकड़े को पार नहीं कर पा रहा है। ऐसे में बचे खुचे लंगरवालों पर दबाव बनाया जा रहा है कि वे



अपनी व्यवस्थएं अगले आदेश तक बनाए रखें। ऐसे में बाबा बर्फानी लंगर संगठन के प्रधान राजन गुप्ता कहते थे कि हम पहले भी अमरनाथ यात्रा की अवधि को सीमित करने की मांग करते आए हैं क्योंकि पिछले कई सालों से यह देखा जा रहा है कि अमरनाथ यात्रा के प्रतीक हिमलिंग के पिघलते ही यात्रा ढलान पर आ जाती है औरफिर श्रद्धालुओं की तलाश करनी पड़ती है।

अमरनाथ यात्रियों की संख्या में कमी आने के कई अन्य कारणों में जम्मू-पठानकोट नेशनल हाईवे पर दो पुलों को बंद कर दिए जाने से बनी अव्यवस्था के अतिरिक्त हिमलिंग का पिघल जाना भी शामिल है। पिछले साल भी खराब मौसम के कारण कई दिन पहले ही यात्रा की समाप्ति की घोषणा कर दी गई थी और फिर रक्षाबंधन के दिन छड़ी मुबारक की स्थापना की औपचारिकता निभाई गई थी।

## दूसरे व्यक्ति को जीवन दान से बड़ी मानवता की सेवा नहीं हो सकती: डॉ. मांडविया

13वें भारतीय अंगदान दिवस पर स्वास्थ्य मंत्री ने बताया बढ़ रही है अंगदान की सलाना दर

■ डॉ कला अय्यर

**नई दिल्ली,** 3 जुलाई (देशबन्धु)। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने गुरुवार को नई दिल्ली में 13वें भारतीय अंगदान दिवस समारोह को संबोधित करते हुए बताया कि भारत में पिछले एक दशक में अंग दान की दर तीन गुना हो गई है।

मंडाविया ने कहा, '2013 में 5,000 की तुलना में अब देश में सालाना 15,000 से अधिक अंग दान किए जाते हैं, किसी अन्य व्यक्ति को जीवन देने से बड़ी मानवता की सेवा नहीं हो सकती है। 13वां अंगदान दिवस समारोह मृत दाता परिवारों को उनके प्रियजनों के अंग दान करने के साहसिक निर्णय के लिए सम्मानित करने, मृत अंग दान पर जागरूकता फैलाने और अंग दान और प्रत्यारोपण



के क्षेत्र में काम करने वाले चिकित्सा पेशेवरों के योगदान को मान्यता देने के लिए उन्हें पुरस्कार देकर आयोजित किया गया था।

समारोह को संबोधित करते हुए डॉ मंडाविया ने कहा कि उन सभी लोगों के योगदान को पहचानना और उनकी सराहना करना महत्वपूर्ण है जो इस प्रयास का हिस्सा रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि केंद्र सरकार ने देश में अंगदान बढ़ाने की दिशा में कई कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि अंग दाताओं के लिए छुट्टी की अवधि 30 दिन से बढ़ाकर 60 दिन कर दी गई है, 65 वर्ष की आयु सीमा हटा दी गई है और अंग दान की प्रक्रिया को और अधिक सुव्यवस्थित किया गया है। उन्होंने आगे कहा कि सरकार देश में अंग दान को लोकप्रिय बनाने के लिए और अधिक नीतियां और सुधार लाने के लिए प्रतिबद्ध है।

इस वर्ष आज़ादी का अमृत महोत्सव के हिस्से के रूप में, अंग दान के लिए जागरूकता अभियान 'अंगदान महोत्सव' शुरू किया गया है।

केंद्र सरकार के मंत्रालयों, राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों, अस्पतालों, संस्थानों और मेडिकल कॉलेजों, गैर सरकारी संगठनों की भागीदारी के साथ अंगदान महोत्सव पूरे देश में शहर से लेकर गांव स्तर तक जुलाई 2023 को अंग दान माह के रूप में मनाया गया।

निर्णय — *नागर विमानन और गृहमंत्रालय ने संभावित हादसों को रोकने के लिए एक साथ उठाया बीड़ा*


## त्योहारी सीजन से पहले हवाई अड्डों पर भीड़ भाड़ कम करने की कवायद तेज

**जोगेन्द्र सोलंकी**

**नई दिल्ली, 3 जुलाई (देशबन्धु)। केंद्रीय नागर विमानन ज्योदिरादित्य सिंधिया ने इस साल आगामी त्योहारों के सीजन के दौरान हवाई अड्डों पर भीड़-भाड़ की स्थिति से बचाव के लिए हवाई अड्डों पर मानवीय शक्ति से लेकर मशीनी संसाधन बढाने के लिए कहा है।**

त्योहारी सीजन की भीड़ को नियंत्रित करने के उपायों में गृह मंत्रालय के अधीन ब्यूरो ऑफ इमिग्रेशन से इमिग्रेशन काउंटरों पर शत-प्रतिशत कर्मिकों की तैनाती सुनिश्चित करने के लिए भी कहा गया है। साथ ही सीआईएसएफ कार्यबल की तैनाती बढ़ाने पर अमल भी शुरू हो गया है। नए उपायों में हवाई अड्डों पर पीक आवर्स के दौरान उड़ानों की संख्या को कम करने के भी निर्देश दिए गए है।

आगामी त्योहारी सीजन में सभी हवाई अड्डों पर भीड़ कम



करने के उपायों के तहत सीआईएसएफ द्वारा दो चरणों, अक्टूबर 2023 और नवंबर 2023 के लिए अतिरिक्त कार्यबल को तैनात किया जाएगा। ब्यूरो ऑफ इमिग्रेशन (बीओआई) भी अक्टूबर 2023 से अपने कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने का कार्य शुरू करेगा। हवाई अड्डों पर सुरक्षा संबंधी संसाधनों को बेहतर करने के लिए, अतिरिक्त एक्स-रे मशीनों, चेक-इन-काउंटरों और हवाई अड्डों पर सेल्फ-बैगेज ड्राप की सुविधा को भी जोड़ा जाएगा। यात्रियों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों का प्रयोग करके, वास्तविक समय पर अपडेट प्रदान के माध्यम से हवाई अड्डे पर उनके आवागमन को सुगम बनाया जाएगा। सुरक्षा जांच क्षेत्रों के विस्तार के बारे में भी जानकारी दी जाएगी। बता दें कि पिछले साल 2022 के त्योहारों व सर्दियों के सीजन के दौरान प्रमुख हवाई अड्डों पर भीड़ की समस्या देखने को मिली, जो कि विभिन्न स्तरों पर यात्रियों की प्रसोसेसिंग के दौरान लंबे समय तक प्रतीक्षा करने की वजह से उत्पन्न हुई थी। ऐसी स्थिति इस बार उत्पन्न न हो इसीलिए नागर विमानन मंत्री ज्योदिरादित्य सिंधिया ने दिल्ली हवाईअड्डे समेत मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद, कोलकाता और चेन्नई हवाई अड्डे के संचालकों को बाधाओं भीड़ भाड़ के कारणों की पहचान करने के लिए कहा था। बाद में भीड़-भाड़ के जो कारण पता चले उसी कमी को पूरा कर इस बार भीड़ भाड़ को नियंत्रण में रखने के अभी से उपाय किए जा रहे हैं। जिसके तहत जिन हवाई अड्डों पर मशीनी संसाधनो, एक्स-रे स्क्रीनिंग मशीनों की कमी थी उसे पूरा किया जा रहा है।

नागर विमानन मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि खासकर पीक आवर्स में फ्लाइटों के ट्रैफिक के बढ़ जाने के प्रबंधन में सुधार के साथ सीआईएसएफ के कार्यबल और इमिग्रेशन कार्यबल की कमी को दूर किया जा रहा है।

**उल्टा पुल्टा**

पड़ोसी - माता जी, आप बार-बार
घर के अंदर-बाहर क्यों आ जा रही है।
कोई समस्या है क्या?
बूढ़ी औरत - नहीं बेटा, मेरी बहू टीवी
देखकर योगा कर रही है।
उसमें बाबाजी कह रहे हैं कि सास को बाहर करो,
सास को अंदर करो।

# मुख्य सचिव के सीधे एलजी को फाइल भेजने से सरकार नाराज

## दिल्ली सरकार ने संवैधानिक व्यवस्था को नहीं मानने का आरोप लगाया



**नई दिल्ली,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। दिल्ली सरकार ने मुख्य सचिव पर संवैधानिक व्यवस्था को नहीं मानने का आरोप लगाया है। सरकार का कहना है कि मुख्य सचिव नरेश कुमार मुख्यमंत्री को फाइल भेजने के बजाए सीधे उपराज्यपाल कार्यालय को भेज रहे हैं। ताजा मामला दिल्ली की महापौर की एक विदेश यात्रा को लेकर है, जिसकी फाइल सीधे एलजी को भेज दी गई। दिल्ली सरकार ने इस पर नाराजगी जताई है।

दरअसल, ऑस्ट्रेलिया के ब्रिस्बेन में 11 से 13 अक्तूबर के बीच एशिया पेसिफिक सिटीज समिट-2023 का आयोजन होना है। दिल्ली की महापौर डॉ. शैली ओबरॉय को इसमें शामिल होना है। इस संबंध में दिल्ली मेयर कार्यालय की तरफ से 15 जून को एमसीडी कमिश्नर को प्रस्ताव भेजा गया, जिसमें एक एमसीडी अधिकारी को भी साथ लेकर जाने की बात है। निगमायुक्त ने प्रक्रिया के तहत फाइल शहरी विकास सचिव को भेज दी। शहरी विकास सचिव ने यह फाइल मुख्य सचिव को भेजी। मुख्य सचिव ने यह फाइल मुख्यमंत्री को भेजने के बजाए सीधे एलजी को भेज दी।

### एलजी कार्यालय ने भी आपत्ति जताई

सरकार के सूत्रों की मानें तो फाइल सीधे भेजने पर उपराज्यपाल कार्यालय ने भी आपत्ति जताई और मुख्यमंत्री के माध्यम से फाइल भेजने का निर्देश देते हुए फाइल लौटा दी। सरकार का कहना है कि यह समिट एमसीडी के साथ-साथ दिल्ली के लिए फायदेमंद हो सकती है। एशिया पेसिफिक सिटीज समिट-2023 में एक हजार से अधिक लोग जुटेंगे। इसमें महापौर, नीति निर्माता, बिजनेस लीडर्स और स्टार्टअप से जुड़े लोग शामिल होंगे। इस समिट का विषय 'सेपिंग सिटिज फॉर आवर फ्यूचर है।

# भाजपा वाले केजरीवाल फोबिया के शिकार, इसी डर से दिल्ली अध्यादेश बिल लाए: राघव चड्ढा



**नई दिल्ली,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। दिल्ली से संबंधित लाए गए अध्यादेश बिल पर संसद में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के दिए बयान का जवाब देते हुए आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने कहा कि भाजपा वाले केजरीवाल फोबिया के शिकार हो गए हैं। केजरीवाल से डर के कारण ही यह बिल लेकर आए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की सियासी जमीन दिल्ली में नहीं बची है। इसलिए भाजपा की केंद्र सरकार दिल्ली की केजरीवाल सरकार से सारी शक्तियां छीनने की लगातार साज़िश रच रही है। दरअसल भाजपा दिल्ली सरकार का महत्व खत्म करना चाहती है, ताकि न रहेगा बांस और न बजेगी बांसुरी। मतलब न रहेगी दिल्ली सरकार के पास कोई शक्ति और न रहेगा दिल्ली में सियासत का कोई महत्व।

सांसद राघव चड्ढा ने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री के सदन के भीतर दिए बयान से दिल्ली सेवा बिल लाने की उनकी असली मंशा स्पष्ट हो गई है। केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि 2015 तक दिल्ली में सब कुछ ठीक चल रहा था, लेकिन 2015 के बाद हमें दिल्ली सरकार से सारी शक्तियां लेने की आवश्यकता पड़ गई। इसलिए हम यह दिल्ली सेवा बिल ला रहे हैं। मतलब उन्होंने यह माना कि उन्हें अरविंद केजरीवाल से डर लगता है।

सांसद राघव चड्ढा ने पुरानी कमेटी की रिपोर्टों, पंडित जवाहर लाल नेहरु, डॉक्टर बीआर अंबेडकर और सरदार वल्लभ भाई पटेल के स्टेटमेंट पर कहा कि उन्होंने 40 और 30 के दशक में यह राय रखी थी कि दिल्ली में सरकार नहीं होनी चाहिए। अमित शाह को पंडित नेहरू, सरदार वल्लभभाई पटेल और डॉक्टर अंबेडकर के बयान देखने के बजाय 1980-1990 और 2000 के दशक के बीच दिए अपनी पार्टी के नेताओं के बयान देखना चाहिए।

उन्होंने कहा कि लालकृष्ण आडवाणी दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाने के लिए दिल्ली स्टेटहुड बिल, 2003 लाए थे और कहा था कि दिल्ली को सारी शक्तियां मिलना चाहिए। दिल्ली में अपनी सरकार हो और इसे पूर्ण राज्य का दर्जा मिले, यह बात साहब सिंह वर्मा और मदन लाल खुराना भी कहा करते थे। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह अगर अपनी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के बयान पढ़ लें तो उन्हें पंडित नेहरू के बयानों तक जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। सांसद राघव चड्ढा ने बताया कि अडवाणी जी ने भी कहा था कि भारतीय जनता पार्टी का सपना है कि दिल्ली की अपनी सरकार हो और दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा मिले। इसके लिए भाजपा ने 1977 से लेकर 2015 तक संघर्ष भी किया। लेकिन 2015 में भाजपा ने यह संघर्ष 40 साल के बाद खत्म कर दिया क्योंकि दिल्ली में भाजपा के बजाय अरविंद केजरीवाल की सरकार आ गई।

# दिल्ली के प्रगति मैदान में शुरू हुआ गारटेक्स टेक्सप्रोसेस इंडिया 2023 मेला



**नई दिल्ली,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय कपड़ा और परिधान उद्योग को आगे बढ़ाने के लिये भारत सरकार विभिन्न परियोजनाओं एवं प्रोत्साहनों के माध्यम से निरंतर पहल कर रही है। इसी परिपेक्ष्य में राष्ट्रीय एवं वैश्विक स्तर पर ब्रांड का सहयोग करने के लिये 3 अगस्त 2023 को दिल्ली के प्रगति मैदान में गारटेक्स टेक्सप्रोसेस इंडिया 2023 की शुरूआत हुई। गारटेक्स टेक्सप्रोसेस इंडिया 2023 के इस 9वें संस्करण का उद्घाटन रेलवे एवं कपड़ा राज्यमंत्री दर्शना जरदोष के द्वारा किया गया जो 5 अगस्त तक आयोजित होगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि दर्शना जरदोष के साथ कपड़ा क्षेत्र से जुड़े विशिष्ट व्यक्तिव और विभिन्न स्थापित ब्रांड के उद्यमियों ने शिरकत की।

कार्यक्रम के उद्घाटन के मौके पर दर्शना जरदोष ने कहा कि भारतीय कपड़ा क्षेत्र काफी पुराना और विशाल है जिसकी गिनती भारतीय अर्थव्यवस्था में देश के औद्योगिक उत्पादन के पांचवे हिस्से के रूप में होती है। सरकार की प्राथमिकताओं में कपड़ा क्षेत्र का विकास मुख्य रूप से शामिल है और हमारा उद्येश्य इस क्षेत्र में विदेशी निवेश को आकर्षित करने के साथ उद्योग के लिये बुनियादी ढ़ांचा तैयार करना और सुविधाएं प्रदान करना है। उन्होने कहा कि इस प्रदर्शनी में 185 से अधिक प्रदर्शक शामिल हो रहे हैं और मैं गारटेक्स टेक्सप्रोसेस इंडिया 2023 में नवीन उत्पादों और प्रौद्योगिकियों के बारे में जानने के लिये उत्साहित हूं।

**सार संक्षेप**

## निगम ने जी-20 की तैयारियों के मद्देनजर सड़कों को किया गया चिन्हित

**नई दिल्ली।** दिल्ली निगर निगम द्वारा जी-20 सम्मेलन के मद्देनजर अपने स्तर पर तैयारियां के तहत दिल्ली को संवारने की कवायद तेज़ कर दी है। इस कड़ी में दिल्ली नगर निगम द्वारा कड़कड्डूमा स्थित लीला एम्बियंस कंवेशन से जुड़ने वाली 4 प्रमुख सड़कों भारतेंदू हरिशचंद्र मार्ग, सोमनाथ मार्ग, महाराजा सूरजमल मार्ग, विकास मार्ग को चिन्हित किया है। इन मार्गो पर निगम द्वारा उचित सफाई व्यवस्था, सौन्दर्यीकरण, अतिक्रमण मुक्त तथा हरा-भरा बनाने का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य के लिए शाहदरा दक्षिणी क्षेत्र द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में चार टीमों का गठन किया गया है जिससे समय सीमा के तहत यह कार्य संपन्न करवाया जा सके। उपरोक्त चिन्हित सड़कों पर प्रतिदिन सफाई की जा रही है इसके साथ ही डंप कूड़ा, मलबा हटवाया जा रहा है। इसके अलावा अवैध रूप से लगे बैनर और पोस्टर हटवाये जा रहे हैं। गौरतलब है लीला एम्बियंस कंवेशन में देश- विदेश से आये मेहमान रूकेंगें जिसके कारण आस-पास के क्षेत्र में सौन्दर्यीकरण के कार्य करवाये जा रहे हैं। लीला होटल से दिखने वाले सीबीडी ग्राउंड से पुराने, क्षतिग्रस्त वाहनों को हटा दिया गया है साथ ही लीला होटल के पास स्थित जी-2 कैफे को पेंट करने के लिए निर्देश दे दिये गये हैं।

## भगवान झूलेलाल के चालीहा कार्यक्रम का हुआ सम्पन्न

**नई दिल्ली।** सिंधी समाज दिल्ली द्वारा भगवान झूलेलाल के चालीहा कार्यक्रम का बुधवार को 18वां दिन भगवान झूलेलाल के भक्तों की उपस्तिथि में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सिंधी समाज दिल्ली के महासचिव नरेश बेलानी ने बताया अब चालीहा कार्यक्रम जैसे जैसे आगे बढ़ता जा रहा है वैसे वैसे संगत बढ़ती जा रही है इसे देखकर अच्छा लगता है। इस अवसर पर सिंधी समाज से आए युवा जो इस चालीहा कार्यक्रम के युवाओं को प्रतिनिधित्व करती हैं वो कहती है इस कार्यक्रम के माध्यम से सिंधी युवाओं को अपने कल्चर और संस्कृति के बारे में पता चलता है। इसलिए यह कार्यक्रम युवाओं के लिए विशेष हो जाता है।

## बड़ालिया डायमंड्स ने अपने नए कलेक्शन इक्विनॉक्स को किया लॉन्च

**नई दिल्ली।** रोहित गांधी और राहुल खन्ना ने एफडीसीआई इंडिया कुटूर वीक में अपने सबसे नए कलेक्शन इक्विनॉक्स से परदा हटाया, जिसके शोस्टॉपर शोबिता धूलिपाला और ईशान खट्टर थे। कोलकाता में चार पीढ़ियों से एक ही परिवार द्वारा चलाए जा रहे कुदरती हीरों के जूलरी ब्रांड बड़ालिया डायमंड्स ने, आज पहली बार प्रतिष्ठित इंडिया कुटूर वीक में धूम मचाई वर्तमान में बड़ालिया डायमंड्स के कर्ताधर्ता शशि भाई और गोलू भाई हैं। यह ब्रांड लगभग 65 वर्षों से कुदरती हीरों के निर्माण और खुदरा बिक्री के कारोबार में लगा हुआ है। बड़ालिया डायमंड्स ने दुनिया की जानीमानी डिजाइनर जोड़ी रोहित गांधी प्लस राहुल खन्ना के साथ साझेदारी की है, जो पिछले 25 वर्षों से फैशन उद्योग में सक्रिय रहे हैं। बड़ालिया डायमंड्स के कर्ताधर्ता गोलू बड़ालिया ने बताया कि इस शाम ने मॉडर्न आर्ट, फैशन और जूलरी डिजाइन का सबसे अच्छा रूप एक साथ पेश किया। इस भव्य और बेहतरीन शो के आधिकारिक जूलरी पार्टनर की शक्ल में रोहित गांधी और राहुल खन्ना के साथ साझेदारी करके हमें बेहद खुशी हो रही है। बड़ालिया डायमंड्स की डायरेक्टर इश्मिता बड़ालिया ने कहा कि हमारे सेलेस्टियल कलेक्शन के स्टारलाइट नेकलेस में हीरों को बड़े ही पेचीदा ढंग से जड़ा गया है, जिनमें चाँदनी रात के सितारों का नृत्य झलकता है।

# डीएमआरसी ने अपने नेटवर्क पर यूपीआई द्वारा भुगतान की सुविधा शुरू की



**नई दिल्ली,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। डिजिटल और निर्बाध यात्रा-साधनों को लागू करके यात्री सुविधाएं बढ़ाने के अपने प्रयासों को जारी रखते हुए, दिल्ली मेट्रो ने आज अपने नेटवर्क पर टीवीएम और ग्राहक सेवा काउंटरों पर यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस यूपीआई द्वारा भुगतान के विकल्प की शुरुआत की। डॉ. विकास कुमार, प्रबंध निदेशक, डीएमआरसी ने गुरूवार को राजीव चौक मेट्रो स्टेशन से इस सुविधा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जीन-मार्क रेनॉड, प्रबंध निदेशक, मैसर्स रेवेन्यू कलेक्शन सिस्टम थेल्स, फ्रांस एसएएस और अभय शर्मा, चीफ बिजनेस ऑफिसर, मैसर्स पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड के अलावा डीएमआरसी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। दिल्ली-एनसीआर नेटवर्क के अपने सभी स्टेशनों पर मशीनों के अपग्रेडेशन से, यात्री अब स्मार्ट फोन के माध्यम से यूपीआई-समर्थित मोबाइल एप्लिकेशन का उपयोग करके स्मार्ट कार्ड रिचार्ज करने, मेट्रो क्यूआर टिकट खरीदने के लिए भुगतान कर सकते हैं, जैसा आजकल जीवन के हर क्षेत्र में किया जाता है, चाहे वह शॉपिंग मॉल हो, किराने की दुकान हो, सब्जी विक्रेता आदि। इस विकल्प से नकदी या डेबिट, क्रेडिट कार्ड ले जाने की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी और यात्रियों के वॉलेट का बोझ कम होगा।

# दक्षिणी दिल्ली में स्कूल स्टाफ ने साढ़े 3 साल की बच्ची का किया यौन उत्पीड़न

**नई दिल्ली,** 3 अगस्त (एजेंसियां)। दक्षिणी दिल्ली के एक स्कूल के शौचालय में सफाईकर्मी ने साढ़े तीन साल की बच्ची का यौन उत्पीड़न किया। एक पुलिस अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। घटना मंगलवार को हुई और आरोपी की पहचान अर्जुन कुमार (33) के रूप में हुई, उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया। विवरण साझा करते हुए एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि मंगलवार सुबह 11:46 बजे, चिराग दिल्ली फ्लाईओवर, पंचशील एन्क्लेव के पास एक स्कूल में बच्चों के साथ दुर्व्यवहार के संबंध में हौज खास पुलिस स्टेशन में एक पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) कॉल प्राप्त हुई थी। अधिकारी ने कहा, लड़की ने यौन शोषण की घटना के बारे में बताया, जिसमें एक नौकर अर्जुन शामिल था, जो स्कूल में पुरुष शौचालय की सफाई करता था। लड़की ने अपनी मां को बताया कि जब वह शौचालय जाती थी तो 'सफाईवाला अंकल' उस पर नजर रखते थे और उन्होंने उसका यौन उत्पीड़न किया।' अधिकारी ने कहा, भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 376 (दुष्कर्म) और 377 (अप्राकृतिक अपराध) और 6 पॉक्सो अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है और शिवम एन्क्लेव, ओल्ड गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश के निवासी अर्जुन को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# एनएमडीसी ने अपने नए लोगो का अनावरण किया




**नई दिल्ली,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक आयरन ओर प्रोड्युसर एनएमडीसी ने आज नई दिल्ली में अपने नए लोगो का अनावरण किया, जो ज़िम्मेदाराना खनन के लिए सीपीएसई के समर्पण की पुष्टि करता है। केंद्रीय नागरिक उड्डयन एवं स्टील मंत्री ज्योरादित्य सिंधिया ने इस नए लोगो का अनावरण किया। इस मौके पर स्टील सचिव नागेन्द्र नाथ सिन्हा एवं एनएमडीसी के सीएमडी स्वतन्त्र प्रभार अमिताव मुखर्जी भी मौजूद रहे।

इस अवसर पर ज्योरादित्य एम. सिंधिया ने कहा की आज एनडीसी के नए लोगो का अनावरण हुआ है, यह अवसर मुझे भारत की उल्लेखनीय यात्रा की याद दिलाता है, जब हमने आज़ादी के बाद बाहरी स्त्रोतों पर निर्भरता कम कर आत्मनिर्भर बनने के प्रयास शुरू किए। आज सही मायनों में भारत अपने खुद के विकास का ज़िम्मेदार हितधारक बन गया है। इस बदलावकारी यात्रा के दौरान एनएमडीसी ने देश के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और 40 मिलियन टन के सालाना आउटपुट के साथ भारत के लौह अयस्क उत्पादन में तकरीबन 16 फीसदी योगदान दिया है।'

इस अवसर पर नागेन्द्र नाथ सिन्हा ने कहा की आज का दिन बेहद खास है क्योंकि एनएमडीसी ने अपने ओद्यौगिक संचालन के दायरे से आगे बढ़कर प्रकृति के साथ तालमेल बनाए रखते हुए एक बदलावकारी यात्रा की शुरूआत की है। अपने इस दृष्टिकोण के साथ एनएमडीसी राष्ट्रीय स्टील नीति 2030 के लक्ष्यों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। अमिताव मुखर्जी, सीएमडी, एनएमडीसी ने एनएमडीसी की नई पहचान पर उत्साह व्यक्त करते हुए कहा की हमारा यह नया लोगो एमएमडीसी के एनएमडीसी 2.0 दृष्टिकोण की अभिव्यक्ति करता है। अपनी धरोहर को बनाए रखते हुए हमने खनिजों के खनन चक्र में ब्लू कॉग को बरक़रार रखा है, जो पिछले दशकों में हमारे द्वारा अर्जित किए गए भरोसे का प्रतीक है।

# बेनेली कीवे ने दिल्ली में खोला शोरूम



**नई दिल्ली,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। बेनेली कीवे इंडिया ने दिल्ली में अपनी नई डीलरशिप का उद्घाटन किया। ग्राउण्ड फ्लोर, डब्ल्यूज़ैड-92 ए, रिंग रोड़, ब्लॉक बी, राजा गार्डन, दिल्ली पर स्थित यह नई डीलरशिप दिल्ली एवं आस-पास के क्षेत्रों के बेनेली, कीवे राइडरों को सेल्स, सर्विस और स्पेयर सपोर्ट प्रदान करने के लिए डिज़ाइन की गई है।

एआरके ऑटो के बैनर तले लॉन्च की गई इस 3एस सुविधा का प्रबन्धन नकुल कामरा, डीलर प्रिंसिपल, बेनेली, कीवे दिल्ली द्वारा किया जाएगा। इस नए आउटलेट के साथ बेनेली, कीवे इंडिया का सशक्त नेटवर्क 58 टचपॉइन्ट्स के आंकड़े तक पहुंच गया है। इस डीलरशिप में बेनेली की सुपरबाईकों की रेंज तथा हाल ही में लॉन्च की गई हंगेरियन मार्की कीवे को पेश किया जाएगा। शोरूम में मर्चेन्डाइज़ और एक्सेसरीज़ की आकर्षक रेंज भी डिस्प्ले पर रखी जाएंगी। उद्घाटन के अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए विकास झबख, मैनेजिंग डायरेक्टर, बेनेली, कीवे इंडिया ने कहा की देश भर में अपने उपभोक्ताओं के साथ जुड़ने के लिए हम तेज़ी से अपने डीलरशिप नेटवर्क का विस्तार कर रहे हैं। इस विस्तार से न सिर्फ वे बेनेली एवं कीवे जैसे जाने-माने ब्राण्ड्स की ओर से सर्वश्रेष्ठ सुपरबाइकों का अनुभव पा सकेंगे, बल्कि बेजोड़ कस्टमर सर्विस का लाभ भी उठा सकेंगे। एआरके ऑटो के साथ साझेदारी करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है।

उद्घाटन के अवसर पर बात करते हुए नकुल कामरा, डीलर प्रिंसिपल, बेनेली कीवे ने कहा की बेनेली, कीवे इंडिया के साथ साझेदारी करते हुए हमें बेहद खुशी हो रही है। हमें उम्मीद है कि अपने उपभोक्ता उन्मुख दृष्टिकोण के साथ हम उन्हें आसान सेल्स एवं सर्विस के साथ प्रीमियम अनुभव प्रदान कर सकेंगे।

# पीड़ितों से मिलने गुरुग्राम पहुंचा जमाअत का प्रतिनिधिमंडल

**नई दिल्ली,** 3 अगस्त (एजेंसियां)। व्यापक सांप्रदायिक हिंसा के बाद स्थिति का जायजा लेने के लिए राष्ट्रीय सचिव मौलाना शफी मदनी के नेतृत्व में जमाअत-ए-इस्लामी हिंद के एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को हरियाणा के गुरुग्राम का दौरा किया।

प्रतिनिधिमंडल में नदीम खान, इनामुर रहमान और लईक अहमद खान सहित जमाअत के अन्य सदस्य भी शामिल रहे। प्रतिनिधिमंडल ने सेक्टर 57 में मस्जिद पर हमले, इमाम साद की हत्या और गुरुग्राम एवं उसके आसपास के अन्य हमलों के बारे में जानकारी हासिल करने के साथ-साथ तत्पश्चात निष्पक्ष जांच की मांग करने के लिये गुरुग्राम की पुलिस आयुक्त से मुलाकात की।

- प्रतिनिधिमंडल ने गुरुग्राम एवं उसके आसपास हमलों के बारे में जानकारी हासिल करने के साथ-साथ निष्पक्ष जांच की मांग की

प्रतिनिधिमंडल को बताया गया कि सोशल मीडिया प्रचार के कारण हिंसा में वृद्धि हुई और पुलिस बल स्थिति को पर्याप्त रूप से संभालने में नाकाम रही। जमाअत के प्रतिनिधिमंडल ने स्थानीय लोगों से भी मुलाकात की। उन्होंने मौजूदा सांप्रदायिक तनाव और अशांति के कारण उत्पन्न भय पर रोशनी डाली।

जमाअत ने एक बयान में कहा, 'जमाअत महसूस करती है कि गुरुग्राम की ऐसी स्थिति कि वजह खुफ़िया तंत्र की विफलता और पुलिस विभाग के साथ समन्वय में कमी है। दंडमुक्ति के माहौल ने भी आग में घी डालने का काम किया क्योंकि हिंसा में शामिल असामाजिक तत्वों को यह आश्वासन मिला हुआ है कि राजनीतिक संरक्षण के कारण उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी।'

बयान में कहा गया, जमाअत ने शांति और विश्वास बहाली के लिये तत्काल प्रयास करने का आह्वान किया है। समुदायों के बीच बातचीत शुरू करने की दिशा में गंभीर प्रयास होने चाहिए क्योंकि तनावपूर्ण माहौल और सोशल मीडिया पर साझा किये जा रहे शातिर मीडिया प्रचार और हिंसा भड़कने के कारण सांप्रदायिक सद्भाव पर असर पड़ा है।' जमाअत ने इस घटना के कारण देश के प्रमुख व्यापारिक केंद्र गुरुग्राम से लोगों के जबरन पलायन पर चिंता जताई। जमाअत ने कहा, 'इससे हमारे शांत कारोबारी माहौल को अप्रत्याशित नुकसान पहुंच सकता है।

# दिल्ली हाई कोर्ट ने ईडब्ल्यूएस कोटे में एडमिशन से मना करने पर दो निजी स्कूलों से मांगा जवाब

**नई दिल्ली,** 3 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली उच्च न्यायालय ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) और वंचित समूह (डीजी) श्रेणी के तहत केजी (किंडरगार्टेन) कक्षा में एक छात्र को प्रवेश देने से इनकार करने पर दो निजी स्कूलों से जवाब मांगा है। शिक्षा निदेशालय (डीओई) द्वारा तीन अलग-अलग मौकों पर छात्र को सीट आवंटित करने के बावजूद द्वारका स्थित आर.डी. राजपाल पब्लिक स्कूल और पैरामाउंट इंटरनेशनल स्कूल ने बच्चे को प्रवेश नहीं दिया। न्यायाधीश अनुप जयराम भंभानी ने नाराजगी जताते हुए दोनों स्कूलों के प्राचार्यों से जवाब मांगा है। न्यायाधीश ने कहा कि यदि स्कूल प्राचार्यों द्वारा दिए गए जवाब असंतोषजनक पाए गए, तो उन्हें व्यक्तिगत रूप से अदालत के समक्ष उपस्थित होने की आवश्यकता हो सकती है। अदालत ने कहा, 'यह ध्यान में रखते हुए कि याचिकाकर्ता के बच्चे को अंतिम आवंटन पैरामाउंट इंटरनेशनल स्कूल, द्वारका में किया गया था, उक्त स्कूल को शैक्षणिक सत्र 2023-2024 में कक्षा केजी/प्री-प्राइमरी में याचिकाकर्ता के बच्चे के लिए एक सीट आरक्षित करने का निर्देश दिया जाता है।'




इसमें आगे कहा गया कि यह आदेश तब तक प्रभावी रहेगा जब तक चल रही कार्यवाही समाप्त नहीं हो जाती या कोई अलग फैसला जारी नहीं हो जाता।

## *दिल्ली उच्च न्यायालय ने वैवाहिक विवादों का समय पर समाधान करने का दिया निर्देश*

***नई दिल्ली।*** *दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि पारिवारिक अदालतों को वैवाहिक विवाद में पक्षों को उनके बीच संभावित समझौते के लिए अदालत के परामर्शदाता के पास जाने का निर्देश देते समय लंबी तारीख देने से बचना चाहिए। न्यायमूर्ति नवीन चावला की पीठ ने 18 अक्टूबर को सुनवाई के लिए निर्धारित एक मामले की तारीख 8 अगस्त करते हुए कहा कि लंबे समय तक स्थगन अनावश्यक है, खासकर लंबित वैवाहिक मामलों की संख्या को देखते हुए। न्यायाधीश ने कहा, 'भले ही विभिन्न प्रकृति के लगभग 4,000 वैवाहिक मामले विद्वान पारिवारिक न्यायालय के समक्ष लंबित हैं, फिर भी इतने लंबे स्थगन की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि अदालत को कोर्ट काउंसलर के समक्ष याचिका/काउंसलिंग की कार्यवाही पर नियमित आधार पर नजर रखनी होगी। यदि कोर्ट मामले को इतनी लंबी तारीख के लिए स्थगित कर देता है तो ऐसी निगरानी नहीं हो सकती है।' यह मामला एक पति का है जो उचित समय सीमा के भीतर अपनी तलाक की याचिका का निपटारा चाहता है।*

आज़ादी का अमृत महोत्सव | **उत्तर रेलवे** | G20

**निविदा आमंत्रण सूचना**

| | |
|---|---|
| **कार्य का नाम और इसकी स्थिति :** 30-Elect-18-T-2023-24-E3<br>बड़ौदा हाउस में एलटी पैनल, केबलिंग आदि के प्रावधान के साथ विद्युत आपूर्ति वितरण प्रणाली को मजबूत करने के संबंध में विद्युत कार्य। | |
| **निविदा की अनुमानित लागत :** रु. 113.42 लाख | |
| **कार्यालय का पता :** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली | |
| **बयाना राशि :** रु. 2,06,700.00 | |
| **निविदा निवेदन की दिनांक व समय :** 25.08.2023, 12.00 बजे | |
| **निविदा खोलने की दिनांक व समय :** 25.08.2023, 12.00 बजे | |
| **वेबसाइट व नोटिस बोर्ड :** www.ireps.gov.in /वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, नई दिल्ली | |

2401/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

1, सैक्टर के0पी0-4, ग्रेटर नौएडा सिटी
जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0
**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आर-01 भूखण्ड योजना के अन्तर्गत आवंटन संख्या-आर-0138330 क्षेत्रफल-200 वर्गमीटर सैक्टर-पी0एच0आई-01 भूखण्ड संख्या-डी-303 की आवंटी श्री राजेन्द्र कुमार जैन की मृत्यु दिनांक 31.05.2021 को हो गयी हैं। उक्त भूखण्ड को मृतक आवंटी श्री पत्नी श्रीमती अंजना जैन पत्नी स्व0 श्री राजेन्द्र कुमार जैन ने वारिसान के आधार पर भूखण्ड को अपने पक्ष में म्यूटेशन/नामान्तरण करने हेतु प्राधिकरण में आवेदन किया है। इस म्यूटेशन/नामान्तरण के सम्बन्ध यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो से श्री राजेन्द्र कुमार जैन के स्थान पर उनकी पत्नी श्रीमती अंजना जैन पत्नी स्व0 श्री राजेन्द्र कुमार जैन का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

महाप्रबन्धक सम्पत्ति
ग्रेटर नोएडा औ0 वि0 प्राधिकरण

# कैपिटल ज़ोन

उवाच "ऑनलाइन ट्रेडिंग से देश के 7 करोड़ व्यापारियों का व्यापार बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। 100-200 रुपए का सामान भी ऑनलाइन ट्रेडिंग से खरीदा जा रहा है। हकीकत में ऑनलाइन व्यापार ने देसी व्यापार को चौपट कर दिया है। अगर हम नहीं चेते तो हालत और खराब होती चली जाएगी।

**नरेश कुच्छल, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल, नोएडा इकाई अध्यक्ष**

### बदला-बदला से दिखेगा प्राधिकरण

## कर्मचारियों को लगानी होगी बायोमेट्रिक उपस्थिति

**नोएडा,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। नोएडा प्राधिकरण का मिजाज अब बदला बदला सा नजर आएगा। प्राधिकरण के नए सीईओ लोकेश एम ने निर्देश दिए कि अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, ओएसडी, महाप्रबंधक स्तर पर जितने भी कार्य इनके स्तर पर स्वीकृत किए है। ऐसे सभी कार्यों की सूची तैयार की जाएगी। प्रत्येक सोमवार को इसकी समीक्षा खुद सीईओ करेंगे। सुबह साढ़े नौ बजे हर हाल में ऑफिस में आना होगा। सभी को पहले आधे घंटे में उस दिन आई आईजीआरएस को निस्तारण करना होगा। इसकी एक रिपोर्ट तैयार कर उसी दिन सीईओ को देनी होगी। इसके बाद सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक जनता दर्शन करने होंगे। इसके बाद नोएडा वासी अपनी समस्या लेकर संबंधित अधिकारी से मिल सकता है। खुद सीईओ प्रत्येक दिन सुबह 10 से 12 बजे तक जनता दर्शन करेंगे। समस्या का समाधान ऑप द स्पॉट किया जाएगा।



- **10 से 12 बजे तक रोजाना सुननी होगी पब्लिक की समस्या**
- **ऑप द स्पॉट किया जाएगा समस्या का समाधान**

**सभी डीजीएम व ओएसडी ऑफिस में रहेंगे मौजूद**

जनता दर्शन के दौरान सभी ओएसडी और डीजीएम नोएडा प्राधिकरण के सेक्टर-6 स्थित प्रशासनिक खंड के कार्यालय में मौजूद रहेंगे।

आम पब्लिक की समस्या किस स्तर पर हल होगी इसके लिए सभी डीजीएम और ओएसडी प्राधिकरण के ऑफिस में मौजूद रहेंगे। तत्काल बुलाने पर उन्हें संबंधित फाइल के साथ आना होगा।

**सुबह साढ़े नौ बजे बायोमैट्रिक से लगेगी उपस्थिति**

सीईओ ने साफ निर्देश दिए कि सुबह साढ़े नौ बजे तक प्राधिकरण के हर कर्मचारी को कार्यालय आ जाना होगा। इसके लिए अब मुख्य प्रशासनिक कार्यालय और रिजनल सभी आफिसों में बायोमेट्रिक उपस्थिति लगेगी। लेट होने का कारण भी बनाता होगा। इससे पहले गुरुवार को लोकेश एम ने प्राधिकरण के सभी विभागों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया।

**फाइलों को किया जाएगा डिजिटल ठीक से होगा रखरखाव**

सीईओ लोकेश एम ने बताया कि जितनी भी फाइल है उनके डाटा का डिटिजलाइजेशन किया जाएगा। उनका रखरखाव ठीक से किया जाएगा। ताकि समय पड़ने पर आसानी से फाइल मिल सके। इससे पहले लोगों को अपनी फाइल के लिए प्राधिकरण के अंदर चक्कर लगाने पड़ रहे थे।

## चार मेजर डार्क स्पॉट के लिए किया गया सर्वे

**नोएडा,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। नोएडा में ट्रैफिक समस्या और रोड एक्सिडेंट का निस्तारण करने के लिए चार मेजर डार्क स्पॉट को चिन्हित किया गया। इसमें हाजीपुर अंडरपास, सेक्टर-53 रेड लाइट सीएपजी पंप के पास, सेक्टर-48 रेड लाइट और नोएडा ग्रेटरनोएडा एक्सप्रेस वे पर सेक्टर-168। प्राधिकरण ने एक कंपनी के जरिए इन चारों डार्क स्पॉट का सर्वे कराया। जिसमें कई खमियां निकली। इन खामियों को दूर किया जाएगा।

- **कंपनी ने एनटीसी को सौंपी रिपोर्ट, इसके आधार पर किया जाएगा निर्माण**

हाजीपुर अंडरपास ये सेक्टर-98 की पुलिस चौकी के नजदीक है। ये काफी कम चौड़ा और सकरा है। यही वजह है कि पीक आवर के समय, बारिश के दौरान यहां जाम लगता है। ये मुख्य रूप से नोएडा की ओर से सरदार बल्लभ भाई पेटेल की मार्ग से आने वाले ट्रैफिक को इफेक्ट करता है। सर्वे करने वाली कंपनी में अपनी रिपोर्ट में कहा कि अंडरपास की डाउन और अप दोनों लेन सकरी है। यहां वाहनों के अगल-बगल के बीच की दूरी काफी कम होती है। इसलिए यहां सड़क हादसे होते है। कंपनी ने प्राधिकरण को बताया कि यदि यहां चौड़ा पैडिस्ट्रेन दिया जाए। इसके अलावा सरदार बल्लभ भाई मार्ग से आने वाले यातायात को रोक दिया जाए तो काफी हद तक इस डार्क स्पॉट को ठीक किया जा सकता है। इस लोकेशन पर सर्जी बैरियर की आवश्यकता है।

सेक्टर-48 रेड लाइट यहां भी सबसे ज्यादा एक्सिडेंट होते है। इसकी बड़ी वजह कैरिजवे के बाद यहां रुकने के लिए कोई मार्किंग नहीं है। इसे बनवाया जाए। इस रोड पर सोसायटी का सीधा पूरा ट्रैफिक यहीं आकर मर्ज होता है। यही कारण है जब सोसायटी से तेज रफ्तार कोई वाहन आता है यहां एक्सिडेंट होते है। इन वाहनों की स्पीड को कम करना होगा। यहां स्पीड लिमिट को फिक्स करना होगा। विजिबिलिटी के लिए सोसाइटी के गेट पर लगे प्लांटेशन को हटाना होगा। तत्काल प्रभाव से यहां बने अनअथााराइज पेडिस्ट्रेन क्रासिंग को हटाया जाए। सेक्टर-53 इसके बी ब्लाक की सड़क पर हादसे की वजह पेडिस्ट्रेन क्रॉसिंग का नहीं होना है। ऐसे में इसे बनाया जाए। यू टर्न के लिए अधिकतर लोग गलत दिशा का प्रयोग कर रहे है। यहां बने क्रेश बैरियार की ऊंचाई को कम से कम 60 सेमी और 5 मीटर चौड़ाई को बढ़ाया जाए। वहीं सेक्टर-168 के लिए यहां सड़क हादसे की वजह कंस्ट्रक्शन कार्य है। यहां ट्रैफिक के लिए अभी कोई प्लान तैयार नहीं किया गया है। ऐसे में यहां डायवर्जन प्लान तैयार किया जाए।

## नोएडा आपके द्वारा में अधिकारियों ने सुनी समस्या




**नोएडा,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। नोएडा आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत गुरुवार को सेक्टर-67 में बैठक आयोजित की गई। इस दौरान एनईए अध्यक्ष विपिन कुमार मल्हन ने उपस्थित अधिकारीगण को अवगत कराया कि सेक्टर-67 में सड़कों के दोनों ओर माल वाहक वाहन खड़े रहते है जिसके कारण आवागमन प्रभावित हो रहा है। कई स्थानों में स्ट्रीट लाइट नहीं जलती है। सड़कों के किनारे रेहड़ी, ठेली, पटरी बाजार आदि वालों द्वारा अतिक्रमण किया गया है।

एनईए अध्यक्ष विपिन कुमार मल्हन ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि सेक्टर-67 में पेयजल की गुणवत्ता बहुत अच्छी है। पानी भी नियमित समय पर आ रहा है तथा नालियों की निकासी भी अच्छी है। जिससे सेक्टर-67 के उद्यमी संतुष्ट है इसके लिए प्राधिकरण के अधिकारी ने बधाई के पात्र है। उपरोक्त समस्याओं के सुनने के पश्चात बाद महाप्रबंधक आरपी सिंह एवं उपस्थित अधिकारी ने ने अवगत कराया कि शीघ्र ही अतिक्रमण हटाने हेतु ड्राइव चलाई जाएगी। सेक्टर-67 में नई स्ट्रीट लगाई गई है जो 1-2 में चालू हो जाएगी। उद्यमियों की जो भी समस्या हो उससे हमें अवगत करा दें ताकि समय समय समस्या का निस्तारण किया जा सके।

### सार संक्षेप

#### तीन बदमाशों ने आभूषण कारीगर से 45 लाख के आभूषण उड़ाए

**गाजियाबाद।** ठकठक गिरोह के तीन बदमाशों ने गुरुवार को गाजियाबाद शहर के बीचो बीच एक आभूषण कारीगर से 45 लाखों रुपए के जेवरात लेकर फरार हो गए। वारदात की सूचना पुलिस को दी गई है। पुलिस ने लुटेरों की तलाश शुरू कर दी है। मेरठ निवासी आभूषण कारीगर जहांगीर बंगाली गुरुवार को यहां चौपला पर होली गली के पास राजीव ज्वेलर्स के यहां तैयार आभूषण दिखाने के लिए आया था। आभूषण दिखाने के बाद वह कार से वापस मेरठ लौट रहा था। जब वह जीटी रोड पर अपूलान्त माल के पास पहुंचा और वहां जैसे कुछ देर के लिए रुका तभी 3 लोगों ने कार के शीशे पर ठकठक किया और उससे कहा कि आपकी कार में तेल टपक रहा है। जैसे ही जहांगीर कार से नीचे उतर कर कार का इंजन देखने लगा वैसे ही तीनों बदमाश जेवरात से भरा बैग लेकर फरार हो गए। जहांगीर ने पहले इसकी सूचना वह व्यापारी नेता राजकिशोर को दी राजकिशोर ने पुलिस को इसकी सूचना दी सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर दी है एसीपी का कहना है कि आरोपी की तलाश करने के लिए पुलिस टीमों का गठन किया है।

#### राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अन्तर्गत स्वरोजगार कार्यक्रम का आयोजन



**बुलंदशहर।** शिकारपुर नगर पालिका परिषद कार्यालय में नगर पालिका ईओ नीतू सिंह, की अध्यक्षता में राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अन्तर्गत स्वरोजगार कार्यक्रम में व्यक्तिगत उद्यम हेतु ऋण प्राप्त करने के सम्बन्ध में टास्क फोर्स बैठक का आयोजन किया गया जिसमें कुल 21 प्राप्त आवेदन पत्रों में से 16 आवेदन पत्रों को ऋण हेतु स्वीकृति प्रदान की गई नगर पालिका ईओ नीतू सिंह, द्वारा बताया गया कि योजना अन्तर्गत लाभार्थी को नया उद्यम स्थापित करने एवं पुराने उद्यम को बढ़ाने हेतु सब्सिडी आधारित 200000 तक का ऋण बैंकों के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा उक्त योजना का लाभ लेने के लिए लाभार्थी के पास आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, दो पासपोर्ट साइज फोटो, उद्यम रजिस्ट्रेशन, कार्यस्थल का फोटो होना अनिवार्य है उक्त कार्यक्रम में शहर मिशन प्रबंधक डूडा, सामुदायिक आयोजक एवं प्रतिनिधि प्रबंधक जिला अग्रणी बैंक तथा भारतीय स्टेट बैंक, यूनियन बैंक के शाखा प्रबंधकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

#### छात्रों को सपनों को कभी नहीं छोड़ना चाहिए : मनीष

**नोएडा।** देश के उभरते डिजाइन संस्थानों में से एक, सत्यम फैशन इंस्टीट्यूट ने प्रसिद्ध सेलिब्रिटी फैशन डिजाइनर, मनीष त्रिपाठी के साथ एक विशेष का आयोजन किया। SFI में फ्रेशर बैच का नया शैक्षणिक सत्र शुरू हो गया है, और इस क्षेत्र से परिचित होने का सेलेब डिजाइनर से बेहतर तरीका और क्या हो सकता है। डिज़ाइन मनीष त्रिपाठी ने छात्रों के साथ अपनी प्रेरणादायक और विनम्र यात्रा साझा की। उन्होंने छात्रों को सपनों को कभी न छोड़ने और एक ऐसा इको सिस्टम बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जो समृद्ध भारतीय वस्त्र और विरासत को बढ़ावा दे सके। सिर्फ छात्र ही नहीं, बल्कि उनके माता-पिता भी इस अद्भुत सत्र का आनंद लेते देखे गए।

## सांसद प्रतिनिधि ने बिजली निगम के अवर अभियंता के खिलाफ दिया धरना



**गाजियाबाद,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। सांसद प्रतिनिधि गुलशन भम्भरी ने आज बिजली निगम के अवर अभियंता के खिलाफ मुख्य अभियंता कार्यालय पर धरना दिया। उन्होंने एक ज्ञापन भी दिया। जिसमें अवर अभियन्ता पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया और करवाई की मांग की।

उनके साथ अरविंद भारतीय, ज्ञानेंद्र सिंघल जिला अध्यक्ष पश्चिम उप्र संयुक्त व्यापार मंडल गाजियाबाद, संजय त्यागी जिला महामंत्री व्यापार मंडल, ताज चौधरी क्षेत्रीय उपाध्यक्ष पश्चिम उप्र संयुक्त व्यापार, सुनील त्यागी जिला उपाध्यक्ष व्यापार मंडल, बुध प्रकाश गोयल अध्यक्ष वैश्य सभा मुरादनगर, अशोक खटीक, प्रशांत गुप्ता, भी गुलशन के साथ धरने पर बैठे। मुख्य अभियंता नीरज स्वरूप के इस आश्वासन के बाद धरना समाप्त किया गया।

## पॉश सोसाइटी में लिफ्ट फंसी

- **बुजुर्ग महिला की मौत**

**नोएडा,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। नोएडा की सेक्टर-137 स्थित पारस टियारा सोसाइटी में बड़ा हादसा हो गया। यहां तार टूटने से लिफ्ट सीधे 24 फ्लोर से दो से तीन फ्लोर नीचे आकर रुकी। जिससे लिफ्ट में मौजूद महिला को पैनिक अटैक आया और वह बेहोश हो गई। जानकारी मिलने के बाद लिफ्ट को खोला गया। महिला को नजदीक के फैलिक्स अस्पताल में लाया गया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया गया। महिला की उर्म करीब 75 साल के आसपास बताई जा रही है। सोसायटीवाासियों ने बताया कि महिला परिवार के साथ करीब एक साल से सोसाइटी में रह रही थी। वह रोजाना की तरह ही नीचे गार्डन में टहलने के लिए लिफ्ट से नीचे कॉमन एरिया में आ रही थी। थाना सेक्टर-142 पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**सोसाइटी में आक्रोश**

घटना करीब सात बजे की है। जानकारी मिलते ही सोसायटी के लोगों में आक्रोश है। लोगों ने बताया कि इस सोसाइटी के टावर-24 की लिफ्ट इससे पहले भी कई बार खराब हो चुकी है। कई बार मैनेटेनेंस ऑफिस में कंप्लेट की जा चुकी है। घटना के बाद से सोसाइट के निवासियों में आक्रोश है। यहां करीब 2000 से ज्यादा फ्लैट है। सोसाइटी के लोगों ने कॉमन एरिया में जमकर हंगामा किया। बिल्डर और मैनटेनेंस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। साथ ही मैनेटेनेंस ऑफिस को तुरंत रिजाइन देने के लिए कहा गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया गया। सोसाइटी वासी अर्जुन ने बताया कि यहां स्टूडियों टावर में 600 से ज्यादा फ्लैट है। एक लिफ्ट खराब है सिर्फ एक लिफ्ट काम कर रही है। ऐसे में काफी दिक्कत हो रही है।

## व्यापारियों का फरमान, सरकार की ई-व्यापार नीति का खुलकर करे विरोध

**नोएडा,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। उत्तरप्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल, नोएडा इकाई के अध्यक्ष नरेश कुच्छल ने देश के सभी व्यापारियों से आह्वान किया है कि वे सरकार के ई-व्यापार नीति का खुलकर विरोध करें, क्योंकि देश के खुदरा व्यापार को ई-व्यापार पूरी तरह से निगल रहा है। इसे अगर रोका नहीं गया तो देश की ज्यादातर दुकाने बंद हो जाएंगी। इससे जुड़े लोग भुखमरी के कगार पर आ जाएंगे।

- **ई-कारोबार ने छोटे-मझोले व्यापारियों को निगलने में कोई कसर नहीं छोड़ी**

नरेश कुच्छल ने एक वक्तव्य में बताया कि ऑनलाइन ट्रेडिंग से देश के 7 करोड़ व्यापारियों का व्यापार बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। 100-200 रुपए का सामान भी ऑनलाइन ट्रेडिंग से खरीदा जा रहा है। हकीकत में ऑनलाइन व्यापार ने देसी व्यापार को चौपट कर दिया है। अगर हम नहीं चेते तो हालत और खराब होती चली जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार खुदरा व्यापारियों की स्थिति पर गंभीरता से विचार करे। ऑनलाइन ट्रेडिंग पर कड़ाई से अंकुश लगाया जाए। साथ ही सरकार खुदरा व्यापारियों की स्थिति पर गंभीरता से विचार करे। ऑनलाइन ट्रेडिंग पर कड़ाई से अंकुश लगाया जाए। उन्होंने कहा कि सभी व्यापारी स्वीकार कर रहे हैं कि उनका व्यापार कम हो गया है, लेकिन वे चुपचाप सब बर्दास्त करते चले आ रहे हैं। इसलिए हर हाल में व्यापारियों को दूरगामी परिणाम को देखते हुए सरकार के ई-व्यापार नीति का खुलकर विरोध करें। उन्होंने बताया कि आज विदेशी ऑनलाइन कंपनियां हमारे देश के व्यापार पर कब्जा कर रही हैं। 100, 200, 500 रुपए की बचत के लालच में हम अपनी आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को दांव पर लगा रहे हैं। इसलिए देश के खुदरा व्यापार को बचाने के लिए ऑनलाइन ट्रेडिंग पर सरकार द्वारा रोक लगाई जाए।

## रॉकवेल ऑटोमेशन ने नोएडा में फैक्ट्रीटॉक ऑप्टिक्स लॉन्च किया

**नोएडा,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन व डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन के लिए जानी जाती दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी, रॉकवेल ऑटोमेशन, इंक. (एनवाईएसई आरओके) ने नोएडा में फैक्ट्रीटॉक ऑप्टिक्स के लॉन्च की घोषणा की। फ़ैक्टरीटॉक ऑप्टिक्स एक आधुनिक, क्लाउड- इनेबल्ड ह्यूमन -मशीन इंटरफेस (एचएमआई) प्लेटफॉर्म है जो उपयोगकर्ताओं को कहीं भी, कभी भी वेब ब्राउजर से सीधे एप्लिकेशन डिजाइन, टेस्ट और डेप्लॉय करने की अनुमति देता है। यह ग्राहकों को उनके विज़न के हिसाब से कोलैबोरेशन , स्केलेबिलिटी और इंटरऑपरेबिलिटी के नई ऊंचाइयों तक पहुंचने में मदद करता है।

फैक्ट्रीटॉक ऑप्टिक्स इंडस्ट्रीज को काम करने के अधिक सिम्पलीफाइड, उत्पादक तरीके के साथ उनकी ऑटोमेशन डिजाइन कैपेबिलिटीज में मदद करता है। यह उपयोगकर्ताओं को साइबर सुरक्षा के लिए इंडस्ट्रियल स्टैंडर्ड्स का उपयोग करते हुए कहीं से भी मशीनों, कंट्रोलर्स या एचएमआई तक पहुंचने की अनुमति देता है। रिमोट सिस्टम और

- **वेब ब्राउजर से सीधे एप्लिकेशन डिज़ाइन, टेस्ट में देगा अनुमति**

एप्लिकेशन के लिए यह रिमोट एक्सेस ऑन-डिमांड रिमोट सहायता, इंस्टॉलेशन, प्रोग्रामिंग, अपडेट, ट्रबलशूटिंग और मेंटेनेंस की सुविधा प्रदान करता है। फैक्ट्रीटॉक ऑप्टिक्स के लॉन्च पर बोलते हुए, रॉकवेल ऑटोमेशन इंडिया के बिजनेस हेड, सॉफ्टवेयर एंड कंट्रोल, अंकुर पंचोली ने कहा कि हम नोएडा में फैक्ट्रीटॉक ऑप्टिक्स को लॉन्च करके उत्साहित हैं। मुझे विश्वास है कि हमारे ग्राहकों को इस प्रोडक्ट की विज़ुअलाइज़ेशन विकल्पों से बहुत लाभ होगा, जो बनाने में तेज़ और मेन्टेन करने में आसान हैं। यह बेहतरीन उत्पादन व् कार्यकारी कुशलता से इंडस्ट्रीज को उनके स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग प्रयास में सक्षम बनाएगा। यह प्रोडक्ट डेवलोपमेन्ट व डिप्लॉयमेंट में लचीलापन प्रदान करता है। यह वर्शन कंट्रोल के साथ क्लाउड बेस्ड स्टोरेज व स्टैंडर्डज़ेशन को विभिन्न ग्राफिक ऑप्शंस के माध्यम से रिस्क को कम करने में सहायक होता है।

## सेफ सिटी प्रोजेक्ट में 450 लोकेशन पर 1600 कैमरे

**नोएडा,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। बेंगलुरु की तर्ज पर नोएडा ने सेफ सिटी पर काम शुरू कर दिया है। इसके तहत 450 स्थानों का सर्वे प्राधिकरण की टेक्निकल टीम की ओर किया गया। इन स्थानों पर 1600 कैमरे लगाए जाएंगे। जिसके लिए कंपनी का चयन एक सप्ताह में कर लिया जाएगा। ये कंपनी पोल ओर उस पर सीसीटीवी कैमरे लगाने का काम करेगी। इस योजना पर करीब 100 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।

नोएडा में आईएसटीएमएस भी है। यहां ये नोएडा में लगे 1046 कैमरे से निगरानी की जा रही है। ये कैमरे चालान और ट्रैफिक विभाग की देखरेख में है। इस पर 24 घंटे की निगरानी ट्रैफिक पुलिस करती है। जबकि सेफ सिटी प्रोजेक्ट के तहत लगाए जाने वाले कैमरे पूरी तरह से पुलिस के कमांड में रहेंगे। इसके लिए अलग से कंट्रोल रूम बनाया जाएगा। जहां से इन कैमरों से निगरानी की जाएगी।

जिन स्थानों की सूची पुलिस विभाग की ओर से दी गई है उसमे बाजार, सरकारी व निजी स्कूलों व ब्लैक स्पाट और भीड़ भाड़ वाले इलाके मेट्रो स्टेशन, बस स्टैंड, मॉल्स के बाहर स्थान शामिल है। सेफ सिटी परियोजना के तहत गौतमबुद्ध नगर को जो हिस्सों में बांटा गया है। पहला नोएडा और दूसरा ग्रेटरनोएडा। यानी सीसीटीवी कैमरों का पूरा इंफ्रास्ट्रक्चर दोनों प्राधिकरण (नोएडा प्राधिकरण और ग्रेटरनोएडा प्राधिकरण) बनाएंगे। और इसका संचालन पुलिस विभाग की ओर से किया जाएगा। ये कैमरे आईएसटीएमएस की बजाए सेफ सिटी के तहत लगाए जाएंगे। इनका वाहनों के चालान से कोई संबंध नहीं होगा। हालांकि सुरक्षा के तहत वाहनों की नंबर प्लेट व उसमें बैठे लोग भी साफ तौर पर कैमरों में नजर आएंगे। जिन जगह कैमरे लगाए जाएंगे उनमें अधिकतर हिस्सा शहरी क्षेत्र ही है।

- **फेस डिटेक्शन कैमरे से होगी बदमाशों की पहचान**
- **एक सप्ताह में शुरू हो सकता है काम**

**बदमाशों को पकड़ना होगा आसान (फेस डिटेक्शन कैमरे)**

योजना के तहत फेस डिटेक्शन कैमरे लगाए जाएंगे। बदमाशों का डाटा पुलिस के पास पहले से रहेगा। ऐसे में कोई भी बदमाश यदि इन कैमरों की जद में आता है तो उसकी लाइव लोकेशन और पूरा डाटा कंट्रोल रूम में दिखाई देगा। जिससे उसे आसानी से पकड़ा जा सकेगा। कंपनी इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने के बाद इसकी पूरी ट्रैनिंग पुलिस को देगी। प्राधिकरण ने बताया कि एक सप्ताह में कंपनी का चयन होने के बाद इसका काम शुरू कर दिया जाएगा।

**पुलिस कंट्रोल रूम से सीधे मॉनिटरिंग**

सेफ सिटी के कंट्रोल रूम सीधे पुलिस मुख्यालय में बने कंट्रोल रूम से जुड़े होंगे। जिससे कोई भी जानकारी या सूचना मिलने पर तत्काल नजदीकी पुलिस स्टेशन, चौकी और पीआरवी और डायल-112 को जानकारी दी जा सकेगी।

**कार्यक्रम** — संयुक्त चिकित्सालय, संजय नगर में जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

## बरसात का मौसम स्वास्थ्य के लिए संवेदनशील, सतर्कता जरूरी : डॉ. शंखधर

**गाजियाबाद, 3 अगस्त (देशबन्धु)। बरसात का मौसम स्वास्थ्य के लिए संवेदनशील होता है। इस मौसम में संक्रामक रोगों का खतरा बढ़ जाता है। इस बार ज्यादा बरसात होने से हुए जलभराव और बाढ़ जैसे हालातों ने इस खतरे को और बढ़ा दिया है, ऐसे में जरूरी है कि हम बचाव के प्रयास भी बढ़ा दें। गुरुवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. भवतोष शंखधर ने कहीं। सीएमओ संजय नगर स्थित संयुक्त जिला चिकित्सालय में राजकीय ऑप्टोमेट्रिस्ट एसोसिएशन के संयोजन में डिस्ट्रिक्ट ब्लाइंडनेस कंट्रोल कार्यक्रम।**

कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित जन जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ और सीएमओ डॉ. भवतोष शंखधर ने इस मौके पर आई फ्लू और संचारी रोगों पर बचाव की सलाह देते हुए कहा कि किसी भी रोग से बचाव के लिए साफ-सफाई पहला कदम होता है। आई फ्लू और संचारी रोगों से बचाव के लिए भी यह बात सौ फीसदी सही है। उन्होंने कहा वायुमंडल में नमी बढ़ने से इस मौसम में आंखों में संक्रमण आम बात है, लेकिन थोड़ी सी सावधानी इस रोग की गंभीरता को काफी हद तक कम कर सकती है। हाथों को साबुन-पानी से धोते रहें। यह आदत आपको संचारी रोगों से बचाने में भी मदद करेगी।

आंखों में यदि संक्रमण हो गया है तो रोगी का तौलिया अलग कर दें। आंखों को छूने से बचें और नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर चिकित्सक से परामर्श लें।चिकित्सकीय परामर्श के बिना कोई आई ड्रॉप प्रयोग न करें। आंखों में हल्के गुनगुने के पानी के झपके मारें। गर्म पानी में कॉटन भिगोकर उसकी भाप से भी आंखों की सिकाई करना लाभदायक रहता है। आंखों को रगड़ें बिल्कुल नहीं। संक्रमण के दौरान घर से बाहर निकलने से बचें और यदि निकलना पड़े तो धूल आदि से बचाव के लिए धूप वाले चश्मे का प्रयोग करें।

- **ओपीडी में आए रोगियों को आई फ्लू और संचारी रोगों के प्रति किया गया जागरूक**
- **आई फ्लू और संचारी रोगों से बचाव साफ-सफाई पहला कदम**

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. विनोद चंद्र पांडेय ने कहा कि किसी भी बीमारी के मामले में उपचार से बेहतर बचाव होता है। सभी सरकारी चिकित्सालयों में आई फ्लू और संचारी रोगों का उपचार उपलब्ध है लेकिन बचाव पर जोर दें ताकि आप बीमार ही न पड़े। इसके लिए खानपान का ध्यान रखें ताकि रोक प्रतिरोधक क्षमता मजबूत रहे और कोई संक्रमण न लगने पाए। कार्यक्रम के दौरान डॉ. मदन मोहन अग्रवाल और डॉ. सूर्यांशु ओझा ने ओपीडी में आए रोगियों और उनके तीमारदारों को संबोधित किया।

संयुक्त जिला चिकित्सालय में नेत्र विभाग की प्रभारी डॉ. शुचिता ने बताया कि आई फ्लू से बचाव के लिए हाथों की नियमित सफाई महत्वपूर्ण है। यह संक्रमण छूने से फैलता है। संक्रमित व्यक्ति का तौलिया इस्तेमाल करने से, उससे हाथ मिलाने से संक्रमण लग सकता है। दरअसल संक्रमित आंख को छूने से संक्रमण हाथ पर आ जाता है और जब वह व्यक्ति किसी से हाथ मिलाता है तो संक्रमण उसे दे देता है। देखने से यह संक्रमण नहीं फैलता।

## क्रॉसिंग रिपब्लिक में वृद्ध की डंडे से पिटाई करने वाली महिला गिरफ्तार

**गाजियाबाद,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। क्रॉसिंग रिपब्लिक में हाई प्रोफाइल सोसाइटी के पंचशील टावर में कुत्ते को खाना खिलाने के विवाद के बाद 79 वर्षीय वृद्ध व्यक्ति की डंडे से बुरी तरह से पिटाई करने वाली महिला को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने यह कार्रवाई वृद्ध की पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद की है।

एसीपी वेव सिटी सलोनी अग्रवाल ने गुरुवार को बताया कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा था जिसमें एक महिला वृद्ध व्यक्ति की डंडे से पिटाई करती हुई दिख रही है। इस वीडियो में कुछ लोग इस महिला के चंगुल से वृद्ध व्यक्ति को छुड़ाने का प्रयास भी कर रहे हैं लेकिन यह महिला बार-बार बुजुर्ग पर हमला कर रही है। मामला संज्ञान में आने पर वीडियो की जांच की गई तो पता चला यह वीडियो क्रॉसिंग रिपब्लिक हाई राइज सोसाइटी के पंचशील टावर का है। उन्होंने बताया कि जांच पड़ताल के दौरान पता चला है कि कुत्ते को खाना खिलाने को लेकर इस महिला और वृद्ध व्यक्ति के बीच विवाद हो गया था इसके बाद इस महिला ने रूप नारायण बनर्जी नामक इस वृद्ध पर हमला बोल दिया और उनकी जमकर पिटाई की। साथ ही लोगों ने छुड़ाने का प्रयास किया तो इस युवती ने उनके साथ भी बदसलूकी की। इसके बाद में मामले की शिकायत पुलिस से भी की गई। इसके बाद पुलिस ने जांच पड़ताल की और सिमरन नामक इस महिला को गिरफ्तार कर लिया। जबकि पीड़ित व्यक्ति रूप नारायण बनर्जी है जो सोसाइटी में ही रहते हैं।



- **कुत्ते को खाना खिलाने को लेकर हुआ था विवाद**


# कैपिटल ज़ोन

**उवाच**

"नई चुनौती और नए परिदृश्य का आकलन करते हुए फिल्म सिटी का विकास सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि फिल्म सिटी के आकार को पूर्ववत रखते हुए चरणबद्ध तरीके से विकसित करें। उन्होंने कहा कि विश्वस्तरीय फिल्म सिटी बनने से प्रदेश के साथ-साथ अन्य राज्यों के कलाकारों को मौका मिलेगा। इससे वो अपने सपनों को प्रदेश के रहकर ही पूरा कर सकेंगे।"

**योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री उप्र**

# यमुना फिल्म सिटी तीन चरणों में होगी विकसित



- पहले चरण 230 एकड़ में होगा विकसित
- माह के अंत तक जारी होगा ग्लोबल टेंडर

**ग्रेटर नोएडा,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। यमुना प्राधिकरण के सेक्टर-21 में प्रस्तावित फिल्म सिटी को विकसित करने के लिए फिल्म इंडस्ट्री के तीन बड़े सुझाव पर सहमति बन गई है। शासन लाइसेंस का समय, मोरोटोरियम समय और लाभांश की हिस्सेदारी में बदलाव कर दिया है। इसी महीने ग्लोबल टेंडर निकाले जाएंगे।

फिल्म सिटी मुख्यमंत्री का ड्रीम प्रोजेक्ट है। इसमें हो रही देरी को लेकर मुख्यमंत्री ने खुद इसकी निगरानी शुरू कर दी है। इसको लेकर बुधवार को लखनऊ में बैठक भी हुई थी। प्राधिकरण ने फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े लोगों से वार्ता की। उनके सुझाव लिए। लखनऊ में पीपीपी मॉडल वाली परियोजना के बनी बिड इवैल्युवेशन कमेटी के समय इन सुझावों को रखा गया। अब इन सुझावों को मान लिया गया है। अब इनको बिड डाक्यूमेंट और कंशेसन एग्रीमेंट में शामिल किया जाएगा। कैबिनेट से मंजूरी के बाद इसके टेंडर निकाले जाएंगे। फिल्म सिटी को तीन चरणों में विकसित किया जाएगा। पहला चरण 230 एकड़ में विकसित होगा। पहले चरण के लिए ही टेंडर निकाले जाएंगे। फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े लोग लाइसेंसिंग पीरियड 90 साल का का मांग रहे थे। पहले यह 60 साल का था। अब 90 वर्ष कर दिया गया है।

पहले मोरोटोरियस पीरियड 4 साल का था। अब इसे बढ़ाकर 7 साल कर दिया गया। पहले रेवेन्यु शेयरिंग फिक्स प्रीमियम 116 करोड़ रुपए और लाभांश में हिस्सेदारी थी। अब केवल लाभांश में हिस्सेदारी है। यह कुल लाभांश का पांच प्रतिशत होगा।

इसी से बिडिंग शुरू होगी। चयनित कंपनी को कम से काम 10 हजार वर्ग मीटर के भूखंड को सब लाइसेंस देने की अनुमति रहेगी। पहला चरण 230 एकड़ में विकसित होगा। 156 एकड़ में फिल्म स्टूडियो व बैकलाग बनेगा। 20 एकड़ में फिल्म इंस्टीट्यूट बनेगा। 54 एकड़ में व्यवसायिक गतिविधियां होंगी। इसमें विला, होटल, प्लाजा और टाउनशिप विकसित होगी। टाउनशिप में शूटिंग के लिए रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, एयरपोर्ट आदि बनाए जाएंगे।

## छह माह के अंदर फिल्म सिटी प्रोजेक्ट को धरातल पर उतारें : योगी

- मुख्यमंत्री ने फिल्म सिटी प्रोजेक्ट के संबंध में एक उच्चस्तरीय बैठक ली
- फिल्म सिटी के आकार को पूर्ववत रखते हुए चरणबद्ध तरीके से करें विकसित

**ग्रेटर नोएडा/लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लोकभवन में फिल्म सिटी प्रोजेक्ट के संबंध में एक उच्चस्तरीय बैठक ली। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सीएम योगी ने कहा कि छह माह के अंदर फिल्म सिटी प्रोजेक्ट को धरातल पर उतारें। उत्तर प्रदेश के परसेप्शन को बदलने में फिल्म सिटी की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। सीएम योगी ने कहा कि नई चुनौती और नए परिदृश्य का आकलन करते हुए फिल्म सिटी का विकास सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि फिल्म सिटी के आकार को पूर्ववत रखते हुए चरणबद्ध तरीके से विकसित करें। उन्होंने कहा कि विश्वस्तरीय फिल्म सिटी बनने से प्रदेश के साथ-साथ अन्य राज्यों के कलाकारों को मौका मिलेगा। इससे वो अपने सपनों को प्रदेश के रहकर ही पूरा कर सकेंगे। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि फिल्म सिटी के विकास से फिल्म निर्माताओं के साथ साथ धारावाहिक सीरियल निर्माता, रियलिटी शो निर्माता जैसे लोगों की भी पसंद यही फिल्म सिटी होगी। उन्होंने कहा कि इससे प्रदेश के सर्विस सेक्टर, होटल इंडस्ट्री, पर्यटन सेक्टर साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में भी रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

# आवंटियों के काम बेवजह लटकाने वाले प्राधिकरण कर्मियों पर होगी कार्रवाई



- सीईओ की तरफ से सभी विभागों के लिए कार्यालय आदेश जारी
- जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों पर सीईओ ने दी चेतावनी

**ग्रेटर नोएडा,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। आबंटियों के कामों को बेवजह लटकाने वाले प्राधिकरण कर्मियों पर अब कड़ी कार्रवाई होगी। कर्मचारियों को आबंटियों के काम तय समय में ही निपटाना होगा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार की तरफ से इस बाबत कार्यालय आदेश जारी किया गया है। दरअसल, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण से आबंटियों को समय वृद्धि, मोर्टगेज परमिशन, नो-ड्यूज सर्टिफिकेट, पेमेंट अपडेशन, भूखंडों का चिन्हांकन डिमार्केशन, लीज डीड निष्पादन, ट्रांसफर मेमोरंडम, पेमेंट वेरीफिकेशन आदि कार्य कराने होते हैं। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार आबंटियों, किसानों व अन्य निवासियों से नियमित रूप से मिल रहे हैं। सीईओ के सामने यह शिकायत आई है कि इन सामान्य कार्यों के लिए बेवजह तय समय से अधिक विलंब किया जा रहा है। इससे आबंटी भी परेशान होता है और प्राधिकरण की छवि भी धूमिल होती है।<

इस तरह की शिकायतों पर सीईओ ने कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए सभी विभागों के लिए कार्यालय आदेश जारी किया है। सीईओ ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया है कि वे अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को सचेत कर दें। भविष्य में इस प्रकार की कोई शिकायत आबंटी से प्राप्त हुई तो संबंधित अधिकारी या कर्मचारी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारी या कर्मचारी ही जिम्मेदार होंगे।

# यमुना प्राधिकरण की पहले आओ पहले पाओ फ्लैट योजना हुई सुपरहिट

- योजना के पहले दिन 3089 आवेदन बिके, 680 लोगों ने किया रजिस्ट्रेषन

**ग्रेटर नोएडा,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की रेडी टू मूव फ्लैट योजना में पहले दिन 3089 आवेदन बिके हैं। जबकि 690 आवेदकों ने रजिस्ट्रेशन शुल्क जमा कर दिया है। इस योजना में पहले आओ पहले पाओ के तहत आबंटन होना है।

यमुना प्राधिकरण ने रेडी टू मूव फ्लैट की योजना निकाली है। पहले आओ और पहले पाओ के आधार पर टू बीएचके फ्लैट के लिए बुधवार से आवेदन शुरू हो गए। यहां पर आपको 42.34 लाख में यह फ्लैट मिलेगा। सेक्टर-22 डी में टू बीएचके फ्लैट का साइज 99.86 वर्ग मीटर है। 16 मंजिले टॉवर में 462 फ़्लैट हैं। प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि योजना के पहले दिन 3089 आवेदकों ने आवेदन पत्र खरीदा है। जबकि 690 आवेदकों ने रजिस्ट्रेशन शुल्क जमा कर दिया। फ्लैट की कुल कीमत का 10 प्रतिशत पैसा रजिस्ट्रेशन शुल्क के रूप में जमा करना पड़ता है। आवेदनों की संख्या और बढ़ने की उम्मीद है। वहीं, प्राधिकरण की आवासीय भूखंडों की योजना भी बहुत जल्द आने वाली है। रेरा के रजिस्ट्रेशन नंबर का इंतजार है। योजना में 1184 भूखंड हैं। इसमें 120 मीटर के 194, 162 के 260, 200 के 466, 300 के 208, 500 के 24, 1000 के 13 और 2000 मीटर के 19 भूखंड हैं।

# आठ घंटे से अधिक काम कराने का आरोप कर्मचारियों का एयरपोर्ट के गेट पर हंगामा



**जेवर,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। निर्माणाधीन नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की साइट पर काम करने वाले कर्मचारियों ने आठ घंटे से अधिक काम कराने व ओवर टाइम का भुगतान न करने का आरोप लगाते हुए गुरुवार को किशोरपुर गांव के समीप स्थित गेट पर जमकर हंगामा किया। सूचना पर पहुंचे टाटा प्रोजेक्टस लिमटेड के अधिकारियों ने नियमानुसार कार्य कराने के आश्वासन के बाद हंगामा शांत हो सका।

निर्माणाधीन एयरपोर्ट की साइट पर काम करने वाले क्षेत्रीय युवाओं ने बताया कि साइट पर क्षेत्रीय होने की वजह से उनके साथ दुर्व्यवहार किया जाता है। उन्होंने बताया कि रविवार को पेसेंजर टर्मिनल बिल्डिंग पर काम करते समय बाहरी क्षेत्र के मजदूरों द्वारा क्षेत्रीय कर्मचारियों के साथ मारपीट की थी। जिसमें सरिया आदि लगने से कई क्षेत्रीय कर्मचारी घायल हुए थे। आरोप है कि साइट पर काम करने वाले कर्मचारियों से आठ घंटे से अधिक काम कराया जाता है तथा उन्हें साप्ताहिक अवकाश भी नहीं दिया जाता है। कर्मचारियों द्वारा अतिरिक्त कार्य का पैसा मांगने पर उनके साथ दुर्व्यवहार किया जाता है तथा अन्य मजदूरों को भड़काकर उनके साथ मारपीट कराई जाती है। मारपीट में घायल कर्मचारियों का उपचार कराने के बजाय कम्पनी द्वारा ज्यादातर युवाओं को नौकरी से हटा दिया है। जिससे आक्रोशित सैकड़ों युवाओं ने किशोरपुर गांव के समीप स्थित एयरपोर्ट के गेट पर जमकर हंगामा किया। सूचना पर पहुंचे टाटा प्रोजेक्टस लिमटेड के अधिकारियों ने युवाओं की समस्याओं के सामधान का आश्वासन दिया है।

# यमुना प्राधिकरण ने 9.58 करोड़ का अतिरिक्त मुआवजा बांटा




**ग्रेटर नोएडा,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास ने गांव में शिविर लगाकर अतिरिक्त मुआवजा बांटना शुरू कर दिया है। प्राधिकरण की तरफ से गुरुवार को गांव धनौरी में शिविर लगाकर 37 किसानों को नौ करोड़ से ज्यादा मुआवजा का भुगतान किया गया है। यमुना प्राधिकरण धनौरी गांव में आवासीय भूखंड की योजना ला रहा है। मुआवजा बंटने से प्राधिकरण को जमीन पर कब्जा मिलने का रास्ता साफहो गया है। यमुना प्राधिकरण के ओएसडी शैलेंद्र सिंह के नेतृत्व में शिविर लगाया। इस दौरान भूलेख विभाग के सभी अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद थ। भूलेख विभाग ने कागजातों की जांच करने के बाद किसानों को मौके पर मुआवजा बांटा गया। ओएसडी ने बताया कि शिविर में पहले दिन 37 किसानों को 9,53,85,912 करोड़ का मुआवजा बांटा गया।

# जिले के लाखों फ्लैट खरीदारों को मालिकाना हक मिलने की उम्मीद

- ग्रेटर नोएडा के 1.67 लाख फ्लैट खरीदार लंबे अर्से से कर रहे हैं रजिस्ट्री का इंतजार
- केंद्र सरकार के आदेश पर गठित अमिताभ कांत समिति ने अपनी सिफारिश प्रदेश सरकार को भेजी

**ग्रेटर नोएडा,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। गौतमबुद्ध नगर के लाखों फ़्लैट खरीदारों के लिए बड़ी खबर है। जिन बिल्डरों को कम्पलीशन सर्टिफिकेट नहीं मिले हैं और उन्होंने फ़्लैट खरीदारों को क़ब्ज़ा दे दिया है। ऐसे फ्लैट्स की रजिस्ट्री जल्द ही शुरू हो सकती है। केंद्र सरकार के आदेश पर गठित की गई अमिताभ कांत समिति ने अपनी सिफारिशें उत्तर प्रदेश सरकार को भेज दी हैं। नोएडा और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के दायरे में लंबित पड़ी आवासीय परियोजनाओं में करीब 1.67 लाख फ़्लैट खरीदार रजिस्ट्री का इंतज़ार कर रहे हैं। यह तय माना जा रहा है कि सिफारिशें लागू की जाएंगी। सिफारिश में कहा गया है कि बिल्डरों को जीरो पीरियड मिलेगा। यह कोविड-19 के पूरे समय और एनजीटी के स्थागनादेश 2015 से 2017 की अवधि में दिया जाएगा। यह लाभ सभी बिल्डरों को मिलेगा। बिल्डरों पर बकाया की गणना जून 2020 के बाद स्टेट बैंक ऑफइंडिया की एमसीएलआर से की जाएगी। कोडेवलपर बिल्डर खुद लेकर आ सकता है। इसके लिए किसी विकास प्राधिकरण से मंजूरी लेने की जरूरत नहीं होगी। इसके अलावा अगर डिफॉल्टर बिल्डर पैसा नहीं दे पा रहे हैं तो पार्शियल लैंड सरेंडर कर सकते हैं। उस जमीन को बेचकर अर्थॉरिटी पैसा वसूल कर सकती है। दस साल तक के डिफॉल्टर बिल्डरों को सिफारिशों का लाभ दिया जा सकेगा। प्राधिकरण बिल्डरों पर बकाया बता रहे हैं, उसका स्वतंत्र थर्ड पार्टी से सत्यापन करवाया जाएगा। बिल्डरों पर बकाया का रजिस्ट्री से कोई सरोकार नहीं है। बन चुके फ़्लैट्स पर कब्जा देने के लिए और कब्जा ले चुके खरीदारों के नाम रजिस्ट्री होंगी। इसके लिए कंप्लिशन सर्टिफिकेट और ऑक्यूपेंसी सर्टिफिकेट यूपी रेरा जारी करेगा। बिल्डर किसी होम बायर से पेनल्टी, अतिरिक्त कीमत या ब्याज नहीं वसूल करेंगे। किसी बिल्डर की लीज डीड रद्द नहीं होंगी। डेवलपमेंट अर्थॉरिटी यह कदम नहीं उठायेंगी। मॉर्गेज सर्टिफिकेट के लिए बिल्डरों कोई शुल्क नहीं देना पड़ेगा। प्रोजेक्ट पूरा करने के लिए बिल्डरों को तीन साल मिलेंगे। बकाया भुगतान में बड़ी राहत दी हैं। इन सिफारिशों का लाभ लेने के 60 दिन बाद बिल्डर 25 प्रतिशत पैसा जमा करेगा।

# बाइक सवार कर्मचारी को कैंटर ने मारी टक्कर, मौत

**दनकौर,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। दनकौर रेलवे स्टेशन के नजदीक तेज रफ्तार कैंटर की टक्कर से बाइक सवार कंपनी कर्मी की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के स्वजनों ने खबर लिखे जाने तक पुलिस को लिखित शिकायत नहीं दी, पुलिस ने कैंटर को अपने कब्जे में ले लिया है। मिली जानकारी अनुसार बुलन्दशहर के बड़ौदा गांव के रहने वाले सीटू (33) ग्रेटर नोएडा स्थित एक कंपनी में नौकरी करता था। रात की ड्यूटी करने के बाद गुरुवार की सुबह वह अपने घर को लौट रहा था, जब उसकी बाइक दनकौर रेलवे स्टेशन के नजदीक पहुंची तो सामने से आ रही कैंटर की जोरदार टक्कर हो गई।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

# मेवात की घटना को लेकर नजरबंद होने पर गौ रक्षा हिन्दू दल ने राष्ट्रपति के नाम दिया ज्ञापन



**ग्रेटर नोएडा,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। मेवात के नूह में निकल रही शोभा यात्रा में देशद्रोही मानसिकता के लोगों ने पीछे से जान लेवा हमला किया, जिसमें दर्जनों लोगों की मरने की उम्मीद के साथ-साथ सैकड़ों लोग लापता व सैकड़ों गाड़ियों को भी आग के हवाले कर दिया, उसी को लेकर मेवात की घटना के विरोध में गौ रक्षा हिन्दू दल का पुतला फूंकने के कार्यक्रम को देखते हुए पूलिस ने गौ रक्षा हिन्दू दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष वेद नागर को नजर बन्द कर दिया। सुबह तक पुतना नहीं फूंकने दिया, प्रशासन ने वेद नागर को बुधवार से ही नजरबंद रखा। वेद नागर ने कार्यालय पर ही राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया। वेद नागर ने कहा हम हिन्दू लोगों के लिये ही कानून हैं, जिन्होंने हमारे हजारों लोगों पर जान लेवा हमला किया जिसमें दर्जनों हिन्दुओं की मौत हो गयी सैकड़ों लापता है हिन्दुओं की सैकड़ों गाड़ियों को आग लगा दी। दुकानें लूटी गयी बहन बेटियों के साथ अश्लील हरकत कर लूट पाट डकैती डाली उन लोगों के लिये कोई कघनून नहीं है। इस घटना का पूरा जिम्मेदार कौन है मेवात से विधान सभा सदस्यों ने पहले ही खुले आम हत्या करने की धमकी विधानसभा में खुले आम दी उसके बाद भी उनपर कोई कार्रवाई नहीं की। इस घटना से हिन्दू समाज में रोष है राष्ट्रपति को तत्काल कठोर कदम उठाने चाहिए।

इस अवसर पर राष्ट्रपति के नाम मुख्य मांगो को लेकर ज्ञापन दिया। जिसमें दोषियों को फांसी की सजा, सरकारी लाभ से मुक्त, बिजली पानी की सुविधा बंद हो, अपराधियों को चिन्हित कर भेजा जाय जेल, दंगा की रचना करने वालों की सदस्यता हो रद्द, पीड़ितों को दिया जाए मुआवजा।

# मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक




- आगामी 9 से 29 अगस्त तक आयोजित होंगे विभिन्न कार्यक्रम

**ग्रेटर नोएडा,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। आगामी 9 अगस्त से 29 अगस्त तक आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम का भव्य आयोजन जिले में किया जाएगा। जिसको लेकर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कलेक्ट्रेट सभागार में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 'मेरी माटी-मेरा देश' के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए खंड विकास अधिकारियों, नगर पालिकाध्नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारियों व अन्य सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक की गयी। जिलाधिकारी ने कहा कि मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम 9 अगस्त से 29 अगस्त तक आयोजित होगें। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत अमृत कलश में हर गांव-हर शहर की मिट्टी होगी, यह कलश गांव से ग्राम पंचायत, फिर क्षेत्र पंचायत होते हुए जिला मुख्यालय पर एकत्रित होगी। इसी प्रकार सभी नगरीय निकायों के कलश जिला मुख्यालय स्थित नगर पालिका पर एकत्रित होगी, उसके उपरान्त यह कलश प्रदेश की राजधानी लखनऊ पहुंचेंगे और फिर राजधानी दिल्ली में स्थित कर्तव्य पथ पूरे देश से आये अमृत कलश के साथ एकत्रित होगें।

उन्होंने कहा कि अमृत कलश देश की पावन मिट्टी से पूरित हैं, इसका पूरा सम्मान हो, अमृत कलश यात्रा भव्य हो, जगह-जगह आमजन की सहभागिता के साथ जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाए। उन्होंने कहा कि इस सम्बन्ध में सभी आवश्यक तैयारियां समय से कर ली जाए, हर ग्राम पंचायत/नगरीय निकायों के वार्ड/सोसायटियों में शिलाफलकम स्थापित किया जाना है, शिलाफलकम पर आजादी के अमृत वर्ष का विजन प्रदर्शित होगा।

# स्टेनलेस स्टील की देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका : फग्गन सिंह




- केन्द्रीय इस्पात राज्य मंत्री ने इंडिया स्टेनलेस स्टील एक्सपो को ऑनलाइन किया सम्बोधित

**ग्रेटर नोएडा,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय स्टेनलेस स्टील डेवलपमेंट एसोसिएशन (आईएसएसडीए) इस्पात मंत्रालय के तत्वावधान में इंडिया स्टेनलेस-स्टील एक्सपो (आईएसएसई) 2023 का पहला संस्करण तीन दिवसीय एक्सपो गुरुवार को शुरु हुआ जो 5 अगस्त तक इंडिया एक्सपो मार्ट में चलेगा। केंद्रीय इस्पात राज्य मंत्री, फग्गन सिंह कुलस्ते ने इस सम्मलेन को ऑनलाइन संबोधित किया। केंद्रीय इस्पात राज्य मंत्री, कुलस्ते ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि स्टेनलेस स्टील देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भारत सरकार इस क्षेत्र की चिंताओं पर ध्यान देने के लिए प्रतिबद्ध है। स्टेनलेस स्टील की पुनर्चक्रण क्षमता इसके वह नीयता और पर्यावरण संबंधी लाभों में से एक महत्वपूर्ण कारक है। स्टेनलेस स्टील की मदद से हम प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण कर सकते हैं, ऊर्जा की खपत कम कर सकते हैं, अपशिष्ट कम कर सकते हैं और अधिक वहनीय और पर्यावरण-अनुकूल भविष्य में योगदान कर सकते हैं। इस दौरान भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय में सचिव नागेंद्र नाथ सिन्हा ने कहा कि इंडियन स्टेनलेस स्टील एक्सपो 2023 एक व्यापक सम्मेलन है जोकि सभी संबंध पक्षों को एक मंच पर एकत्रित किया है। सरकार ने ढांचागत विकास पर जोर दिया है जो स्टेनलेस स्टील उद्योग के लिए एक संभावित बाजार साबित होगा। वास्तुकला, भवन एवं निर्माण , रेलवे कोच निर्माण ने स्टील की मांग बढ़ा दी है। अपने विचार साझा करते हुए, एसएमआरजी एमबीएच के प्रबंधनिदेशक, मार्क समॉल ने कहा कि भारत में स्टेनलेस स्टील की खपत बढ़ रही है और यहां बाजर की संभावनाएं मजबूत हैं, ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन कम करने के लिहाज से स्टेनलेस स्टील, एल्यूमीनियम को को मात देता है। इंडियन स्टेनलेस स्टील डेवलपमेंट एसोसिएशन के अनुसार, भारत में स्टेनलेस स्टील की खपत पिछले वित्त वर्ष में लगभग 10 प्रतिशत से बढ़कर 40 लाख टन तक पहुंच गई। रेलवे, प्रक्रिया उद्योगों और वास्तुकला जैसे क्षेत्रों में पर्यावरण अनुकूल धातु की बढ़ती मांग के कारण भारत में स्टेनलेस स्टील की प्रति व्यक्ति खपत 2.5 किलोग्राम से बढ़कर 2.8 किलोग्राम हो गई है। ये आंकड़े ऐसे समय पर आए हैं जब वैश्विक स्तर परस्टेनलेस स्टील का उत्पादन साल 2022 से 5.2 प्रतिशत गिरकर 5.52 करोड़ टन रह गया। साल 2021 में यह आंकड़ा 5.82 करोड़ टन था।

## ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
भूखण्ड संख्या-1, सैक्टर-नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा
जिला-गौतमबुद्व नगर उ0प्र0

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि Flat No. 19004, 19th Floor, Tower-Durian, Mahagun Mywoods, Sector-16C, Area-114.73 Sqm., Greater Noida जो कि Mrs. Sadhna Chaturvedi & Mr. Ajay Kumar Chaturvedi निवासी Flat No. 19004, 19th Floor, Tower- Durian, Mahagun Mywoods, Sector-16C, Greater Noida के नाम पर उप निबंधन कार्यालय, सदर गौतमबुद्वनगर में दिनांक-29.01.2018 को पंजीकृत है। Mrs. Sadhna Chaturvedi की मृत्यु के उपरान्त उनके पति Mr. Ajay Kumar Chaturvedi ने उक्त भूखण्ड/भवन में अपनी पत्नी के भाग का नामांतरण अपने पक्ष में करने हेतु म्यूटेशन प्रपत्र प्रस्तुत किये है। अतः इस म्यूटेशन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में Mr. Ajay Kumar Chaturvedi S/o Late Sh. P.C. Chaturvedi का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (बिल्डर्स )
ग्रेटर नोएडा औ0 वि0 प्राधिकरण

## ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
भूखण्ड संख्या-1, सैक्टर-नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा
जिला-गौतमबुद्व नगर उ0प्र0

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि Flat No. K-802, 9th Floor Level, Tower-K, Area-150.97 Sqm, "Ajnara Homes" Sector-16B, Greater Noida जो कि Mr. Girish Vohra & Mrs. Pooja Vohra & Sh. Sudhir Vohra निवासी A-18, New Gupta Colony, North West Delhi के नाम पर उप निबंधन कार्यालय सदर गौतमबुद्व नगर में दिनांक-11.02.2020 को पंजीकृत हैं। Sh. Sudhir Vohra की मृत्यु के उपरान्त उनके पुत्र Mr. Girish Vohra ने उक्त भूखण्ड/भवन में अपने पिता के भाग का नामांतरण प्रस्तुत वारिसान के आधार पर अपने पक्ष में करने हेतु म्यूटेशन प्रपत्र प्रस्तुत किये है। अतः इस म्यूटेशन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में Mr. Girish Vohra S/o Late Sh. Sudhir Vohra का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (बिल्डर्स )
ग्रेटर नोएडा औ0 वि0 प्राधिकरण

## ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर-नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा,
जनपद-गौतम बुद्व नगर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम रोजा याकूबपुर, तहसील-दादरी, जिला गौतमबुद्धनगर स्थित खसरा संख्या-486 क्षेत्रफल 0.3160हे0 व 487 क्षेत्रफल 0.3420हे0 के आबादी व्यवस्थापन/लीज बैक का निर्णय प्राधिकरण बोर्ड की 88वीं बैठक में सर्व श्री मंगत राम, दुलीचन्द, बलराम, श्यामसिंह पुत्रगण खजान सिंह निवासी ग्राम के पक्ष में लिया गया है, श्री मंगत राम की मृत्यु हो जाने के उपरान्त उनके वारिसान श्री गिरीश पुत्र स्व० श्री मंगत राम व श्रीमती कान्ति पत्नी स्व0 मंगत राम निवासी ग्राम व श्री दुलीचन्द की मृत्यु हो जाने के उपरान्त वारिसान श्री पंकज कुमार व अमित त्यागी पुत्रगण स्व० श्री दुलीचन्द व श्रीमती त्रिपति देवी पत्नी स्व0 श्री दुलीचन्द निवासी ग्राम के पक्ष में नामान्तरण करने हेतु नामान्तरण प्रपत्र एवं शपथ पत्र प्रस्तुत किये गये है।
अतः इस नामान्तरण के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण के भूलेख विभाग में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में इनके नाम दर्ज किये जाने की कार्यवाही की जायेगी।

(रजनीकान्त )
विशेष कार्याधिकारी

# { संपादकीय }

नई दिल्ली, शुक्रवार 4 अगस्त 2023

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

## गैर जिम्मेदारी की पराकाष्ठा

मेवात दंगों में झुलस रहे हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर के उस बयान को गैरजिम्मेदारी की पराकाष्ठा ही माना जायेगा जिसमें उन्होंने कहा है कि 'सरकार सभी लोगों की सुरक्षा की जिम्मेदारी नहीं ले सकती।' प्रदेश की कानून-व्यवस्था के मामले में नाकाम और लाचार दिखलाई पड़ रहे श्री खट्टर का बयान उनकी जनसुरक्षा के प्रति घोर लापरवाही को भी दर्शाता है जो राज्य के नागरिकों के प्रति बुनियादी कर्तव्य है। मुख्यमंत्री खट्टर ने बुधवार को साफ कहा कि 'इसके लिए हमें माहौल को सुधारना पड़ेगा। हर व्यक्ति की सुरक्षा न पुलिस कर सकती है, न ही सेना कर सकती है। इसके लिए सामाजिक सद्भाव ठीक करना पड़ेगा।' वे तो यहां तक कह गये कि 'किसी भी देश में आप चले जाएं हर आदमी की सुरक्षा वहां की पुलिस नहीं कर सकती पर इसके लिए वैसा माहौल बनाना पड़ता है।' वैसे वे यह भूल गये कि सामाजिक सद्भाव को ठीक करना भी सरकार की ही जिम्मेदारी होती है।

मुख्यमंत्री का बयान स्तब्धकारी तो है लेकिन वह भारतीय जनता पार्टी की प्रशासन पद्धति के अनुरूप है जो हर अच्छी बात का श्रेय लेने में तो पीछे नहीं रहती परन्तु किसी भी असफलता से पल्ला झाड़ लेती है। पिछले 9 वर्षों से अधिक समय तक केन्द्र में सरकार चलाने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सम्भवत: भाजपा प्रशासित सारे राज्यों के मुख्यमंत्रियों के लिये प्रेरणा स्रोत हैं। देश के अपूर्ण लक्ष्यों के लिये अपने पूर्ववर्ती प्रधानमंत्रियों को सभा-सम्मेलनों में दोषी ठहराने वाले मोदी अपनी नाकामियों पर या तो चुप्पी साध लेते हैं अथवा उनका ठीकरा विपक्ष पर फोड़ते हैं। भाजपा सरकार का एक दशक का इतिहास अनेकानेक असफलताओं की जिम्मेदारियों से भागने या उनका दोषी दूसरों को बताने का रहा है। इसी का अनुसरण भाजपा की राज्य सरकारें करती हैं। नोटबन्दी और जीएसटी जैसे अविवेकपूर्ण निर्णयों से हुई देश की बदहाली का उत्तरदायी कोई नहीं है। यहां तक कि यह निर्णय किस प्रक्रिया के तहत लिया गया, यह भी अब तक अज्ञात है। कोरोना काल में ऑक्सीजन, दवाओं, बिस्तरों के अभाव में हुई लाखों लोगों की मौत का उत्तरदायी कौन है, यह सवाल भी अब तक अनुत्तरित है। भाजपा की जिन राज्यों में सरकारें हैं वहां टूटती सड़कें और गिरते पुलों का जिम्मेदार कौन है, इसका जवाब ढूंढ़े से भी नहीं मिलेगा। उन राज्यों में होने वाली भगदड़ों से मरने वालों का जिम्मेदार भी कोई नहीं होता। भरी गर्मी में होने वाली आम सभाओं में दर्जनों लू से मर जाएं या बीमार हो जायें तो भी किसी व्यक्ति, अफसर, विधायक मंत्री या सरकार को दोषी नहीं ढहराया जा सकता क्योंकि यदि ऐसा किया भी गया तो बचाव में पूरी ट्रोल आर्मी उतर आती है। एक नहीं, सैकड़ों ऐसे मामले हो चुके हैं जिनमें दोषी या अपराधी सामने दिखता है परन्तु वह महफ़ूज़ रहता है। इसका कारण यही है- उत्तरदायित्वहीनता।

हाल की कुछ घटनाएं भी इसी गैर जिम्मेदाराना रवैये की मिसालें हैं। मणिपुर की बात करें तो यहां पिछले कुछ वर्षों से आग सुलग रही थी। कुकी एवं मैतेइयों के बीच चल रही हिंसक झड़पों को पूरी तरह से वहां की सरकार और केन्द्र ने नज़रंदाज़ ही नहीं किया वरन एक पक्ष के साथ खड़े होकर आग को भड़कने दिया। वहां अल्पसंख्यक कुकी लोगों को मारा गया, चर्च जलाये गये परन्तु डबल इंजन की सरकार चुप रही। मामला पहले तो विदेश तक पहुंचा और जब अमेरिका में बड़ी मजबूरी में प्रेस के सामने गये मोदी से इस बाबत प्रश्न किये गये तो उन्होंने यह बताने की बजाय कि उनकी सरकार स्थिति को सुधारने के लिये क्या कर रही है, यह समझाते रहे कि 'लोकतंत्र भारत के डीएनए में है।' उन्हें तो यह बतलाना चाहिये था कि दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र अपने अल्पसंख्यकों की सुरक्षा व विकास के लिये क्या कर रहा है। देश के इतिहास के भीषणतम दंगों में से एक कहे जाने वाले घटनाक्रम के दौरान का 4 मई का वह वीभत्स वीडियो जब देश-दुनिया के सामने आया तो भी राज्य या सरकार का कोई व्यक्ति सामने नहीं आया। वहां के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने वैसे ही दिखावे का प्रकटीकरण करते हुए सार्वजनिक तौर पर अपना इस्तीफा दिया व प्रायोजित तरीके से एक समर्थक द्वारा फड़वाकर जेब में रख लिया, जैसे मोदी जी ने चलते सत्र में संसद के भीतर बयान देने की बजाय बाहर आकर 36 सेकंड का वक्तव्य दिया जिसमें उन्होंने अपने क्रोध व पीड़ा का इज़हार किया था। उसके बाद से आज तक संसद बार-बार विपक्ष की इस मांग को लेकर ठहर रही है कि पूरे घटनाक्रम पर विस्तृत चर्चा हो, लेकिन सत्ता दल इंकार कर रहा है और प्रधानमंत्री राजस्थान में सभाएं कर रहे हैं। तो गृह मंत्री अमित शाह भी बराबरी के जिम्मेदार हैं वे कानून-व्यवस्था सुधारने की बजाय मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ में अगले चुनाव की तैयारी बैठकें कर रहे हैं। उलटे, संसद में गतिरोध के लिये भी वे मानते हैं कि विपक्ष ही जिम्मेदार है।

अलबत्ता, जहां विपक्षी दलों की सरकारें हैं वहां एक चींटी भी मरे तो पूरी भाजपा, उनके समर्थक, मीडिया को क्षण भर में पता चल जाता है। तभी तो मणिपुर की घटनाओं की तुलना जब अन्य राज्यों से की गई तो सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने केन्द्र को जमकर फटकार लगाई। वैसे केन्द्र की हो या भाजपा की राज्य सरकारें- उन्हें इन सबका रत्ती भर फर्क नहीं पड़ता। इसलिये आश्चर्य नहीं होना चाहिये जब खट्टर जैसे सीएम साफ कर देते हैं कि सभी लोगों को सुरक्षा नहीं दी जा सकती। यह दीगर बात है कि ये उन्हीं मोदी के सबसे विश्वासपात्र लोगों में से एक हैं जो पीएम बनने के पहले कहते थे कि 'मैं हर बात के लिये एकाउंटेबल रहूंगा। एक बच्चा भी मुझसे सवाल कर सकता है और मैं जवाब दूंगा'

# हम सब ज़हरीली गैस से भरे गुब्बारे हो गए हैं

कबीले के सरदार ने अपने एक लड़ाके को दुश्मन कबीले के भीतर दाख़िल होकर एक आदमी को जान से मारने के लिए भेजा। उसे बताया गया था कि उस आदमी के पास हमारे कबीले को तबाह करने की ताकत है और जो उसे मार दिया तो हम हर खतरे से मुक्त हो जाएंगे। उसे बताया गया कि उस कबीले में हमारा एक आदमी पहले से ख़ुफ़िया ढंग से मौजूद है जो वहां पहुंचते ही कैसे और किसे मारना है, इसकी योजना समझा देगा। अपने कबीले को बचाने का जोशीला भाषण सुन लड़ाका तुरंत तैयार हो गया और चल पड़ा अपना भाला और तीर-धनुष लेकर। रास्ते में घना जंगल था। अंधेरा होने पर वह सतर्क था लेकिन एक जंगली जानवर ने उस पर हमला कर दिया। होश आया तो वह एक मचान पर दो लोगों से घिरा हुआ था। उनमें से एक युवा था और दूसरा कुछ उम्रदराज़। पास में कुछ खाना और पानी रखा हुआ था। लड़ाके को होश में आया देख दोनों के चेहरे पर ख़ुशी और तसल्ली का भाव था। उम्र में बड़े व्यक्ति ने फख़्र से अपनी जड़ी-बूटी की ओर इशारा करते हुए बताया कि तुम पर तो एक बाघ ने हमला कर दिया था, वो तो सही समय पर तुम्हें इसने देख लिया वरना तुम्हारा बचना नामुमकिन था। लड़ाके की आंखों में विनम्रता और धन्यवाद का भाव था। दोनों ने मिलकर लड़ाके के साथ भोजन किया और शिकार से जुड़े अपने कई अनुभव भी साझा किये। अगले दिन सुबह लड़ाका विदा हुआ तो उसे लगा जैसे किसी मित्र से जुदा हो रहा है। अनुभवी व्यक्ति से उसने हाथ जोड़कर विदा ली, मानों जान बचाने का आभार व्यक्त कर रहा हो। जिस उद्वेलित मन से वह घर से चला था अब वह कमोबेश शांत और खुश था। दो दिन के सफर के बाद वह उस कबीले के अड्डे पर पहुंचा। पहुंचते ही उसके ख़ुफ़िया साथी ने जिस आदमी को उसे मारना था उसका चेहरा दिखाया। वह हैरान रह गया क्योंकि वह जंगल में उसकी जान बचाने वाला वही उम्रदराज़ व्यक्ति था। लड़ाके के हाथ जैसे भारी हो गए थे। भाला उठता ही न था और अचानक से उसने फ़ैसला लिया। चाहे कुछ भी हो जाए वह उन पर हाथ नहीं उठाएगा। आख़िर क्यों मारना चाहिए मुझे इन्हें? ये भी मेरे जैसे हैं, मेरी ही तरह जीवन की चुनौतियों को जी रहे हैं। मैं इन्हें नहीं मार सकता।

इस छोटी सी कहानी को यहां लिखने का मकसद केवल इतना है कि मानव मन भाई-चारे के साथ जीना चाहता है लेकिन स्वार्थी ताकतें हर युग में उसे या उसके समूह को बस में करना चाहती हैं- कभी ताकत से तो कभी सम्मोहन से। देश में भी अब ऐसी ताक़तें अब और ज़्यादा ताकतवर हो गई हैं जो सीधे सरल इंसान को पहले उन्मादी बना रही है और फिर भीड़ बनकर हमलावर। इंसानों को गुब्बारा बनाकर उनमें ज़हरीली गैस भरी जा रही है और उनके जरिये अनजान लोगों को मौत के घाट उतारा जा रहा है। सड़कों पर लोगों के वाहन फूंके जा रहे हैं। उनकी अलग पहचान स्थापित की जा रही है ताकि दूरियां बन सके। समूचा प्रचारतंत्र इस काम में झोंक दिया गया है। उसके बाद एक संविधान से चलने वाले दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में घृणित अपराधों को अंजाम देने वालों को कवच भी दिया जाता है। हमने सुना था कि पहले दंगा भड़काने के लिए मंदिरों के सामने गाय और मस्जिद के सामने सूअर काटकर फेंक दिए जाते थे। बलवा करवाने वालों का काम हो जाता था।



वर्षा भम्भाणी मिर्ज़ा

> मानव मन भाई-चारे के साथ जीना चाहता है लेकिन स्वार्थी ताकतें हर युग में उसे या उसके समूह को बस में करना चाहती हैं- कभी ताकत से तो कभी सम्मोहन से। देश में भी अब ऐसी ताक़तें अब और ज़्यादा ताकतवर हो गई हैं जो सीधे सरल इंसान को पहले उन्मादी बना रही है और फिर भीड़ बनकर हमलावर। इंसानों को गुब्बारा बनाकर उनमें ज़हरीली गैस भरी जा रही है।

हाल ही में अनुभव सिन्हा ने 'अफ़वाह' नाम की बढ़िया फिल्म बनाई है। भीड़ जिस ट्रक को गौमाता का समझकर पीछा करती है उसमें से गधे बाहर आते हैं। इस नए ज़माने में अब खुद को गौरक्षक बताने वाला वीडियो भेजकर चुनौती देता है, उकसाता है और फिर ब्रज अंचल से लगे हरियाणा के नूंह में भड़की हिंसा कई लोगों की जान ले लेती है। व्यवस्था इन दंगों को किसी साज़िश का नतीजा बताकर मुंह पर चादर लपेट कर सो जाती है। ये दंगाई कई सालों से कभी लोगों के फ्रिज में गौमांस ढूंढते हैं तो कभी जानवरों से भरी गाड़ियों को कसाईखाने ले जाई जा रही बताकर भीड़ द्वारा हमला करा देते हैं। चालक को मार देते हैं और जहरीली गैस से भरे गुब्बारे इकट्ठा कर फ़साद करा दिए जाते हैं। ये गुब्बारे 2017 से ट्रेन में भी चढ़ रहे हैं। तब 17 साल के एक बच्चे को ट्रेन में सीट साझा करने के विवाद में मार दिया गया था। अब ये गुब्बारे वर्दी में भी होते हैं। ये यात्रियों की रक्षा के लिए दी गई बन्दूक का इस्तेमाल उन्हें ही मौत के घाट उतारने में कर रहे हैं। देशवासियों में ऐसा डर बैठ गया है कि वे अब यात्रा से डरने लगे हैं। बेरोज़गारी और बेहिसाब मंहगाई से जूझते इंसान बड़ी आसानी से ऐसे गुब्बारों में तब्दील हो रहे हैं। भारत के एक फीसदी अमीरों के पास देश की चालीस फ़ीसदी समृद्धि पर कब्ज़ा हो और पचास प्रतिशत के पास केवल तीन फ़ीसदी संसाधन हो तो इस अभाव में ज़हर भरना कौन सा मुश्किल काम है?

तब क्या कोई उम्मीद नहीं है? मणिपुर, नूंह और ट्रेन में हत्याएं होती रहेंगी और महावीर, बुद्ध और गांधी का यह देश इसी तरह खून से सना रहेगा? कभी अंग्रेज़ों के आगे अपने बलिदान का लहू बहाने वाले देश में अब बेवजह बेगुनाहों का खून बहता रहेगा? क्या हुक्मरान इस खून को अपने वोटों की फसल के लिए खाद की तरह देख रहे हैं? अगर नहीं तो खुलेआम नरसंहार की बात करने वाले क्यों अब तक आज़ाद घूम रहे हैं? क्यों धार्मिक जुलूसों को वही रास्ता चुनना है जहां दंगा भड़क सकता है और क्यों पुलिस उन्हें यह अनुमति भी देती है? उम्मीद की किरण उत्तर प्रदेश के बरेली से आती दिखाई देती है जहां के पुलिस कमिश्नर प्रभाकर चौधरी ने कावंड़ियों की उस ज़िद को नहीं माना जिसमें वे अपना निर्धारित रास्ता बदलना चाहते थे। नतीजतन चंद घंटों में प्रभाकर का तबादला कर दिया गया। 2010 बैच के इन आईपीएस अधिकारी के अब तक 21 बार तबादले हो चुके हैं। अधिकारी जिसकी वजह से बवाल होने से बच गया उसे सम्मान की जगह ट्रांसफर मिलता है। अधिकारी के पिता का साफ़ कहना है कि उनका बेटा बेहद ईमानदार ऑफिसर है और नेताओं से ज़रूरी दूरी बनाए रखता है। इसी का नतीजा है कि बार-बार उसका तबादला कर दिया जाता है। उम्मीद से भरी टिप्पणी सुप्रीम कोर्ट की है जब मणिपुर की हिंसा को लेकर न्यायाधीश ने पूछा कि कितने लोग गिरफ़्तार हुए, कितनी एफआईआर दर्ज़ हुई और क्या दो महीने हालत ऐसे थे कि कानून-व्यवस्था पूरी तरह समाप्त हो चुकी थी। सर्वोच्च न्यायालय ने वह किया है जो सरकार या फिर केंद्र सरकार को करना चाहिए था। सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर के डीजीपी को जानकारी देने के लिए हाज़िर होने के लिए कहा है। यदि कोर्ट द्वारा जनता के लिए अधिकारी को यूं तलब करना पड़े, तो यह वही परिस्थिति है कि कार्यपालिका अपने कर्तव्य में नाकाम रही है।

एक बात और है। जो पक्ष-विपक्ष की बहस में उलझेंगे तो नुकसान और ज़्यादा होगा। अभी नूंह से गरीब मजदूरों का पलायन हो रहा है। बाद में पूरे देश से होगा। उद्योग चौपट होंगे। आग में सबसे पहले घर बचाना ज़रूरी है। ये नेता लोग सिर्फ अपने स्वार्थ के लिए कभी भी किसी भी छतरी के नीचे चले आते हैं और आप इनके लिए लड़ने मरने को तैयार रहते हैं। आचार्य विनोबा भावे ने कहा है- 'चार बातें ध्यान में रखने लायक हैं: आज का नारा- जय जगत, हमेशा का नारा- जय जगत, हमारा नारा- जय जगत,सबका नारा- जय जगत। आज का, कल का, परसों का नारा यही है। इसी से उद्धार होने वाला है। ऐसा तभी होगा जब सोच में एकरूपता आएगी अन्यथा अनेक कारणों दरारें पड़ेंगी, धर्मभेद, जातिभेद, पंथभेद, भाषाभेद, ऐसे टुकड़े-टुकड़े हो जाएंगे। समाज की गाड़ी यहीं रुकी हुई है। सब एक दूसरे का हित देखें। इसी में सबका कल्याण है।

**( लेखिका स्वतन्त्र पत्रकार हैं )**

# इंडिया बनाम भारत या इंडिया जो भारत है?

पिछले नौ सालों से भाजपा हमारे देश पर शासन कर रही है। विपक्षी पार्टियों को धीरे-धीरे यह समझ में आया कि भाजपा सरकार न तो संविधान की मंशा के अनुरूप शासन कर रही है और न ही उसकी रूचि स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व पर आधारित समावेशी भारत के निर्माण में है। भाजपा सरकार ईडी और सीबीआई जैसी एजेंसियों का इस्तेमाल विपक्षी पार्टियों को कमज़ोर करने के लिए कर रही है। इसके अलावा, उसकी नीतियां सरकार के साथ सांठगांठ कर अपना उल्लू सीधा करने वाले पूंजीपतियों को बढ़ावा देने वाली हैं। वह प्रजातांत्रिक अधिकारों को भी कुचल रही है। उसकी राजनीति राममंदिर, लवजिहाद और अन्य अनेक किस्मों के जिहादों, गाय, गौमांस और पहचान से जुड़े मुद्दों के अलावा, हमारे एक पड़ोसी देश पर अति-राष्ट्रवादी कटु हमले करने पर केन्द्रित है। उसकी नीतियों से आम लोगों, और विशेषकर गरीब और कमज़ोर वर्गों, की परेशानियां बढ़ीं हैं। चाहे वह नोटबंदी हो, कुछ घंटों के नोटिस पर देशव्यापी कड़ा लॉकडाउन लगाने का निर्णय हो, बढ़ती हुई बेरोजगारी और महंगाई हो या दलितों, आदिवासियों, महिलाओं और धार्मिक अल्पसंख्यकों के दमन में बढ़ोतरी हो- इन सबसे आम लोगों को ढेर सारी परेशानियां भुगतनी पड़ रही हैं।

भाजपा इस देश की सबसे धनी पार्टी है। उसने इलेक्ट्रोरल बांड्स के ज़रिये अकूत धन इकट्ठा कर लिया है। पीएम केयर फण्ड भी पार्टी की तिजोरी भरने का साधन बन गया है। इसके अलावा, पार्टी को आरएसएस और उसके अनुषांगिक संगठनों के लाखों कार्यकर्ताओं के रूप में प्रचारकों की एक विशाल फ़ौज उपलब्ध है। ये सभी चुनाव के दौरान और वैसे भी भाजपा के लिए काम करते हैं।

इस पृष्ठभूमि में गैर-भाजपा पार्टियों ने 'इंडिया' (भारतीय राष्ट्रीय विकास और समावेशिता गठबंधन) का गठन किया है। इस गठबंधन को बैंगलोर में इन पार्टियों के दूसरे सम्मलेन में आकार दिया गया। बैंगलोर में 26 राजनैतिक दलों ने प्रजातंत्र और संविधान को बचाने और भाजपा, जिसका संगठन मतदान केंद्र से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक फैला हुआ है और जो एक बढ़िया मशीन की तरह काम करता है, से मुकाबला करने के लिए एक साथ मिल कर काम करने का निर्णय लिया है।

इस संगठन के ठोस स्वरूप लेने से भाजपा चौंकन्ना और परेशान हो गई। सबसे पहले उसने एनडीए (राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन) को डीप फ्रीजर से बाहर निकाला। इसमें 38 पार्टियां शामिल हैं, जिनमें से कुछ को छोड़कर सभी अनजान हैं। एनडीए के सम्मलेन में जो बैनर लगाया गया था उसमें केवल शीर्ष नेता का चित्र था और बाकी पार्टियों के नेता उनके आगे दंडवत कर रहे थे।


विपक्षी गठबंधन को इंडिया का नाम देने का निर्णय सचमुच बेहतरीन था और इससे भाजपा और उसके साथी बहुत घबरा गए। उन्होंने विपक्षी पार्टियों को भला-बुरा कहने के अलावा यह भी कहा कि इस नाम का इस्तेमाल अनुचित है। उनके अनुसार इससे चुनाव में मतदाता भ्रमित हो सकते हैं। समाचार एजेंसी एएनआई ने खबर दी है कि इस सिलसिले में दिल्ली के बाराखम्बा पुलिस थाने में एक शिकायत भी भाजपा नेताओं ने दर्ज करवाई है।

भाजपा नेता और असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा इस बहस को एक कदम और आगे ले गए। उनके अनुसार इंडिया और भारत शब्द दो अलग-अलग सभ्यताओं के प्रतीक हैं। अंग्रेजों ने हमारे देश को इंडिया का नाम दिया था और हमें इस औपनिवेशिक विरासत से स्वयं को मुक्त करने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे पुरखों ने 'भारत' के लिए संघर्ष किया था और हमें भारत के निर्माण के लिए काम करना चाहिए।

सरमा पर तीखा पलटवार करते हुए कांग्रेस के जयराम रमेश ने ट्वीट किया:'उनके (सरमा) गुरूजी, श्री मोदी ने पहले से चली आ रही योजनाओं को नए नाम दिए- स्किल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और डिजिटल इंडिया। उन्होंने विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों से 'टीम इंडिया' के रूप में काम करने को कहा। यहां तक कि उन्होंने 'वोट इंडिया' की अपील भी की। ज्योंही 26 पार्टियों ने अपने गठबंधन को इंडिया का नाम दिया, उन्हें फिट आ गया और वे इंडिया शब्द के इस्तेमाल को 'औपनिवेशिक मानसिकता' का प्रतीक बताने लगे।'

प्रधानमंत्री इससे इतने परेशान हो गये कि उन्होंने अपने ट्विटर हैंडल को 'बीजेपी फॉर इंडिया' से 'बीजेपी फॉर भारत' में बदल दिया। प्रधानमंत्री के सभ्यताओं और मूल्यों के टकराव की बात करते ही हिन्दुत्ववादी लेखकों में इस मुद्दे पर लिखने की होड़ मच गयी। जेएनयू की कुलपति शांतिश्री धुलिपुड़ी पंडित ने लिखा, 'भारत को मात्र संविधान से बंधे एक राष्ट्र के रूप में प्रस्तुत करना उसके इतिहास, उसकी प्राचीन विरासत, संस्कृति और सभ्यता की उपेक्षा करना है।' इसी गुट के अन्य लेखक तर्क दे रहे हैं कि सभ्यतागत मूल्यों को भारतीय संविधान के मूल्यों पर प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

भारतीय सभ्यता की इन लेखकों की व्याख्या संकीर्ण है और केवल हिन्दू धर्म की ब्राह्मणवादी परंपरा पर केन्द्रित है। वे भारतीय सभ्यता की हूण और यूनानी सभ्यता से अंत:क्रिया को नजरअंदाज़ कर रहे हैं और भारत में इस्लाम और ईसाई धर्म के आगमन को नीची निगाहों से देखते हुए उसे हमारी सभ्यता पर 'विदेशी आक्रमण' ठहरा रहे हैं। यह आख्यान, जवाहरलाल नेहरु की भारतीय सभ्यता की समझ से एकदम उलट है। नेहरु ने लिखा है, 'भारत एक ऐसी स्लेट है जिस पर एक के बाद अनेकानेक परतों में नए-नए विचार लिखे गए परन्तु कोई भी नयी परत, पिछली परत को पूरी तरह छुपा या मिटा न सकी।'



राम पुनियानी

> विपक्षी पार्टियों के इंडिया का विरोध, हमारी सभ्यता के समावेशी मूल्यों का विरोध है। भारत का संविधान भी देश की सभ्यता के विकास का नतीजा है। इंडिया का विरोध सेम्युएल हट्टिंगटन की सभ्यताओं के टकराव के सिद्धांत के अनुरूप है और संयुक्त राष्ट्रसंघ की उस रपट के खिलाफ है जो सभ्यताओं के गठजोड़ की बात करती है और जो नेहरु के ऊपर दिए गए उद्धरण से मेल खाती है।

हेमंत सरमा एंड कंपनी के लिए भारतीय संस्कृति का अर्थ है वह कथित गौरवशाली काल जब ब्राह्मणवादी मूल्यों का बोलबाला था। वे तो चार्वाक, बुद्ध, महावीर, सम्राट अशोक और भक्ति-सूफी संतों जैसे विशुद्ध भारतीयों की परंपरा को भी स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं। वे रोमिला थापर, इरफ़ान हबीब, रामशरण शर्मा और हरबंस मुखिया जैसे 'वामपंथी' इतिहासकारों से नफरत करते हैं क्योंकि उनकी दृष्टि में भारतीय सभ्यता का अर्थ है जाति और लिंग आधारित ऊंच-नीच। इन मेधावी इतिहासविदों ने समाज के गहरे सच को उजागर किया। उन्हें केवल 'शासक के धर्म' से मतलब नहीं था। उन्होंने दलितों, महिलाओं और आदिवासियों सहित समाज के सभी वर्गों की बात की और भारतीय सभ्यता की असली विविधता को हमारे सामने रखा।

दरअसल, दक्षिणपंथी विचारधारा ही औपनिवेशिक विरासत की असली वाहक है। वह इतिहास को उसी चश्मे से देखती है जिस चश्मे को हमारे औपनिवेशिक आकाओं ने हमें दिया था। हमारे विदेशी शासक समाज को धर्म के आधार पर बांटना चाहते थे और इसलिए उन्होंने सांप्रदायिक इतिहास लेखन को प्रोत्साहन दिया जो इतिहास को तत्कालीन राजा के चश्मे से देखता है। हेमंत सरमा जैसे लोग इसी परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। हां, इसमें उन्होंने उच्च जातियों और पितृसत्तात्मक व्यवस्था के मूल्यों को भी जोड़ लिया है और यही मिक्सचर बहिष्करण पर आधारित उनकी राजनीति का आधार है।

उनकी राह में मुख्य बाधा है भारत का संविधान। जैसे-जैसे भारतीय राष्ट्रवाद की ताकत और प्रभाव बढ़ने लगा, इन लोगों ने मनुस्मृति और उसके कानूनों का महिमामंडन शुरू कर दिया और वे मुसलमानों, ईसाईयों और साम्यवादियों को देश का 'आतंरिक शत्रु' बताने लगे। भारत के संविधान का विरोध उनकी राजनीति का हिस्सा रहा है जिसकी स्पष्ट अभिव्यक्ति पूर्व आरएसएस सरसंघचालक के. सुदर्शन ने की थी। उन्होंने कहा था कि संविधान देश के लोगों के लिए किसी काम का नहीं है।

इसमें कोई संदेह नहीं कि विपक्षी पार्टियों के इंडिया का विरोध, हमारी सभ्यता के समावेशी मूल्यों का विरोध है। भारत का संविधान भी देश की सभ्यता के विकास का नतीजा है। इंडिया का विरोध सेम्युएल हट्टिंगटन की सभ्यताओं के टकराव के सिद्धांत के अनुरूप है और संयुक्त राष्ट्रसंघ की उस रपट के खिलाफ है जो सभ्यताओं के गठजोड़ की बात करती है और जो नेहरु के ऊपर दिए गए उद्धरण से मेल खाती है। हम केवल उम्मीद कर सकते हैं कि इंडिया, हेमंत सरमा जैसे लोगों की विघटनकारी राजनीति पर भारी पड़ेगा।

**( अंग्रेजी से रूपांतरण अमरीश हरदेनिया )**

## पावन प्रसंग

### सबसे सर्वोपरि है स्थिर मन

हम असुरक्षित क्यों रहते हैं? अनिश्चित क्यों रहते हैं? क्योंकि हमने मान लिया है कि हमारे साथ सब कुछ बुरा होगा, लोग अपने सुरक्षित भविष्य के लिए पैसा जोड़ते हैं, उसे संग्रहीत करते हैं। यह असुरक्षा, यह अनिश्चिततता- मन को चंचल करती है। हम संचय तो करते हैं-समृद्धि का, साधन का, संपदा का, सद्गुणों का संचय नहीं करते। परिणाम यह होता है कि जितना संचय बढ़ता है, जितना परिग्रह बढ़ता है, उतनी मन की चिंता भी बढ़ती है।

जिनके घर में बहुत सारा सामान है. तो अपने घर की सफाई नहीं कर सकते। सफाई करने के लिए उनकी एक सप्ताह पहले प्लानिंग करनी पड़ेगी कि अब सफाई करनी है, क्योंकि उनके घर में बहुत सामान भरा है, इधर का कूड़ा उधर का कूड़ा। कई बार तो लोग ऐसा करते हैं इस कोने का कूड़ा उस कोने ने कर देते हैं और उस कोनो का कूड़ा इस कोने में। यह मन का जो कचरा है मन का जो कूड़ा है, वही हमको अस्थिर करता रहता है, लेकिन हमें अपने मन को स्थिर करना है इसलिए पहले हम पहचानें, जानें कि कहां-कहां हमारा मन जाता है? हमारे मन को कौन अस्थिर करता है।

व्यक्ति की चिंताएं, शंकाएं उसको सबसे ज्यादा अस्थिर करती है। निषेधात्मक चीजें मन को बहकाती रहती हैं, इसलिए सबसे पहले उन्हें पहचानना जरूरी है, समझना जरूरी है। जहां-जहां नकारात्मकता है, जो-जो चीजें आपको चुभती हैं, उस चुभन को निकालना है, उन गांठों को खोलना है और इसके लिए शुभ विचारों को अपनाना जरूरी है। एक शुभ विचार ही हमारे मन को बदलने के लिए पर्याप्त हैं, बस, उस विचार में वह ऊर्जा होनी चाहिए। हमारे यहां उपनिषदों में चार महावाक्य कहे गए हैं, ये चार ब्रह्मसूत्र हैं, इनके बारे में ज्ञानी जन कहते हैं कि अगर ये चार सूत्र समझ में आ गए तो समझो सारा ब्रह्मसूत्र समझ में आ गया। भगवद्गीता है तो सप्तश्लोकी भगवद्गीता भी है यानी भगवद्गीता के ये सात श्लोक समझ में आ गए तो समझो सात सौ श्लोक समझ में आ गए। दुर्गासप्तशती है, तो सप्तश्लोकी दुर्गा भी है, इसके सात श्लोक समझ में आ गए तो समझो दुर्गा सप्तशती समझ में आ गई। बात छोटी सी है, लेकिन एक बात भी अगर समझ में आ जाए, तो जीवन बदलने के लिए यह एक बात भी पर्याप्त है। हमारे जीवन में बहुत सारे काम ऐसे हैं, जो हम नहीं कर सकते, लेकिन भगवत्कृपा से सब कार्य संभव हैं। यह विश्वास, यह श्रद्धा, यह आस्था, हमारे मन को बहुत संबल देते हैं, मन को अस्थिर होने से बचाते हैं, उसे एक जगह टिका देते हैं। जीवन में कई बार बड़ी दुर्घटनाएं घटती हैं, जैसे स्वतंत्रता से पूर्व हमारे देश के पूर्वोत्तर क्षेत्र यानी गोरखपुर, बलिया, बिहार का कुछ इलाका आदि, इन जगहों में एक दुर्घटना घटी, अंगरेज लोग वहां के कुछ लोगों को पकड़ कर ले गए। ये लोग घर से दूर, परिवार से दूर, रिश्ते-नातों के बिना वहां पर कैसे रहें। वहां तो उन्हें मजदूरी करनी थी, अपने रिश्ते तो उनके देश में ही छूट गए। कोई उन्हें घर वापस बुला नहीं सकता था। फिर रिश्ते बनाने के लिए वहीं कहीं उन्होंने शादी कर ली, अफ्रीकन वगैरह से शादी हुई। अपने साथ अपने देश से वो कुछ नहीं ले गए थे, लेकिन हनुमान चालीसा और तुलसीदासजी की रामायण की यानी श्रीरामचरितमानस की कुछ चौपाइयां उन्हें कंठस्थ थीं। वो हनुमान चालीसा, वो रामचरितमानस उनके लिए एक तरह से संजीवनी बन गई, उन्हें भावनात्मक संबल देने के लिए एक आधार बन गई।

आज भी आप देखो तो जो दूर देश के इलाके हैं, और उनमें बसे हुए भारतीय हैं, उनसे पूछो कि वे अपने साथ क्या लाए थे? जब मन टूटता था, तब उस टूटे-बिखरे मन के लिए उनका संबल क्या होता था? हनुमान चालीसा। आज भी वहां पर जब भारत से कोई कथावाचक जाते हैं तो बड़े अनुराग से वे राम-कथा सुनते हैं क्यों? उन राम के नाम से उन हनुमान जी के नाम ने हनुमान चालीसा की चौपाइयों ने उनके जीवन की डोर बांधे रखी। उनके व्यक्तित्व को बिखरने से बचाया। जीवन की छोटी-बड़ी बातों में बड़ी आस्थाएं छिपी होती हैं। वहां सकारात्मकता का, शुभ चिंतन का, सद्गुणों का विश्वास प्रकाश बिखेरो।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

### बिहार में जातीय जनगणना के आदेश पारित होते ही शिक्षकों की तनी भृकुटि, नही करेंगे गैर शैक्षणिक कार्य

बिहार में जातीय गणना के पक्ष में राज्य सरकार हमेशा से रही है। एनडीए के गठबंधन के समय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जातीय जनगणना की पैरवी करने मोदी से भेंट की थी। भाजपा जातीय जनगणना के पक्ष में नहीं थी। इसके बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जातीय जनगणना कराने के लिए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। हाईकोर्ट के आदेश पारित होते ही शिक्षकों की आवश्यकता आन पड़ी है। शिक्षक संघ ने सरकार पर यह आरोप लगाते हुए खण्डन किया है कि बीपीएससी में आवेदन करने वाले शिक्षकों के फेल कराने की साजिश है। मुख्य सचिव का कहना है कि कोई भी शिक्षक गैरशैक्षणिक कार्य नहीं करेगा। बिहार में शिक्षक संघ और सरकार के बीच विचारधारा की लड़ाई छिड़ गई है। शिक्षक जातीय जनगणना करेंगे तो बीपीएससी की गणना कैसे करेंगे? शिक्षक और सरकार के बीच तलवार खींच गई है। शिक्षा के अधिकार अधिनियम के विरुद्ध सरकार कार्य कर रही है इससे शिक्षकों का भविष्य अंधकार में डूब जाएगा। कई राज्यों में जातीय जनगणना का विरोध हुआ है उसके बावजूद बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने जातीय जनगणना की ठान रखी है। फैसलों के खिलाफ शिक्षक संघ आ खड़ा हुआ है जिससे बिहार में आगामी जनगणना की मुहिम में व्यवधान पैदा होने की संभावना है। गणना और गैरशैक्षणिक कार्य के लिए शिक्षकों को ही आगे किया जाता है। शिक्षक सरकार की गाइड लाइन की पालन हर हालत में करेंगे। यदि ऐसा नहीं है तो शिक्षकों को निलंबित करने में सरकार एक पल का विचार नहीं करेगी। कोरोना के समय में मरीज की गणना,पशु गणना और शौचालय गणना आदि कार्य शिक्षकों ने किए हैं। मकानों की गणना और मेट्रिक में इंटरमीडिएट परीक्षा के बाद अब जनगणना में लगने से उनके पास पढ़ाई का समय नहीं बचेगा। इन परिस्थितियों में सरकार क्या कदम उठाती है? लोकसभा चुनाव की तैयारी और 2025 में बिहार विधानसभा की भी तैयारी होगी। ऐसे में शिक्षकों पर पड़ने वाली समय की मार को कैसे व्यवस्थित की जाए। उसके लिए सरकार से अपील की जा रही है। शिक्षा मंत्री व पीएम को पत्र लिखकर शिक्षकों ने न्याय की गुहार लगाई है।

### दुष्कर्म के बाद नाबालिग की हत्या की बढ़ती घटना समाज के लिए चिंताजनक

कोई दिन खाली नही जाता है अखबार में दुष्कर्म की घटना की खबर नहीं छपी हो। आए दिन दुष्कर्म की घटना में दुधमुंही बच्चियों के साथ घिनौनी हरकत की जाती है। नाबालिग बच्चियों के साथ गैंगरेप की घटनाएं बढ़ती जा रही है। यह सभ्य समाज पर कलंक है। आवारा घूमते बिगड़े युवाओं को परिवार और समाज की कोई फिक्र नहीं है। अपने परिवार और माता पिता का सिर शर्म से झुकाने वाले नालायक बेटे दुष्कर्म और हत्या की वारदात को अंजाम दे रहे है। वहशीपन की बढ़ती दरिन्दगी से समाज की युवा पीढ़ी विश्वसनीयता खोती जा रही है। युवतियों और महिलाओं के साथ अमानुषिक घटना अखबार में पढ़ने मात्र से रोंगटे खड़े हो जाते हैं। पाषाणयुगीन मानव भी इतने क्रूर और निर्लज्ज नहीं थे। शिक्षित परिवार ऐसे बेहूदा कार्य और कभी माफ नहीं किये जाने वाले कार्य करते हैं जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। दुधमुंही बच्चियों के साथ दुष्कर्म और बाद में हत्या करने वाले विकृत मानसिकता वाले युवाओं में विकृति कहां से आती है। दो-तीन साल की बच्चियों को दुलार करते हैं। उस पर विकृति पैदा कर अमानुषिक कृत्य समाज के लिए कलंक है। कलंकित करने वाले नराधमों को फांसी तो दी जाती है लेकिन यह नाकाफी है।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*

*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

# देश विदेश

## अमेरिकी सीनेट सक्रिय शूटर अलर्ट पर बंद

**वाशिंगटन।** अमेरिका में कैपिटल पुलिस कार्यालय भवन में एक सक्रिय शूटर की मौजूदगी की रिपोर्टों के बीच अमेरिकी सीनेट को बुधवार दोपहर को बंद कर दिया गया। यूएस कैपिटल पुलिस ने दोपहर करीब तीन बजे ट्वीट किया, हमारे अधिकारी कॉल के जवाब में सीनेट कार्यालय भवनों में और उसके आसपास तलाशी ले रहे हैं। कृपया क्षेत्र से दूर रहें क्योंकि हम अभी भी जांच कर रहे हैं। सीनेट की इमारतों के अंदर मौजूद लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने के लिए कहा गया है। शाम चार बजे यूएस कैपिटल पुलिस ने कहा कि वह सीनेट कार्यालय भवनों को फिर से खोलने के लिए तैयार है।


# पाकिस्तान ने अमेरिका के साथ चुपचाप सुरक्षा समझौते को दी मंजूरी

**इस्लामाबाद,** 3 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान संघीय कैबिनेट ने चुपचाप अमेरिका के साथ एक महत्वपूर्ण सुरक्षा समझौते को मंजूरी दे दी है। इससे वाशिंगटन से सैन्य हार्डवेयर की खरीद का रास्ता साफ हो गया है।

सरकारी सूत्रों के अनुसार, कैबिनेट ने दोनों देशों के बीच संचार अंतरसंचालनीयता और सुरक्षा समझौता ज्ञापन (सीआईएस-एमओए) पर हस्ताक्षर को मंजूरी दे दी।

हालांकि, पाकिस्तान और अमेरिका ने अभी तक इस घटनाक्रम पर आधिकारिक बयान नहीं दिया है। सूत्रों ने यह भी पुष्टि की कि संघीय कैबिनेट की बैठक में सीआईएस-एमओए पर सारांश का प्रसार देखा गया।

हालांकि, सूत्रों ने इसकी पुष्टि करने से परहेज किया कि कैबिनेट के अधिकांश सदस्यों ने इसे मंजूरी दी है या नहीं। गौरतलब है कि सीआईएस-एमओए एक समझौता है, जिस पर अमेरिका अपने सहयोगियों और उन देशों के साथ हस्ताक्षर करता है, जिनके साथ वह घनिष्ठ सैन्य और रक्षा संबंध बनाए रखने का इरादा रखता है। सीआईएस-एमओए के तहत, वाशिंगटन को अन्य देशों को सैन्य उपकरण और हार्डवेयर की बिक्री के लिए अमेरिकी रक्षा विभाग के लिए कानूनी कवर भी मिलता है। सीआईएस-एमओए पर हस्ताक्षर यह स्थापित करता है कि दोनों पक्ष एक संस्थागत तंत्र बनाए रखने के इच्छुक हैं।




■ वाशिंगटन से सैन्य हार्डवेयर की खरीद का रास्ता साफ हो गया है।
■ पाकिस्तान व अमेरिका ने अभी तक इस पर आधिकारिक बयान नहीं दिया

पाकिस्तान इससे पहले अक्टूबर 2005 के दौरान 15 वर्षों तक इस समझौते में रहा था। 2005 के समझौते पर पाकिस्तान के संयुक्त कर्मचारी मुख्यालय और रक्षा विभाग के बीच हस्ताक्षर किए गए थे। वह समझौता 2020 में समाप्त हो गया। 2023 के नवीनतम समझौते के तहत, अगले 15 वर्षों के लिए दोनों पक्ष संयुक्त अभ्यास, संचालन, प्रशिक्षण, आधार और उपकरण आयोजित करने पर सहमत हुए हैं। हालांकि, सुरक्षा विशेषज्ञ और विश्लेषक पाकिस्तान द्वारा अमेरिका से सैन्य हार्डवेयर खरीदने की संभावना को कम महत्व देते हैं। सेवा में अपने समय के दौरान अमेरिका के साथ काम करने वाले एक वरिष्ठ पूर्व सैन्य अधिकारी ने कहा, वाशिंगटन के दीर्घकालिक हित इस्लामाबाद के साथ मेल नहीं खाते हैं। फिर भी, अमेरिका को कुछ महत्वपूर्ण क्षेत्रों में पाकिस्तान की जरूरत है और इसलिए यह समझौता दोनों के उद्देश्यों को पूरा करता है। इस घटनाक्रम और इसकी गोपनीयता की दूसरी प्रमुख चिंता अमेरिका-पाकिस्तान गठबंधन और काबुल में तालिबान शासन और पाकिस्तान व अफगानिस्तान के सीमावर्ती क्षेत्रों से सक्रिय विभिन्न आतंकवादी समूहों की प्रतिक्रिया है। आतंकवादी मामलों के विशेषज्ञ ताहिर खान ने कहा, पाकिस्तान को अमेरिका ने उस समय एक सहयोगी के रूप में लिया था, जब अफगान तालिबान अफगानिस्तान में नाटो बलों के साथ लड़ रहे थे। इस्लामाबाद पर कई बार ड्रोन हमलों के जरिए तालिबान के हाई-प्रोफाइल कमांडरों को निशाना बनाने में अमेरिका की मदद करने का आरोप लगा।

## कैमरून में बंदूकधारियों ने की आठ मछुआरों की हत्या

**याउंडे,** 3 अगस्त (एजेंसियां)। कैमरून के सुदूर उत्तर क्षेत्र में लेक चाड के एक द्वीप में अज्ञात बंदूकधारियों ने कम से कम आठ मछुआरों की गोली मारकर हत्या कर दी है। स्थानीय निवासियों और सैन्य सूत्रों ने कहा कि इस्लामिक स्टेट वेस्ट अफ्रीका प्रोविंस (आईएसडब्ल्यूएपी) के संदिग्ध सदस्य बुधवार तड़के हुए 'निंदनीय कृत्य' के लिए जिम्मेदार हैं। स्थानीय मीडिया ने बताया कि आतंकवादी मछली पकड़ने की गतिविधि पर कर लगाने के लिए इलाके में आए है, लेकिन उन्हें मछुआरों के प्रतिरोध का सामना करना पड़ा। इन हत्याओं पर दुख व्यक्त करते हुए क्षेत्र के एक सैन्य अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि सेना झील को सुरक्षित करने के लिए और अधिक कर्मियों को तैनात करेगी। उल्लेखनीय है कि आईएसडब्ल्यूएपी ने पूर्वोत्तर नाइजीरिया में एक इस्लामी राज्य स्थापित करने के उद्देश्य से बोको हराम समूह के साथ समझौता किया है।



### दक्षिण पश्चिम पाकिस्तान में गोलीबारी में चार लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण पश्चिम बलूचिस्तान प्रांत में दो समूहों के बीच गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना प्रांतीय राजधानी क्वेटा में हुई जहां बुधवार रात दो समूहों के सदस्यों के बीच भूमि विवाद को बहस छिड़ गयी जिसके बाद उन्होंने एक-दूसरे पर गोलियां चला दीं। पुलिस ने बताया कि दोनों समूह शहर के प्रभावशाली परिवारों से थे जो भूमि विवाद को लेकर आपस में भिड़ गए। गोलीबारी में कई लोग घायल भी हुए हैं और उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आगे की जांच के लिए पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर दी है।

## सुडोकू 6276

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 2 | | 8 | |
| | 8 | 7 | | 6 | | | | 9 |
| | | | | | 4 | 6 | 3 | 1 |
| | | | 2 | 7 | 6 | | 5 | |
| | | | | | | | | |
| | 1 | | 4 | 9 | 8 | | | |
| 9 | 4 | 5 | 8 | | | | | |
| 1 | | | | 5 | | 2 | 7 | |
| | 2 | | 3 | | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6276

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | ■ | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | ■ | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. किसी बखेड़े या झमेले में पड़ा हुआ
४. क्रमांक
६. घिसाव, घर्षण
७. दया, कृपा (उर्दू)
८. आज्ञाकारी सेवक (उर्दू)
१०. प्राप्त लब्ध (उर्दू)
११. आपस में
१३. पिंजरा (उर्दू)
१४. जल में उत्पन्न
१५. चंदन
१७. स्थान (उर्दू)
१९. सतह, तह
२१. द्वितीय
२२. जांचने वाला
२४. दूसरा जन्म

**ऊपर से नीचे:-**

१. ब्यौरा
२. किसी कार्य के बनने, बिगड़ने की पूरी जिम्मेदारी (उर्दू)
३. मूल्य, दाम (उर्दू)
४. जांच, निरीक्षण (उर्दू)
५. गंभीर, संवेदनशील (उर्दू)
९. रत्नों का ढेर
१०. पराजित
११. शुरूआत, आरंभ (उर्दू)
१२. छूने से पैदा होने वाला
१३. दासी, सेविका (उर्दू)
१४. टूटा-फूटा
१५. श्रमिक (उर्दू)
१६. मृत्यु का देवता
१८. झरोखा
१९. पढ़ा हुआ
२०. तपस्या
२३. उधार, ऋण

### वर्ग पहेली-6275

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| च | क्र | २ पा | णि | ■ | ■ | ३ खु | ले | ४ आ | म |
| म | ■ | र | ■ | ५ आ | गो | श | ■ | तं | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | ८ |
| ना | ■ | ग | ■ | ९ ज | ली | ल | ■ | ■ | ख |
| ■ | १० आ | ना | ११ का | नी | ■ | ■ | १२ भा | स्क | र |
| ■ | ख्या | ■ | म | ■ | १३ नू | पु | र | ■ | खा |
| १४ अ | न | १५ म | ना | ■ | त | ■ | १६ त | १७ ना | व |
| द्धा | ■ | हा | ■ | १८ ज | न | १९ क | ■ | स्ति | ■ |
| २० गि | र | वी | ■ | ता | ■ | २१ स | म | क | २२ क्ष |
| नी | ■ | २३ र | ण | ना | य | क | ■ | ■ | ति |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शुक्रवार 4 अगस्त, 2023 श्रावण कृष्ण पक्ष 2

### राशिफल

मेष -आप का दिन मित्रों और सामाजिक कामों के पीछे भागदौड़ में बीतेगा। धन का खर्च भी करना पड़ेगा। आपके नए मित्र बन सकते हैं, जो भविष्य में आपके लिए लाभदायी रहेंगे। सरकारी कामों में सफलता प्राप्त होगी।

वृषभ -आज का दिन आपके लिए शुभ फलदायी है। विशेषकर व्यवसाय करने वालों के लिए आज का दिन बहुत लाभदायी रहेगा। व्यवसाय में पदोन्नति का भी योग है। कार्यालय में उच्च अधिकारी का सहयोग प्राप्त होगा।

मिथुन -आप का दिन प्रतिकूलता लेकर आएगा। मानसिक रूप से चिंता और शारीरिक रुप से शिथिलता का अनुभव होगा। काम करने का उत्साह नहीं रहेगा। व्यवसायिक स्थल पर भी अधिकारियों और सहकर्मियों का व्यवहार नकारात्मक रहेगा।

कर्क -वैचारिक रूप से नकारात्मकता छाई रहने से आज दिनभर शारीरिक और मानसिक रुप से अस्वस्थता बनी रहेगी। आपको नकारात्मकता से दूर रहने की सलाह दी जाती है। क्रोध पर भी आज संयम रखना पड़ेगा। खर्च अधिक होगा।

सिंह -आज पति-पत्नी के बीच अनबन हो जाने से दांपत्यजीवन में क्लेश हो सकता है। आप दोनों में से किसी का स्वास्थ्य न बिगड़े इसका ध्यान रखें। सांसारिक तथा अन्य मामलों के कारण भी आपका मन उदासीन रहेगा।

कन्या -व्यावसायिक क्षेत्र में आज यश प्राप्त होने की संभावना अधिक हैं। सहकर्मियों का साथ मिलेगा।पारिवारिक वातावरण में सुख का अनुभव होगा। शारीरिक और मानसिक रुप से भी आप स्वस्थ रहेंगे। आर्थिक लाभ होगा।

तुला -वैचारिक रूप से विशालता और वाणी की मधुरता अन्य लोगों को प्रभावित करेगी और इससे अन्य व्यक्तियों के साथ संबंधों में मेल बना रहेगा। चर्चा-परिचर्चा में भी आप प्रभाव जमा सकेंगे।

वृश्चिक -स्नेहीजनों के साथ संबंधों में सावधानी बरतें। शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थता के कारण व्यग्रता बनी रहेगी। माता का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। धन और कीर्ति की हानि होगी। पारिवारिक वातावरण क्लेशपूर्ण रहेगा।

धनु -विरोधी आज परास्त होंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। नए काम का आरंभ करने के लिए समय अनुकूल है। स्नेहीजनों के साथ समय आनंद सहित गुजारेंगे।

मकर -आज का दिन मिश्रित फलदायी है। परिजनों के साथ गलतफहमी या मनमुटाव के प्रसंग बनने से मन में ग्लानि छाई रहेगी। निरर्थक खर्च होगा। आरोग्य का ध्यान रखें। विद्यार्थियों को आज अभ्यास में रुचि नहीं होगी।

कुंभ -आर्थिक दृष्टिकोण से आज का दिन लाभदायी है। परिवार का वातावरण आनंद से भरा रहेगा। मित्रों और परिजनों के साथ आनंदपूर्वक समय गुजार सकेंगे। आज आप प्रवास और पर्यटन का आनंद भी उठा सकेंगे।

मीन -कोर्ट-कचहरी या स्थायी संपत्ति की झंझट में न पड़ें। एकाग्रता से आज सभी कार्यों में फायदा होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। स्वजनों के वियोग का प्रसंग उपस्थित होगा। परिजनों के साथ मतभेद रहेगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## फ्रांसीसी समाचार एजेंसी ने ट्विटर के खिलाफ दायर की याचिका

**पेरिस,** 3 अगस्त (एजेंसियां)। फ्रांस की एक समाचार एजेंसी ने कॉपीराइट मामले को लेकर माइक्रोब्लागिंग साइट ट्विटर के खिलाफ याचिका दायर की है। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक यह याचिका बुधवार को दायर की गयी। याचिका में कहा गया है कि मीडिया समूहों की रिपोर्टें और तस्वीरें लंबे समय से ट्विटर , फेसबुक और गूगल जैसे प्लेटफार्मों पर प्रदर्शित की जा रही है इसलिए उन्हें भी मुनाफे का एक हिस्सा मिलना चाहिए।

**कॉपीराइट का है मामला**

याचिका में 2019 के यूरोपीय संघ के उस कानून का हवाला दिया गया है जिसमें 'पड़ोसी अधिकार' व्यवस्था के तहत सामग्री साझा करने के लिए भुगतान को तर्कसंगत ठहराया गया था और गूगल और फेसबुक ने कुछ फ्रांसीसी मीडिया आउटलेट्स को भुगतान करने के लिए सहमति जतायी। फ्रांसीसी समाचार एजेंसी ने अरबपति टाइकून एलोन मस्क के स्वामित्व वाले ट्विटर की ओर से ऐसा कोई भुगतान नहीं किये जाने और इससे इंकार किये जाने का आरोप लगाया है।

## नाइजर से 350 फ्रांसीसी नागरिकों को निकाला गया'

**पेरिस,** 3 अगस्त (एजेंसियां)। फ्रांस ने नाइजर में सैन्य द्वारा किए तख्तापलट के कारण 350 से अधिक फ्रांसीसी नागरिकों को को अब तक वहां निकाला है। यह जानकारी फ्रांस के यूरोप एवं विदेश मामलों के मंत्रालय ने बुधवार को दी। मंत्रालय ने बताया कि नाइजर के नियामी से दो उड़ानें पहले ही रवाना हो चुकी हैं, जिनमें फ्रांसीसी नागरिकों के साथ-साथ यूरोपीय संघ के अन्य देशों के नागरिक भी सवार हैं। मंत्रालय ने कहा कि निकासी उड़ानों में 510 से अधिक लोग सवार हैं। निकासी अभियान के तहत तीसरी उड़ान भी निर्धारित है। मंत्रालय के अनुसार फ्रांस के नाइजर में लगभग 1,200 पंजीकृत नागरिक रहते हैं। इनमें से लगभग 600 नागरिकों ने निकाले जाने की इच्छा व्यक्त की है। फ्रांस के बीएफएमटीवी से बात करते हुए फ्रांस की विदेश मंत्री कैथरीन कोलोना ने मंगलवार को पुष्टि की कि फ्रांस नाइजर में सैन्य हस्तक्षेप नहीं करेगा। उल्लेखनीय है कि पिछले बुधवार को नाइजर के रक्षा एवं सुरक्षा बलों ने कहा कि देश में सैनिकों ने कथित तौर पर बंधक बनाए जाने के कुछ ही घंटों बाद राष्ट्रपति मोहम्मद बज़ौम को सत्ता से बेदखल कर दिया। इसके दो दिन बाद नाइजर के राष्ट्रपति गार्ड के पूर्व नेता जनरल अब्दौराहमाने त्चियानी को 'होमलैंड की सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय परिषद का अध्यक्ष' नामित किया गया। बाद में उन्होंने संविधान को निलंबित करने और सरकार को भंग करने के आदेश पर हस्ताक्षर किए, जिससे परिषद को सभी विधायी और कार्यकारी प्राधिकरणों का प्रयोग करने का अधिकार मिल गया। श्री बज़ौम ने 2021 में चुनाव जीतने के बाद पदभार ग्रहण किया। साल 1960 में फ्रांस से स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद से नाइजर में चार तख्तापलट हो चुका है।




■ लगभग 600 नागरिकों ने निकाले जाने की इच्छा व्यक्त की

## बांग्लादेश में डेंगू मरीजों की संख्या 57,127 हुई

**ढाका,** 3 अगस्त (एजेंसियां)। बांग्लादेश में डेंगू के 2,711 नए मामले सामने आए हैं और 12 मरीजों की हुई है। इसके साथ ही डेंगू मरीजों की संख्या 57,127 तथा इस साल जनवरी से अब तक इसके कारण मरने वालों की संख्या बढ़कर 273 हो गई है। स्वास्थ्य विभाग के महानिदेशालय ने बुधवार को बताया कि 2638 मरीजों के साथ होने के बाद इस महामारी को मात देने वालों की संख्या बढ़कर 47,529 हो गई है। बांग्लादेश में पिछले महीने इस संक्रमण के सबसे ज्यादा 43,854 नए मामले सामने आए थे तथा 204 मरीजों ने जान गंवाई थी। बांग्लादेश में जून से सितंबर तक बरसात के मौसम में डेंगू के मामले सामने आते हैं। इस दौरान यहां मच्छरों से उत्पन्न होने वाली इस बीमारी का अधिक खतरा रहता है।

■ अब तक 273 लोगों की मौत



## चीन में बाढ़ से निपटने में मदद करेगा एप्पल

**बीजिंग,** 3 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनी एप्पल चीन के बीजिंग और हेबेई प्रांत में बाढ़ की स्थिति से निपटने में मदद करेगी। कंपनी के प्रमुख टिम कुक ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, बीजिंग और आसपास के हेबेई प्रांत में भयानक बाढ़ से प्रभावित लोगों के प्रति हमारी संवेदनाएं हैं। एप्पल इस बाढ़ में राहत प्रयासों के लिए दान देगा। मीडिया ने बीजिंग बाढ़ रोकथाम प्राधिकरण का हवाला देते हुए बताया कि शहर में भारी बारिश से मरने वालों की संख्या 11 तक पहुंच गई, जबकि हेबेई प्रांत में नौ और लोगों की मौत हो गई। वहीं भारी बारिश से राजधानी के 13 जिलों में कुल 44,673 लोग प्रभावित हुए हैं। बीजिंग में विभिन्न इलाकों में फंसे लगभग 127,000 लोगों को सुरक्षित निकाला गया है। अधिकारियों ने कहा कि बाढ़ का खतरा अभी भी बना हुआ है। आपदा से हुई आर्थिक क्षति का आकलन अभी भी किया जा रहा है।

### जापान में खानून तूफान से दो की मौत, 61 घायल

**टोक्यो।** जापान के दक्षिणी द्वीप ओकिनावा प्रान्त में शक्तिशाली तूफ़ान खानून के कारण मूसलाधार वर्षा जारी है और वर्षा जनित घटनाओं से गुरुवार को मरने वालों की संख्या बढ़कर दो हो गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। तूफान के कारण ओकिनावा में 24 प्रतिशत घरों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई है। इसके अलावा, उरुमा शहर में मोमबत्ती से आग लगने के कारण में एक वृद्ध महिला (89) की जलकर मृत्यु हो गई। इससे पहले बुधवार को, शक्तिशाली तूफ़ान में एक घर ढह गया, जिसमें एक व्यक्ति (90) घायल हो गया था और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी मौत हो गई।

**प्रस्ताव** राष्ट्रपति कार्यालय के प्रमुख एंड्री यरमक ने दी जानकारी

## यूक्रेन ने शांति फार्मूला लागू करने की रणनीति को रखा सामने

कीव, 3 अगस्त (एजेंसियां)। यूक्रेन के राष्ट्रपति कार्यालय ने यूक्रेन द्वारा शांति फॉर्मूला को लागू करने के लिए तीन-चरणीय रणनीति का खुलसा किया है।

राष्ट्रपति कार्यालय के प्रमुख एंड्री यरमक ने बुधवार को एक टेलीग्राम पोस्ट में कहा, पहले चरण में यूक्रेनी अधिकारियों और यूक्रेन से मान्यता प्राप्त राजदूतों के बीच बैठकें शामिल हैं, इसका उद्देश्य शांति फॉर्मूला पर विस्तार से चर्चा करना है।यरमक ने कहा कि दूसरे चरण में, कीव शांति योजना के कार्यान्वयन के लिए तंत्र खोजने के लिए विदेशी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों और राजनीतिक सलाहकारों के साथ बातचीत करेगा। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, यरमैक के अनुसार, यूक्रेन में संघर्ष को समाप्त करने के उद्देश्य से उपायों को लागू करने के लिए विश्व नेताओं की भागीदारी वाला एक वैश्विक शिखर सम्मेलन शांति रणनीति का अंतिम चरण होगा।

यरमैक ने कहा, यूक्रेन के शांति फॉर्मूले पर चर्चा के लिए पहली अंतरराष्ट्रीय बैठक जून में डेनमार्क में हुई थी और अगली बैठक सऊदी अरब में होगी। उन्होंने कहा कि पश्चिम, एशिया, अफ्रीका, मध्य पूर्व और लैटिन अमेरिका के देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और राजनीतिक सलाहकार बैठक में हिस्सा लेंगे। यूक्रेनी राष्ट्रपति कार्यालय के उपप्रमुख इगोर झोवक्ा के मुताबिक, 5-6 अगस्त को सऊदी अरब के जेद्दा में होने वाली बैठक में 30 से ज्यादा देशों के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। यूक्रेन के राष्ट्रपति ब्लादिमिर ज़ेलेंस्की ने नवंबर 2022 में यूक्रेन में शांति के लिए डिज़ाइन किया गया 10-सूत्रीय फॉर्मूला सामने रखा।



### यूक्रेन ने रूस पर अनाज को नुकसान पहुंचाने का लगाया आरोप

**कीव।** यूक्रेन ने रूस पर दक्षिणी यूक्रेनी बंदरगाहों पर डेन्यूब नदी के पास बीती रात हमला करने और लगभग 40,000 टन अनाज को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया है। यूक्रेन के मंत्री मंत्री ऑलेक्ज़ेंडर कुब्राकोव ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, रूसियों ने गोदामों और अनाज लिफ्टों पर हमला किया लगभग 40,000 टन अनाज क्षतिग्रस्त हो गए। ये अनाज कुछ अफ्रीकी देशों, चीन और इज़राइल से भेजे गये थे। कुब्राकोव ने रूस पर हमले को अंजाम देने के लिए ईरानी ड्रोन का उपयोग करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ये वही बंदरगाह हैं जो आज वैश्विक खाद्य सुरक्षा की नींव बन गए हैं। नाटो-सदस्य रोमानिया से नदी के पार बंदरगाह, अनाज निर्यात के लिए यूक्रेन से मुख्य वैकल्पिक मार्ग है, क्योंकि जुलाई के मध्य में रूस की नाकाबंदी ने यूक्रेन के काला सागर बंदरगाहों पर यातायात रोक दिया था।

## आज का इतिहास

1666- नीदरलैंड और इंग्लैंड के बीच समुद्री लड़ाई हुई।
1886- कोलंबिया ने संविधान अंगीकार किया।
1870- ब्रिटिश रेड क्रॉस सोसाइटी की स्थापना हुई।
1914- जर्मनी के पहले विश्वयुद्ध में शामिल होने के बाद ब्रिटेन ने भी युद्ध में उतरने की घोषणा की।
1929- अभिनेता, गायक, निर्देशक किशोर कुमार का जन्म।
1935- गवर्नमेंट ऑफ इंडिया ऐक्ट 1935 को ब्रिटिश राजशाही की मंजूरी मिली।
1954- पाकिस्तान सरकार ने हाफिज जलंधरी द्वारा लिखे गीत को राष्ट्रगान के रूप में अपनाने पर सहमति दी।
1956- देश का पहला परमाणु अनुसंधान रिएक्टर अप्सरा शुरू हुआ।
1961- अमेरिका के पहले अश्वेत राष्ट्रपति बराक ओबामा का जन्?म हुआ था।
1967- विश्व के सबसे लंबे चिनाई बांध नागार्जुनसागर का निर्माण।
1997- मो. ख़ातमी ने ईरान के नए राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली।
2000- ब्रिटेन की महारानी राजमाता एलिजाबेथ ने अपना सौवां जन्मदिन मनाया।
2001- रूस और उत्तरी कोरिया के बीच सामरिक समझौता हुआ।
2004- नासा ने एल्टिक्स सुपर कम्प्यूटर केसी को कल्पना चावना नाम दिया।
2006- उड़ीसा की महिला मुख्यमंत्री तथा लेखिका नंदिनी सत्पथी का निधन।
2007- अमेरिका ने स्पेस प्रोब फीनिक्स को लॉन्च किया। इसी मिशन ने मंगल की सतह के नीचे पानी और बर्फ होने का पता लगाया था।

## दुनिया को जानें

### जस्टिन ट्रूडो का 18 साल बाद पत्नी से तलाक का फैसला

**ओटावा,** 3 अगस्त (एजेंसियां)। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो (51) और उनकी पत्नी सोफी (48) ने आपसी सहमति से शादी के 18 वर्ष बाद तलाक लेने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा गुरुवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी। श्री ट्रूडो कनाडा के दूसरे प्रधानमंत्री होंगे, जो इस पद पर रहते हुए तलाक ले रहे हैं। इससे पहले, उनके पिता पियरे ट्रूडो ने प्रधानमंत्री के पद पर रहते हुए, वर्ष 1984 में पत्नी मर्गरेट से तलाक लिया था। श्री जस्टिन और श्रीमती सोफी के तीन बच्चे हैं। दोनों के तलाक की खबर सुनकर लोग हैरान हैं, क्योंकि इस जोड़ी को लोगों ने खूब सराहा था। श्री ट्रूडो और उनकी पत्नी ने व्यापक चर्चा और काफी विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय लिया गया। उन्होंने अपने बच्चों का पालन-पोषण करने के लिए माता-पिता के रूप में एकजुट होकर साथ रहने का विकल्प चुना है।



# प्रादेशिकी

## वन विभाग बिस्त सर्कल में 9.5 लाख पौधे लगाएगा : कटारूचक्क

**फिल्लौर ( जालंधर ),** 3 अगस्त (एजेंसियां)। पंजाब के वन और वन्यजीव मंत्री लाल चंद कटारूचक्क ने गुरुवार को कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के निर्देशों के अनुसार, उनका विभाग चालू मानसून सीजन के दौरान बिस्त सर्कल में 9.5 लाख पौधे लगाएगा। फिल्लौर में बिस्त वन सर्कल के अधिकारियों के साथ आयोजित एक बैठक के दौरान श्री कटारूचक्क ने कहा कि इस सर्कल में 90 प्रतिशत वृक्षारोपण पूरा हो चुका है और शेष कार्य जल्द ही पूरा हो जाएगा। उन्होने कहा कि गुरदासपुर और अमृतसर वन सर्कल में क्रमश: 3.5 लाख पौधे और जालंधर सर्कल में 2.5 लाख पौधे लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन पौधों की उचित देखभाल सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को पहले ही निर्देश जारी किए जा चुके हैं।

## राज्य सरकार ने 'मुख्यमंत्री वन विस्तार योजना' की शुरू : सुक्खू

**शिमला,** 3 अगस्त (एजेंसियां)। हिमाचल में पर्यावरण संरक्षण और हरित आवरण बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के गतिशील नेतृत्व में राज्य सरकार ने 'मुख्यमंत्री वन विस्तार योजना' शुरू की है। प्रदेश मंत्रिमंडल द्वारा हाल ही में स्वीकृत इस योजना का लक्ष्य राज्य में वन क्षेत्र का विस्तार करना है, जिससे पारिस्थितिकी तंत्र और सामाजिक-आर्थिक जनजीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

इस महत्वाकांक्षी योजना के संबंध में मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश अपने नैसर्गिक सौंदर्य और जैव विविधता के लिए जाना जाता है। इस योजना के तहत राज्य की बंजर पहाड़ियों में वृक्षारोपण द्वारा भू-क्षरण जैसी समस्या से कुशलतापूर्वक निपटा जा सकता है।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय वन नीति-1988 के अनुसार पहाड़ी और पर्वतीय क्षेत्रों को अपने भौगोलिक क्षेत्र का दो-तिहाई हिस्सा वन और वृक्ष आवरण के अंतर्गत बनाए रखना आवश्यक है। मुख्यमंत्री वन विस्तार योजना के तहत इस वर्ष राज्य सरकार ने पूरे प्रदेश में लगभग 257 हेक्टेयर बंजर पहाड़ियों पर पर्यावरण-अनुकूल प्रजातियों के रोपण की योजना बनाई है। इस अभियान की सफलता सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश सरकार ने वनीकरण के लिए चयनित क्षेत्रों में नई पौध की देखभाल हेतु सात वर्षों की अवधि के लिए स्थानीय लोगों की सेवाएं लेने का निर्णय लिया है। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम के उचित कार्यान्वयन, देखरेख और निगरानी के लिए वन विभाग एक समर्पित टास्कफोर्स की स्थापना की जाएगी।

अभियान के तहत रोपित पौधों की देखभाल के महत्व पर बल देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि टास्कफोर्स वृक्षारोपण सीजन के दौरान हर पखवाड़े में कम से कम एक बार बैठक करेगी ताकि प्रगति की समीक्षा की जा सके और वनीकरण कार्यों का समय पर निष्पादन सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्रीय इकाइयों के साथ समन्वय किया जा सके। इसके अलावा सरकार पर्यावरण संरक्षण के प्रयास में सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न गैर-सरकारी एजेंसियों, व्यक्तियों, स्वयं सहायता समूहों और संयुक्त वन प्रबंधन समितियों को वृक्षारोपण स्थलों को अपनाने व उनकी उचित देखभाल सुनिश्चित करने के लिए प्रोत्साहित करेगी।

मुख्यमंत्री वन विस्तार योजना से न केवल वन क्षेत्र बढ़ने की उम्मीद है बल्कि यह पहाड़ी चोटियों पर जंगली खरपतवार को खत्म करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी, जिससे पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा, यह पहल राज्य के लोगों के लिए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर पैदा करेगी, जिससे सतत विकास को बढ़ावा मिलेगा।



**राष्ट्रीय वन नीति-1988 के अनुसार पहाड़ी और पर्वतीय क्षेत्रों को अपने भौगोलिक क्षेत्र का दो-तिहाई हिस्सा वन और वृक्ष आवरण के अंतर्गत बनाए रखना आवश्यक है। मुख्यमंत्री वन विस्तार योजना के तहत इस वर्ष राज्य सरकार ने पूरे प्रदेश में लगभग 257 हेक्टेयर बंजर पहाड़ियों पर पर्यावरण-अनुकूल प्रजातियों के रोपण की योजना बनाई है : सुखविंदर सिंह सुक्खू**

### रंगरीक में हवाई पट्टी के निर्माण का किया आग्रह

शिमला। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गुरुवार को नयी दिल्ली में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से भेंट की। मुख्यमंत्री ने रक्षा मंत्री से स्पिति घाटी के रंगरीक में सामरिक दृष्टि से हवाई पट्टी के निर्माण का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यह स्थान उत्तरी सीमा से 50 किलोमीटर की हवाई दूरी पर स्थित है और स्पिति घाटी के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग 505 के अतिरिक्त अन्य कोई सम्पर्क साधन नहीं है। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से गोला बारूद डिपो पोवारी को स्थानांतरित करने का भी आग्रह किया। उन्होंने अवगत करवाया कि इसके दृष्टिगत दो वैकल्पिक स्थलों की पहचान की गई है। उन्होंने उचित कार्यवाही के लिए आग्रह किया और कहा कि राज्य सरकार भूमि उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि 450 मेगावाट क्षमता की शोंगटोंग कड़छम जल विद्युत परियोजना इस डिपो के ठीक सामने सतलुज नदी के बाएं किनारे पर स्थित है और कहा कि सिल्ट फ्लशिंग टनल का उत्खनन का कार्य गोला-बारूद डिपो की पाबंदियों के कारण आउटलेट पोर्टल के बजाए इनलेट पोर्टल से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस डिपो के स्थानांतरित होने तक नियंत्रित विस्फोटन प्रणाली निर्धारित करने के लिए इस मामले पर सेंटर फॉर फायर एक्सप्लोसिव्स एंड एनवायरमेंट सेफ्टी के साथ चर्चा की गई है ताकि राज्य सरकार उत्खनन का कार्य आउटलेट पोर्टल के माध्यम से भी कर सके।

## हिमाचल में बारिश का कहर जारी, नदी नाले उफान पर, परेशानियां बरकरार



**शिमला,** 3 अगस्त (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के लगातार हो रही बारिश अपना कहर बरपा रही है। जहां नदी-नाले अपने उफान पर हैं, वहीं दूसरी ओर लोगों को अपने गंतव्य की ओर पहुंचने में भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार देर रात सुंदरनगर उपमंडल में हुई बारिश के कारण सुंदरनगर-करसोग हाईवे पर भारी मात्रा में मलबा आने के कारण हाईवे पूरी तरह से बंद हो गया है, जिसकी बहाली के लिए लोक निर्माण विभाग की टीम मौके पर कार्य कर रही है। बुधवार शाम हुई मूसलाधार बारिश के कारण रात करीब दो बजे सुंदरनगर-करसोग हाईवे पर भग्यार के समीप भूस्खलन होने से भारी मात्रा में मलबा सड़क पर आ गया। इसकी चपेट में एक आई 20 कारें भी आ गई, लेकिन गनीमत यह रही की कार सवार दो लोगों ने भागकर अपनी जान बचा ली। मलबा आने से देर रात से हाईवे पूरी तरह से बंद पड़ा है। सड़क मार्ग बंद होने से दोनों ओर जाम की स्थिति पैदा हो गई है और लोगों को वैकल्पिक मार्ग के माध्यम से सफर करना पड़ रहा है। मामले की पुष्टि करते हुए उपमंडल अधिकारी सुंदरनगर अमर नेगी ने बताया कि क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के कारण देर रात सुंदरनगर-करसोग हाईवे पर भग्यार के समीप भारी मात्रा में मलबा गिरने के कारण हाईवे बंद हो गया है। हाईवे की बहाली के लिए लोक निर्माण विभाग की टीम कार्य में जुटी है। उन्होंने कहा कि जल्द ही हाईवे को बहाल कर दिया जाएगा। कालका-शिमला नेशनल हाईवे-5 के ढहे हिस्से में लगातार भूस्खलन हो रहा है। ऐसे में अब यहां पर फोरलेन निर्माण कर रही कंपनी के लिए काम करना भी चुनौती बन गया है। वहीं अब दत्यार की तरफ सड़क पर दरारें पड़नी शुरू हो गई है। कुमारहट्टी से चक्कीमोड़ तक हाईवे पर केवल लोकल वाहन ही आवाजाही कर रहे हैं। जबकि लंबे रूट की बसें और ट्रकों को कुमारहट्टी से नाहन होकर चंडीगढ़ भेजा जा रहा है। चक्कीमोड़ के समीप सड़क का 40 मीटर हिस्सा ढह गया था। इसके बाद बुधवार दोपदर 12रू45 बजे पहाड़ी वाली लेन से मलबा हटाकर सड़क से कुछ हल्के वाहनों को ट्रायल के तौर पर निकाला गया। लेकिन कुछ ही देर बाद यहां पर फिर भूस्खलन हो गया और सड़क बंद हो गई। इस सड़क को छोटी गाड़ियों के लिए बहाल किया गया लेकिन चंद मिनटों के बाद मूसलाधार बारिश हो गई और 4 बजे सड़क का बचा हिस्सा भी ढह गया।

## सार संक्षेप

### सैलजा ने मांगा खट्टर के बयान पर मांगा उनका इस्तीफा

**चंडीगढ़।** कांग्रेस महासचिव एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने नूंह हिंसा के संदर्भ में कहा है कि अगर मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर हरियाणा के लोगों की सुरक्षा नहीं कर सकते तो उन्होंने तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिये। सुश्री सैलजा ने मीडिया को यहां जारी एक बयान में श्री खट्टर के उस बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त की और कहा कि पुलिस सभी को सुरक्षा नहीं दे सकती। श्री खट्टर ने यह बयान बुधवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल पर दिया था। कांग्रेस नेता ने कहा कि श्री खट्टर प्रदेश की जनता को सुरक्षा नहीं दे सकते तो फिर उन्हें सत्ता में बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। उन्हें तुरंत त्यागपत्र दे देना चाहिए। कांग्रेस नेता ने कहा कि मुख्यमंत्री का यह बयान किसी भी हरियाणा निवासी को स्वीकार नहीं है, कि हर व्यक्ति की सुरक्षा न पुलिस और न ही सेना कर सकती है। उन्होंने कहा कि यह प्रदेश सरकार को देखना है कि वह अपने नागरिकों को कैसे सुरक्षित रख सकती है। उन्होंने दावा किया राज्य सरकार गत नौ वर्षों में पुलिस में कोई निर्विवाद भर्ती नहीं कर सकी। पुलिस में जो भर्ती की तो कथित तौर पर अनियमितताओं के चलते उच्च न्यायालय में जाकर अटक गई। सरकार को श्वेत पत्र जारी कर बताना चाहिये उसने अपने शासनकाल में पुलिस बल में कितना इजाफा किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था की बिगड़ी स्थिति से हर नागरिक भयभीत है।

### एचएसएससी परीक्षा के लिए निशुल्क परिवहन सुविधा

**चंडीगढ़।** हरियाणा के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा है कि पांच और छह अगस्त को हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग परीक्षाओं में परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र तक लाने और वापस लाने के लिए निशुल्क परिवहन सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। श्री शर्मा ने गुरुवार को यहां कहा कि इसके अलावा, महिला परीक्षार्थियों के साथ सहायक के तौर पर परिवार का एक सदस्य भी निशुल्क यात्रा कर सकेगा। सभी परीक्षार्थी अपने नज़दीकी डिपो या सब-डिपो में जाकर अपना प्रवेश पत्र दिखाकर अपनी सीट आरक्षित करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि पाँच ज़िलों-पंचकुला, कुरुक्षेत्र, करनाल, पानीपत और हिसार में ग्रुप-56 और 57 के तहत विभिन्न पदों के लिए लिखित परीक्षा आयोजित होनी है। इस परीक्षा के लिए परीक्षार्थियों को नज़दीकी उप मंडल अथवा जिला स्तरीय बस अड्डे से परीक्षा केंद्र के उप मंडल अथवा ज़िला स्तरीय बस अड्डे तक पहुँचाने और वापस लाने की ज़िम्मेदारी परिवहन विभाग की होगी। हरियाणा परिवहन विभाग इसके लिये लगभग एक हज़ार साधारण बसें संचालित करेगा।

### सुडोकू 6276 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 8 | 7 |
| 3 | 8 | 7 | 1 | 6 | 5 | 4 | 2 | 9 |
| 2 | 5 | 9 | 7 | 8 | 4 | 6 | 3 | 1 |
| 8 | 9 | 4 | 2 | 7 | 6 | 1 | 5 | 3 |
| 6 | 7 | 2 | 5 | 1 | 3 | 9 | 4 | 8 |
| 5 | 1 | 3 | 4 | 9 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 7 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 3 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 7 | 4 |
| 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 |

## तीन आर पर काम करे सरकार : बिंदल




**जनता से छल और राजनीति कर रही कांग्रेस**

**शिमला,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने कहा हिमाचल प्रदेश सरकार को 3 आर पर काम करना चाहिए रिस्टोरेशन, रिहैबिलिटेशन और रिपेयर। अभी तक इन तीनों कार्यों में गति धीमी चल रही है और अगर हिमाचल प्रदेश की जनता को राहत प्रदान करनी है तो इस 3आर में तेजी लानी होगी। वर्तमान प्रदेश सरकार को केंद्र सरकार का स्पष्ट शब्दों में धन्यवाद और आभार व्यक्त करना चाहिए, क्योंकि पिछले दिनों ही केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी संसद छोड़ हिमाचल प्रदेश में बाढ़ से नुकसान का जायजा और बड़ी राहत भी प्रदान करके गए, इस आपदा की घड़ी में प्रदेश सरकार को खुले धीरे करके आगे बढ़ना चाहिए।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश की सरकार जनता के साथ छल और राजनीति कर रही है। केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश की मदद करी है उसको स्पष्ट रूप से जनता के समक्ष लाया नहीं जा रहा है। कांग्रेस सरकार इस आपदा की घड़ी में गरीबों को जो राहत राशि प्रदान कर रही है उसमें भाई भतीजावाद हो रहा है, किसी को कम या किसी को ज्यादा राशि प्रदान की जा रही है। सरकार की ओर से कोई मापदंड नहीं है। उन्होने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बटन दबाते हैं तो देश के सभी किसान भाइयों के खाते में किसान सम्मान निधि पहुंच जाती है, पर कांग्रेस के नेता आपदा में दी जाने वाली राहत राशि को नकद बांट रहे हैं। हम मांग करते हैं कि यह राशि डीबीटी के माध्यम से व्यक्ति के खाते में सीधी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार किसानों के साथ भी राजनीति कर रही है। सेब के विषय में किसान भाइयों को उलझा के रखा है, कभी सेब के कार्टन और वेट में। अब इस सरकार से सड़के ही नहीं खुल रही है, हर जिले में लगभग 300 सड़कें बंद है और आज सेब, टमाटर, मटर की फसलें मंडी तक नहीं पहुंच पा रही है। जिस समय फसलें पहुंचती है तो यकीनन किसानों को दाम कम मिलता है।

## नूंह हिंसा की हो न्यायिक जांच, दंगाईयों पर हो सख्त कार्रवाई : हुड्डा



**भाजपा नेता और केंद्र में मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने यह बात मानी है। मामले की संवेदनशीलता और हालत को समझने और ऐहतियाती कदम उठाने में सरकार पूरी तरह विफल रही है। यहां तक कि स्थानीय पुलिस ने सरकार को पहले ही रिपोर्ट दे दी थी। बावजूद सरकार ने उचित कदम नहीं उठाए : भूपेंद्र सिंह हुड्डा**

**चंडीगढ़,** 3 अगस्त (एजेंसियां)। हरियाणा विधानसभा में विपक्ष के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने उच्च न्यायालय की निगरानी में नूंह हिंसा की न्यायिक जांच कराने की मांग की है। श्री हुड्डा ने गुरुवार को यहां मीडिया को जारी बयान में कहा कि दंगा भड़काने और दंगा करने वालों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि यह हिंसा भाजपा-जजपा सरकार की विफलता का नतीजा है। उन्होंने दावा कि खुद भाजपा नेता और केंद्र में मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने यह बात मानी है। मामले की संवेदनशीलता और हालत को समझने और ऐहतियाती कदम उठाने में सरकार पूरी तरह विफल रही है। यहां तक कि स्थानीय पुलिस ने सरकार को पहले ही रिपोर्ट दे दी थी। बावजूद सरकार ने उचित कदम नहीं उठाए।

श्री हुड्डा ने कहा कि इस हिंसा में बेकसूर दुकानदारों की दुकानें जलाई गईं, लोगों के घरों पर हमला किया गया और कई लोगों की जान गई। दफ्तरों, स्कूलों, कम्पनियों को बंद करना पड़ा। जाहिर है कि कानून व्यवस्था सम्भालने में भाजपा-जजपा सरकार पूरी तरह विफल साबित हुई है तथा उसे सत्ता में बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने मुख्यमंत्री के उस बयान को दुर्भाग्यपूर्ण बताया कि पुलिस सभी को सुरक्षा नहीं दे सकती। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या सुरक्षा सिर्फ सत्ता में बैठे हुए लोगों के लिए है। आम नागरिक सुरक्षा के लिए किसके पास जाए। सरकार को पता होना चाहिए कि प्रत्येक नागरिक को सुरक्षा देना सरकार का काम है। विपक्ष के नेता ने कहा कि वह दो बार राज्य के मुख्यमंत्री रहे हैं। उन्हें पता है कि हरियाणा पुलिस हर स्थिति से निपटने में सक्षम है। सरकार अगर सही समय पर सही कदम उठाए तो प्रदेश में कभी ऐसी वारदात सम्भव नहीं है। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम और फरीदाबाद ऐसे क्षेत्र हैं जहां दुनियाभर की कम्पनियां और उद्योग हैं। अगर यहां कानून व्यवस्था चरमराती है तो निश्चित तौर पर उद्योग यहां से पलायन करेंगे और निवेश करने से हाथ पीछे खींचेगा।

श्री हुड्डा ने लोगों से भी शांति और भाईचारा कायम रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि मेवात में बंटवारे के समय भी दंगे नहीं हुए। उन्होंने असामाजिक तत्वों को चेतावनी दी कि कोई कितनी भी कोशिश कर ले, हरियाणा के भाईचारे को नहीं तोड़ पाएगा।

## बारिश से क्षतिग्रस्त कुहलों, पेयजल योजनाओं सड़कों की मरम्मत सुनिश्चित की जाए : नेगी



**केलांग,** 3 अगस्त (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के राजस्व, बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि बारिश से क्षतिग्रस्त हुए सभी कुहलों, पेयजल योजनाओं तथा सडकों को त्वरित मरम्मत सुनिश्चित की जाए।

श्री नेगी ने बताया कि सरकार द्वारा सभी जिलों को आवश्यक फंड उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार आपदा प्रभावित क्षेत्रों में पुर्नवास कार्य युद्व स्तर पर संचालित कर रही है। उन्होंने बताया कि सभी जिलों में राहत पुर्नवास के कार्या की समीक्षा के लिए जिला स्तरीय राहत एवं पुर्नवास समितियों को गठन किया गया है। राजस्व मंत्री ने कहा कि मनरेगा के तहत बारिश से क्षतिग्रस्त निजी कार्यो के लिए भी मरम्मत का प्रावधान किया गया है तथा ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों के इस बावत पंचायत स्तर पर लोगों को जानकारी प्रदान करनी चाहिए ताकि ज्यादा से ज्यादा सेल्फ मनरेगा के तहत स्वीकृत के लिए भेजे ताकि वारिश से प्रभावित लोगों को लाभान्वित किया जा सके। उन्होंने बताया कि जिले के सभी पंचायतों में आपदा मित्र बनाऐ जायेगे जिसमें महिला मंडल, युवक मंडलों के सदस्यों को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा तथा उन्हें आपदा के समय राहत एवं बचाव कार्यो के लिए उपकरण उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि केलांग बाजार में सीवरेज योजना के कार्य पर चर्चा की तथा अधिकारियों को निर्देश दिये कि इस कार्य को जल्द से जल्द आरंभ किया जाए। उन्होंने बताया कि जहालमा नाले के दोनों और 23 करोड की लागत से तटीकरण किया जाएगा ताकि किसानों की उपजाऊ भूमि को सुरक्षित कर सके। उन्होंने बताया कि केलांग में क्षेत्रीय अस्पताल के लिए नेशनल हाईवे पर जल्द भूमि का चयन किया जाये साथ ही इस की नक्शा तैयार कर सरकार को भेजे साथ ही क्षेत्रीय अस्पताल में ऑपरेशन थिरेटर को शीध्र आरम्भ करने के निर्देश दिये ताकि आम जनता को इस का लाभ मिल सके।

## हिसार में खनन कारोबारियों पर ईडी की रेड



**हिसार,** 3 अगस्त (एजेंसियां)। हरियाणा के हिसार में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीमों ने खनन कारोबारी वेदपाल तंवर, हांसी में कांग्रेस के दिवंगत नेता सुरेंद्र मलिक और अर्बन एस्टेट निवासी एडवोकेट वजीर कोहाड़ के घर पर गुरुवार को छापा मारा।

ईडी की टीमें पुलिस के साथ पहुंची तथा रेड के दौरान किसी को घर से बाहर नहीं जाने दिया। समाचार लिखे जाने तक ईडी की कार्रवाई चल रही थी। तीनों कारोबारी भिवानी के खानक डाडम खनन कारोबार से जुड़े हैं। तंवर तोशाम के रहने वाले हैं और मिर्चपुर कांड में उन्होंने दलित नेताओं को अपने फार्म हाउस पर ठहराया था। उस समय भी वह काफी चर्चा में आए थे। कांग्रेसी नेता सुरेंद्र मलिक किरण चौधरी के नजदीकी थे। ईडी टीमों ने केंद्रीय सुरक्षा बल इनके घरों के बाहर तैनात कर दिये है। हालांकि अभी तक आधिकारिक रूप से ईडी के अधिकारियों ने कोई जानकारी नहीं दी है।

रेड के दौरान घर से बाहर आई पत्नी ने कहा कि पूरे परिवार को सुबह आठ बजे से पूरे परिवार को बिठाकर रखा है। उनके पति घर पर नहीं हैं। ये लोग बता भी नहीं रहे कि क्यों आए हैं। करीब पांच मिनट तक हंगामा देख सुरक्षाकर्मी उन्हें घर के अंदर ले गए। इस दौरान तंवर के निकली नौकरानी की भी सुरक्षा बलों नोंक झोंक हो गई। वहीं तंवर से मिलने लोगों को भी सुरक्षाकर्मियों ने अंदर नहीं घुसने दिया।

हांसी में मलिक के उमरा रोड स्थित आवास पर रेड के दौरान भी उनके परिवार के सदस्यों को घर से बाहर नहीं निकलने दिया गया। रेड सुबह सात बजे हुई। मलिक का एक माह पहले बीमारी के कारण निधन हुआ था। रेड के समय मलिक के माता-पिता, पत्नी दीपाली, उनका लड़का दुष्यंत और उनके भाई की पत्नी मोनिका आवास पर मौजूद थे। मलिक राज्य की पूर्व मंत्री किरण चौधरी के काफ़ी करीबी थे और कांग्रेस के साथ जुड़े हुए थे।

## भाजपा नेता कर रहे है लोगों का ध्यान भटकाने का प्रयास : सिंह



**शिमला,** 3 अगस्त (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता लोगों का ध्यान व्यर्थ की बातों में भटकाने का प्रयास कर रहे हैं। श्री सिंह ने कहा कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने हिमाचल को पूरा सहयोग देने की बात कही है। मंडी और कुल्लू में बैठक कर मैंने नुकसान की पूरी रिपोर्ट तैयारी की है। केंद्रीय मंत्रालय को जल्द ही इसकी रिपोर्ट भेजी जाएगी। लोक निर्माण और जल शक्ति विभाग मुस्तैदी से व्यवस्थाओं को पटरी पर लाने में जुटा है।

उन्होंने मनाली में वरिष्ठ अफसरों के मौजूद नहीं रहने को लेकर सवाल उठा रहे विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर पर पलटवार किया है। गुरुवार को राज्य सचिवालय में पत्रकार वार्ता में श्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि श्री गडकरी के साथ गाड़ी में हुई बातों का प्रचार करना नेता विपक्ष को शोभा नहीं देता है। उन्होंने कहा कि मंडी और धर्मपुर में सीवरेज योजनाओं को नुकसान पहुंचा है। इन्हें ठीक करने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। मरम्मत के दौरान ध्यान देंगे कि सीवरेज की पाइपों से गंदगी पेयजल स्रोतों में न जाए। इसके लिए रोज पानी के नमूने जांचे जा रहे हैं। यह पानी हमीरपुर, नादौन और सुजानपुर तक जाता है। शिमला-कालका और मंडी-कुल्लू नेशनल हाईवे को ठीक करने का कार्य जारी है। ओछी राजनीति से ऊपर उठना होगा। मिलकर इस आपदा से बाहर निकलना होगा। उन्होंने कहा कि गाड़ी में केंद्रीय मंत्री के साथ कई गोपनीय बातें होती हैं। इस तरह की हल्की बातें नहीं करनी चाहिए। जिस कुर्सी पर वह बैठे हैं, उसकी मर्यादा को बनाए रखना चाहिए। श्री सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री, मैं खुद और आवश्यक अधिकारी मनाली में मौजूद थे।

## सेब सीजन के मद्देनजर सड़कें बहाल करना सरकार की प्राथमिकता : चौहान



**इस आपदा से उभरने के लिए हिमाचल सरकार बागवानों के साथ खड़ी है और सभी बागवानों की सभी सेब की पेटियाँ मंडियों तक पहुंचाई जाएगी : हर्षवर्धन चौहान**

**शिमला,** 3 अगस्त (एजेंसियां)। हिमाचल के उद्योग, आयुष एवं संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि पूरे प्रदेश में इस वर्ष पिछले कई दिनों से भारी बरसात हो रही है जिस कारण प्रदेश के सभी क्षेत्र विशेषकर ऊपरी शिमला क्षेत्र में किसानों व बागवानों के घरों व बगीचों को नुकसान होने के साथ-साथ सड़कें, पेयजल व बिजली व्यवस्था अवरूद्ध हुई है।

श्री चौहान ने कहा कि शिमला जिला में राहत एवं पुनर्वास की मॉनिटरिंग के लिए उन्हें शिमला जिला का प्रभारी नियुक्त किया गया है, इसलिए बिजली व पेयजल व्यवस्था बहाल कर लोगो को राहत पहुंचाने के साथ-साथ सेब सीजन के मद्देनजर सभी छोटी-बड़ी सड़कें 15 अगस्त तक बहाल करना उनकी प्राथमिकता है, जिसके लिए लोक निर्माण विभाग की सभी मशीने रात दिन 24 घण्टे कार्य कर रही हैं और आवश्यकतानुसार निजि जेसीबी मशीनें भी काम पर लगाई गई है ताकि पंचायत क्षेत्र की सभी अवरुद्ध सड़कों को पुन: बहाल करने के साथ साथ बागवानों का तैयार सेब भी मंडियों तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने जुब्बल नावर कोटखाई क्षेत्र के नुकसान की प्रेजेंटेशन तैयार कर प्रस्तुत करने के लिए एसडीएम जुब्बल की पीठ थपथपाते हुए जिला शिमला के समस्त उपमंडल दण्डाधिकारीयों को भी बरसात से हुए नुकसान, राहत एवं पुनर्वास की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर सरकार को भेजने के निर्देश दिए ताकि समस्त प्रभावित लोगों को राहत पहुंचाई जा सके। उन्होंने समस्त बागवानों को आश्वासन दिया कि इस आपदा से उभरने के लिए हिमाचल सरकार बागवानों के साथ खड़ी है और सभी बागवानों की सभी सेब की पेटियाँ मंडियों तक पहुंचाई जाएगी। उन्होंने ठियोग, जुब्बल तथा रोहडू में उपमंडल के समस्त आधिकारियों तथा जन प्रतिनिधियो के साथ राहत एवं पुनर्वास से संबंधित समीक्षा बैठक भी की और 15 अगस्त तक सभी सड़कों को पुन: बहाल करने, बिजली व पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा संपूर्ण आंकलन तैयार करने के लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी किए।

उन्होंने कहा कि बरसात से जुब्बल नावर कोटखाई क्षेत्र में लगभग 500 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है जबकि ठियोग विधानसभा क्षेत्र में 350 करोड़ तथा रोहडू विधानसभा क्षेत्र में लगभग 400 करोड़ का नुकसान आंका गया है और लगभग 600 से अधिक मकानों को आंशिक एवं भारी नुकसान हुआ है जिन्हें नियम अनुसार प्रशासन द्वारा सहायता प्रदान जा रही है।

# प्रादेशिकी

## रजिस्ट्री विभाग के वरिष्ठ लिपिक को विदाई

**मवाना।** मवाना रजिस्ट्री कार्यालय में उप निबंधक यादवेन्द्र द्विवेदी ने वरिष्ठ लिपिक माया प्रकाश कर्णवाल को विदाई देते हुए शॉल ओढ़ाकार सम्मानित किया। वरिष्ठ लिपिक माया प्रकाश कर्णवाल का तबादला गृह जनपद बिजनौर जिले के लिए हो गया है। उनके स्थान पर सहारनपुर जिले से मोहम्मद मुर्सरत ने वरिष्ठ लिपिक पद पर कार्यभार ग्रहण कर लिया है। वरिष्ठ लिपिक माया प्रकाश कर्णवाल चार सालों से मवाना रजिस्ट्री विभाग में कार्यरत थे।

# नदी तंत्र की परिस्थितिकी को करें संरक्षित : योगी



- मुख्यमंत्री ने की भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग की समीक्षा, दिए दिशा निर्देश
- प्रदेश में खनन के नए ब्लॉकों को चिह्नित करके बढ़ाया जाए खनिज उत्पादन

**लखनऊ,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग के कार्यों की उच्चस्तरीय समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने विभाग के प्रस्तुतिकरण का अवलोकन भी किया। उन्होंने कहा कि एनजीटी के आदेशों का अनुपालन करते हुए प्रदेश की नदियों का समय पर ड्रेजिंग कराने का कार्य हर हाल में पूरा किया जाए। इससे बाढ़ की समस्या का समाधान होने के साथ ही नदियों को चैनलाइज करने में भी मदद मिलेगी। इसके लिए मुख्यमंत्री ने खनन और सिंचाई विभाग को मिलकर विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिये। इसके अलावा उन्होंने प्रदेश में खनन के नये ब्लॉकों को चिह्नित करते हुए खनिज उत्पादन बढ़ाने के भी निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि प्रदेश में ईंट उत्पादन के लिए उपजाऊ भूमि से मिट्टी निकालने की जगह वैकल्पिक स्रोतों को चिह्नित किया जाए और ईंट भट्ठों को उसके लिए प्रोत्साहित किया जाए। मुख्यमंत्री ने एम सैंड को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिया और कहा कि इससे नदी तंत्र की परिस्थितिकी को संरक्षित करने में मदद मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त, अपर मुख्य सचिव वन, मुख्य सचिव खनन सहित अन्य अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक के दौरान प्रदेश में खनन पट्टों को बढ़ाने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि पर्यावरणीय एनओसी को शीघ्र प्रदान करने के लिए विभाग गंभीर प्रयास करे। उन्होंने अवैध खनन पर हर हाल में अंकुश लगाने और इंटीग्रेटेड माइनिंग सर्विलांस सिस्टम को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न सीमावर्ती जनपदों में कार्यरत 39 चेकगेट्स पर तकनीकी का उपयोग करते हुए बालू, मोरम, बोल्डर सहित अन्य खनिजों की माल ढुलाई के दौरान विशेष निगरानी बरती जाए। ओवरलोडिंग को हर हाल में रोका जाए।

इसके साथ ही चेकगेट्स की संख्या भी बढ़ाई जाए। मुख्यमंत्री ने बाजार के मूल्य के हिसाब से खनिजों का मूल्य निर्धारित करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके अलावा मेजर ब्लॉक की नीलामी के लिए नीतियों में आवश्यक परिवर्तन करने के भी निर्देश दिये।

मुख्यमंत्री ने नदियों के रेप्लेनिशमेंट स्टडी में लगने वाले समय को और कम करने के निर्देश भी दिये। साथ ही एम सैंड के उत्पादन को बढ़ाने पर जोर दिया, जिससे नदियों के पारिस्थितिकी पर प्रतिकूल प्रभाव को न्यून किया ज सके।

## सरकार की सिविल सेवा निशुल्क कोचिंग के आवेदन की प्रक्रिया शुरू

- संस्कृत भाषा को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने शुरू की थी योजना

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान ने अपने पांचवें सत्र की तैयारियां शुरू कर दी गयी हैं। इसके लिए विभाग की ओर से अभ्यर्थियों से 1 अगस्त से ऑनलाइन आवेदन पत्र मांगे गये हैं। यह प्रक्रिया 31 अगस्त तक चलेगी। इसके बाद पांचवे सत्र के लिए सितंबर के अंत तक प्रवेश परीक्षा और साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा। वहीं अक्टूबर में पांचवें सत्र की शुरुआत कर दी जाएगी। मालूम हो कि योगी सरकार की संस्कृत को बढ़ावा देने की पहल का ही नतीजा है कि लोगों का संस्कृत की ओर रुझान बढ़ने लगा है। लोग संस्कृत पढ़ने और सीखने के साथ-साथ इसमें रोजगार के प्रति भी रुचि लेने लगे हैं। खासतौर पर सिविल सेवा के लिए संस्कृत की मांग बढ़ने लगी है। योगी सरकार द्वारा संचालित सिविल सेवा निशुल्क कोचिंग एवं मार्गदर्शन योजना का लाभ उठाकर पिछले चार वर्षों में राज्य सिविल सेवा परीक्षा में 13 अभ्यर्थी उच्च स्थान प्राप्त करते हुए डिप्टी कलेक्टर से लेकर डिप्टी एसपी पद पर चयनित हुए हैं।

# महिला सम्मान को चले अभियान में 17 हजार से ज्यादा अराजक तत्व चिन्हित



- 21 जुलाई से चलाए गए 10 दिवसीय महिला बीट व महिला हेल्प डेस्क अभियान को 7 अगस्त तक के लिए बढ़ाया गया
- अभियान के तहत चिन्हित अराजक तत्वों में से कुछ को चेतावनी देकर छोड़ा गया तो कुछ के खिलाफ हो रही कानूनी कार्रवाई

**लखनऊ,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश में महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा व उनके स्वावलंबन के लिए मिशन शक्ति अभियान समय-समय पर चलाया जाता है। इसी कड़ी में यूपी पुलिस के महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन की ओर से महिलाओं एवं बेटियों के सशक्तिकरण के लिए 21 जुलाई से चलाए गए 10 दिवसीय महिला बीट व महिला हेल्प डेस्क अभियान को एक हफ्ते यानी 7 अगस्त तक के लिए बढ़ा दिया गया है। अभियान के तहत थाना क्षेत्र के बीट पुलिस अधिकारियों (पुरूष एवं महिला बीट अधिकारी) द्वारा सादे कपड़ों में बीट क्षेत्र में महिला सुरक्षा से सम्बन्धित संवेदनशील एवं हॉट स्पाट क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए महिलाओं/बालिकाओं के साथ छेड़खानी करने वालों को चिन्हित कर उन्हे चेतावनी/ काउसिंलिंग करने के साथ आवश्यकतानुसार विधिक कार्यवाही की जा गई है। इस दौरान 17 हजार से अधिक अराजकतत्वों को चिन्हित किया गया। इनमें से कुछ को चेतावनी देकर छोड़ा गया तो कुछ के खिलाफ कानूनी कार्रवाई के साथ जुर्माना वसूलने की कार्रवाई की गई। महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन की अपर पुलिस महानिदेशक अनुपम कुलश्रेष्ठ ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मिशन शक्ति के चौथे चरण के तहत प्रदेश भर में महिला सशक्तिकरण को लेकर दस दिवसीय अभियान की शुरुआत की गयी थी, जो हर माह चलेगा। फिलहाल इस दस दिवसीय अभियान को एक हफ्ते यानी 7 अगस्त तक बढ़ा दिया गया है। अभियान के दौरान प्रदेश की महिलाओं और बेटियों को विभाग की शक्ति दीदी (महिला आरक्षी) की ओर से विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया गया। साथ ही उन्हे इन योजनाओं का लाभ लेने में हो रही परेशानी को भी संबंधित विभाग से समन्वय बनाकर दूर किया गया।

## सार संक्षेप

### छात्राओं की छुट्टी के समय एंटी रोमियो अभियान चलाया गया

**मवाना।** ए एस इंटर कॉलेज मवाना के आसपास छात्राओं की छुट्टी के समय मनचलों को घूमना-फिरना भारी पड़ेगा। गुरुवार दोपहर एक बजे पुलिस ने एंटी रोमियो अभियान के तहत खड़े युवकों को चेतावनी दी। दूसरी बार मिलने पर उनके खिलाफ पुलिस कार्रवाई की जायेगी।

ए एस इंटर कॉलेज मवाना व पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में मवाना के इंस्पेक्टर कुलदीप कुमार सिरोही के निर्देशन में चौकी इंचार्ज विकास शर्मा, उप निरीक्षक नीतू, उप निरीक्षक अंजुम, उप निरीक्षक दिव्या, उप निरीक्षक देवेश चौधरी के साथ हेड कांस्टेबल नीतू कांस्टेबल प्रीति तथा पुलिस बल के साथ छात्राओं की छुट्टी के समय अन्य विद्यालयों के छात्रों तथा मनचलों को रोकने के लिए एंटी रोमियो अभियान चलाया। इस योजना के तहत बिना किसी काम के दुकानों पर खड़े ,अंगोछे में मुंह लपेटे, अन्य विद्यालयों के बस स्टैंड चौराहे, गली मोहल्लों के कोनों पर खड़े छात्र-छात्राओं की तलाशी अभियान चलाया गया। बाद में पुलिस ने अंतिम चेतावनी देते हुए घर भेज दिया गया।

### तीन ठेकेदारों के नहीं आने पर प्रदर्शनी व पैठ की नीलामी टली

मवाना। मवाना नगर पालिका के द्वारा चार अगस्त को शहीद प्रदर्शनी व पैठ की होने वाली नीलामी टाल दी गई है। अब इन दोनों की नीलामी का तिथि जल्द तय की जायेगी। चेयरमैन अखिल कौशिक ने बताया कि चार अगस्त को शहीद प्रदर्शनी व पैठ की होने वाली नीलामी होनी थी। गुरुवार को नामी की कार्रवाई के लिए केवल एक ठेकेदार ने जमानत राशि जमा कराई , जबकि नीलामी के लिए तीन ठेकेदारों को होना जरूरी थी। पूरा कालम नहीं होने पर एक ही ठेकेदार द्वारा जमानत राशि जमा कराने पर दोनों नीलामी को टाल दिया गया है। जल्द नई तिथि घोषित की जायेगी। इसके अलावा पालिका के नलकूपों पर कार्यरत संविदा कर्मियों की मंगलवार देर शाम जांच कराई गई तो भैंसा रोड नलकूप 8 पर फराज गायब मिला।

# भाजपा लाख चालाकी करे 2024 में उसे सत्ता से बाहर जाना ही है : अखिलेश



**लखनऊ,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा लाख चालाकी कर ले लेकिन सन् 2024 में भाजपा को सत्ता से बाहर जाना ही है। केन्द्र की सरकार में उसकी वापसी नहीं होने वाली है। जनता भाजपा की जनविरोधी नीतियों से तंग आ गई है। भाजपा ने जो झूठे सपने दिखाए थे उनकी सच्चाई लोग जान गए हैं। अब जनता के सब्र का बांध टूट रहा है।

श्री अखिलेश यादव आज प्रदेश मुख्यालय, लखनऊ में एकत्र कार्यकर्ताओं को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा जब से पीडीए की चर्चा आई है भाजपा में घबड़ाहट बढ़ गई है। समाज का हर वर्ग महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से आक्रोशित है। भाजपा देश को बर्बाद करने पर तुली है। उसका इरादा समाज को बांटने का है।

श्री यादव ने कहा कि विगत 2022 का विधानसभा चुनाव भाजपा ने धांधली औरसत्ता का दुरुपयोग करके जीता। भाजपा ने साजिश और षड्यंत्र से समाजवादियों को सरकार में नहीं आने दिया। मतदान से लेकर मतगणना तक में धांधली की गई। मात्र साढ़े तीन लाख वोटों के अंतर से सन् 2022 का चुनाव परिणाम प्रभावित करके भाजपा ने सरकार बनायी थी।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के कारण लोकतंत्र खतरे में है। संवैधानिक संस्थाओं को वह इरादतन कमजोर कर रही है। प्रशासन में भी वह भेदभाव का जहर बो रही है।

# न्यूटिमा में विश्व स्तनपान दिवस पर कार्यशाला का आयोजन



- स्तनपान कराने से बच्चे का बढ़ता है आईक्यू : डॉ अमित उपाध्याय
- जीवन की सर्वोत्तम शुरुआत के लिए महिलाओं को किया जा रहा प्रेरित

**मेरठ,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। अपने बच्चे को पालन-पोषण, पोषण और प्यार भरी देखभाल से बेहतर जीवन की शुरुआत देने का सबसे बेहतर तरीका मां का स्तनपान करना है। यह बच्चों को जीवन की सर्वोत्तम शुरुआत प्रदान करता है। यह बच्चे के लिए पोषण का सबसे अच्छा और सबसे सस्ता स्रोत है, मां और बच्चे के लिए आजीवन लाभ के साथ मस्तिष्क के विकास को बढ़ावा देता है। यह बच्चे की वृद्धि और विकास के लिए महत्वपूर्ण है और उनकी सुरक्षा की भावना और मां के साथ जुड़ाव में महत्वपूर्ण योगदान देता है। नवजात को स्तनपान कराने से बच्चे की आई क्यू हो तेज होती है। उक्त बातें विश्व स्तनपान सप्ताह पर न्यूटिमा हॉस्पिटल के नवजात शिशु विशेषज्ञ डॉ. अमित उपाध्याय ने कही। उन्होंने बताया हर साल 1 से 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जाता है। डब्लूएचओ इस वर्ष का थीम है कार्य स्थान पर माँ का दूध पिलाने की व्यवस्था बनाना है। स्त्री रोग विशेषज्ञ डा अनुपमा उपाध्याय ने बताया कि जन्म के एक घंटे के भीतर स्तनपान की शुरुआत, पहले छह महीनों के लिए विशेष स्तनपान, छह महीने में पोषण संबंधी पर्याप्त और सुरक्षित पूरक आहार की शुरुआत के साथ-साथ 2 साल या उससे अधिक उम्र तक स्तनपान जारी रखना संक्रमण के खिलाफरक्षा की एक शक्तिशाली रेखा प्रदान करता है और कुपोषण और बच्चे में मस्तिष्क के विकास को बढ़ावा देता है। इसके विपरीत, जो बच्चे पूरी तरह या आंशिक रूप से स्तनपान नहीं करते हैं उनमें दस्त और अन्य संक्रमणों का खतरा अधिक होता है, उनके कुपोषण से पीड़ित होने की संभावना अधिक होती है और उनकी शैशवावस्था में मृत्यु का खतरा बढ़ जाता है।

डा सुधि काम्बोज (कैंसर रोग विशेषज्ञ) ने बतायारू मां का दूध विटामिन, खनिज और अन्य पोषक तत्वों से भरपूर होता है जो बच्चे के स्वस्थ विकास में मदद करता है। कोलोस्ट्रम, मां का गाढ़ा पीला दूध जो जन्म के तुरंत बाद पैदा होता है, नवजात शिशु के लिए आदर्श पोषण है। पोषक तत्वों से भरपूर और एंटीबॉडी से भरपूर, यह बच्चे का पहला टीका भी है। इसके अलावा, स्तनपान से बच्चे का आईक्यू 3 से 4 अंक तक बढ़ जाता है।स्तनपान से न केवल शिशुओं को बल्कि उनकी माताओं को भी लाभ होता है। यह प्रसव के बाद माताओं की रिकवरी को तेज करता है, कुछ स्तन और डिम्बग्रंथि के कैंसर और टाइप 2 मधुमेह के जोखिम को कम करता है, और उन्हें जन्म के अंतर को बनाए रखने में मदद करता है। स्तनपान सभी प्रकार के कुपोषण को रोकने में मदद करता है और संकट के समय में भी बच्चों के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करता है। मां का दूध एक प्राकृतिक, नवीकरणीय और टिकाऊ संसाधन है जो अपशिष्ट या प्रदूषण पैदा नहीं करता है। इस मौके पर डा संदीप गर्ग आदि मौजूद रहे।

# 23 लाख में खरीदी जेसीबी की फाइल पालिका कार्यालय से गायब



- पालिका की जेसीबी 15 माह से खड़ी है थाना परिसर में
- अधिशासी अधिकारी ने आरटीआई का दिया जवाब

**मवाना,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। मवाना नगर पालिका परिषद कार्यालय से जेसीबी की फाइल गायब हो गई है। अधिशासी अधिकारी ने आरटीआई के जवाब में यह बात स्वीकार की है। उधर चेयरमैन ने नाराजगी जताई कि अधिशासी अधिकारी को तीन दिन में जेसीबी की फाइल तलाशने के आदेश दिये थे, दो माह बीत गये लेकिन फाइल नहीं तलाशी जा सकी। दूसरी ओर नगर पालिका की जेसीबी से दुर्घटना होने के बाद वह 15 माह से थाना परिसर में खड़ी है। फाइल गायब होने की वजह से उसको न्यायालय से रिलीज कराने के प्रयास नहीं किये गये। मवाना मोहल्ला काबलीगेट निवासी राजेन्द्र कुमार को आरटीआई के जवाब में नगर पालिका ने जानकारी दी कि पालिका ने 29 मार्च 2012 को 23.10 लाख रुपये में जेसीबी खरीदी थी, लेकिन किससे खरीदी गई, इसकी कार्यालय से फाइल गायब है। जेसीबी खरीदने की जानकारी भी चेक रजिस्टर से मिल पाई है। जेसीबी पर परिवहन विभाग द्वारा जारी नम्बर का उल्लेख नहीं है। नगर पालिका परिषद की जेसीबी के चालक अभिषेक ने 26 मई 2022 को लापरवाही से चलाते हुए भैंसा रोड पर रंगरेजीयान कब्रिस्तान के गेट पर बालिका कुमारी मुस्कान को कुचल दिया था। उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। इस मामले की रिपोर्ट मोहल्ला मुल्लालाल निवासी मोहम्मद नसीम ने धारा 279 व 304 ए में दर्ज कराई थी। मोहम्मद नसीम की रिपोर्ट में जेसीबी का कोई नम्बर नहीं लिखा था। केवल उसका चेसिस नम्बर का उल्लेख किया है। इस मुकदमे के कारण यह जेसीबी करीब 15 माह से थाना परिसर में खड़ी है। फाइल गायब होने के कारण इसे सक्षम न्यायालय से रिलीज नहीं कराया जा सका। पालिका के सूत्रों का दावा है कि इस जेसीबी का परिवहन विभाग में रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ था, जिस कारण उस पर परिवहन विभाग का नम्बर अंकित नहीं किया गया।

चेयरमैन अखिल कौशिक ने बताया कि पालिका के अफसरों को जेसीबी की फाइल तलाशने में दो माह बीत गये लेकिन फाइल नहीं तलाशी जा सकी। उन्हें ऐसा आभास हो रहा है कि कार्यालय से फाइल को कहीं गायब कर दिया गया है। 23 लाख रुपये का चेक किसके नाम दिया गया है, यह जानकारी भी नहीं दी जा रही है। इस मसले की गंभीरता से जांच हुई तो कई लोग फसते नजर आयेंगे। एक सप्ताह में फाइल नहीं मिली तो वे इस मामले की जानकारी डीएम व शासन को भेज देंगे। उधर पालिका के अधिशासी अधिकारी राजीव जैन दावा करते है कि फाइल की तलाश कराई जा रही है, जल्द मिल जायेगी।

# तक्षशिला में स्कूल काउंसिल के ग्रीष्मकालीन सत्र का आयोजन



**मेरठ,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। कंकर खेड़ा स्थित तक्षशिला पब्लिक स्कूल में स्कूल काउंसिल के ग्रीष्मकालीन सत्र का शुभारम्भ सरस्वती वन्दना के साथ किया गया। स्कूल की विभिन्न समीतियों तथा क्लबों के इंचार्ज ने हैड बॉय व हैड गर्ल के साथ सर्वप्रथम मार्च पास्ट किया तथा अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिए शपथ ली। स्कूल के हैड बॉय प्रियांशु तथा हैड गर्ल शगुन चौधरी ने सभी समीतियों की एक संयुक्त मीटिंग ली तथा वर्तमान सत्र में अभी तक के कार्यों का लेखा-जोखा लिया तथा बचे हुए सत्र में होने वाली विभिन्न गतिविधियों के लिए कैलेण्डर का पुर्नावलोकन किया तथा स्कूल के चारों हाऊस गांधी हाऊस, सुभाष हाऊस, नेहरू हाऊस तथा आजाद हाऊस की विभिन्न पदाधिकारियों ने आगामी प्रतियोगिताओं के लिए बच्चों का चयन किया।

स्कूल के प्रधानाचार्य डा0 प्रवीन कुमार पथरा ने स्कूल के मैनेजमेंट, शिक्षकगण एवं विद्यार्थीयों को विभिन्न गतिविधियों के लिए धन्यवाद दिया तथा बच्चों को परिश्रम एवं अनुशासन से जीवन में आगे बढ़ने का हौसला दिया।

# सुभारती में मनाया स्तनपान सप्ताह, रैली निकाली



**मेरठ,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय के पन्ना धाय मां सुभारती नर्सिंग कॉलेज व सोमी यूपी चौप्टर के सहयोग से प्राचार्य डॉ. गीता परवंदा के मार्गदर्शन में छात्रों द्वारा स्तनपान सप्ताह के अवसर पर स्तनपान जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह रैली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी, पांचली से शुरू होकर पांचली गांव में समाप्त हुई। रैली का उद्घाटन सीएचसी के प्रबंधक विकास ने किया। जिसके बाद डॉ. विनीता ने कामकाजी माता-पिता के लिए स्तनपान को सक्षम बनाने के बारे में सभी का ज्ञान वर्धन किया। रैली में जीएनएम द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं के साथ सरोज रानी, विभागाध्यक्ष सह एसोसिएट प्रोफेसर, बाल स्वास्थ्य नर्सिंग विभाग कविता मलिक, सहायक व्याख्याता और जोसी जोस, सहायक प्रोफेसर छात्रों के साथ शामिल रही।

**आयोजन** — *100 आकांक्षात्मक विकास खण्डों के शोधार्थियों के राज्य स्तरीय अभिमुखीकरण कार्यक्रम का शुभारम्भ*

# शोधार्थी ब्लॉक में विकास की नई संभावनाएं तलाशें : मुख्य सचिव

**लखनऊ, 3 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने यूनीसेफ के सहयोग से आयोजित 100 आकांक्षात्मक विकास खण्डों के शोधार्थियों के राज्य स्तरीय अभिमुखीकरण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने कहा कि शोधार्थियों को ब्लॉक में विकास की नई संभावनाएं निकालने के लिये रखा गया है। शोधार्थी बिना किसी बंधन के आजादी से कार्य कर सकते हैं।**

मा0 मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में विकास खंडों में विकास की गति तेज होनी चाहिए। सभी शोधार्थियों को नई ऊर्जा, उत्साह और सोच के साथ निरंतर कार्य करते रहना है। ब्लॉक को कर्मक्षेत्र मानते हुए गांव में आम जनमानस को राज्य सरकार की योजना का पूरा लाभ दिलाने का प्रयास करें। विकास खंडों में महिलाओं, बच्चों सहित अन्य वंचित समुदायों के जीवन में बदलाव के लिए कार्य करें। इससे लोगों की क्वालिटी ऑफ लाइफ बेहतर होगी। उन्होंने कहा कि 100 आकांक्षात्मक विकास खंडों में कार्यरत शोधार्थियों के 9 माह पूरे हो चुके हैं। शोधार्थियों से ब्लॉकों में बहुत सुधार आया है। मा0 मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में आकांक्षात्मक विकास खंडों में शिक्षा, स्वास्थ और पोषण, शिक्षा, कृषि और जल संसाधन, वित्तीय समावेशन, कौशल विकास तथा आधारभूत संरचना के विविध मानकों पर आकांक्षात्मक विकासखंडों के समग्र विकास के लिए चयनित किया गया था, इसी के आधार पर शोधार्थियों की तैनाती की गई। शोधार्थियों की हर क्षेत्र में पहल होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्राइमरी स्कूलों में नया सत्र शुरु हो गया है। शत-प्रतिशत बच्चों का इस बार पंजीकरण का लक्ष्य रखा गया है। कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। इसी तरह से प्रदेश में कुषोषित बच्चों को भी राज्य सरकार की ओर से पूरा लाभ मिलना चाहिए। राज्य सरकार द्वारा कई परियोजनाएं चलाई जा रहा है, उन परियोजना का लाभ जन-जन तक कैसे पहुंचाया जाए, इस भी सभी शोधार्थी कार्य करें।



उन्होंने कहा कि अनुश्रवण हेतु एक ऑनलाइन ऐप्लीकेशन विकसित की गई है जिसमें शोधार्थियों द्वारा विभिन्न कार्यों का पर्यवेक्षण किया जाएगा, जो प्रथम पंक्ति के कार्मिक से लेकर अधिकारियों तक एक साथ उपलब्ध होगा। इन विकास खंडों में समुदायों, खासतौर से बच्चों एवं महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, सुरक्षा, कृषि, रोजगार आदि विषयों की प्रगति जानने के लिए 75 मानक व संकेतक निर्धारित किए गए हैं, जिनके आधार पर शोधार्थियों द्वारा पर्यवेक्षण किया जाएगा।

इस पूर्व, मुख्य सचिव ने सभी शोधार्थियों से गत 9 माह में ब्लॉकों में किये गये कार्यों व उपलब्धियों का संक्षित विवरण लिया।

# डीएवी में मनाया ऑल इंडिया चेस फेडरेशन के प्रधान का जन्मदिन



**मेरठ,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल में 39 ऑल इंडिया चेस फेडरेशन-रु39य के प्रधान डॉ संजय कपूर के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। डॉ संजय कपूर की दीर्घायु हेतु सर्वप्रथम आर्य समाज के पारंपरिक यज्ञ को संपन्न किया गया। यज्ञ में डिस्ट्रिक्ट चौस स्पोर्ट्स एसोसिएशन, मेरठ की उपाध्यक्ष, डॉ अल्पना शर्मा, जिला सचिव डॉ विनीत त्यागी तथा डीएवी स्कूल की कार्यवाहक प्राचार्या अपर्णा जैन उपस्थित थीं। यज्ञ के पश्चात प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इसमें छात्रों ने विद्यालय के चार सदनों - लक्ष्य, निर्भय, शौर्य, तेजस के आधार पर प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता को पूर्ण कराने में प्रवेश डबास, वीरपाल सिंह, सुशील त्यागी, कुमुद त्यागी ने अपना सहयोग प्रदान किया। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने अपनी शतरंज कला का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत किया । इस दौरान उनकी बुद्धिमत्ता, उनका कौशल देखने को मिला। प्रतियोगिता के अंत में तेजस सदन को प्रथम, लक्ष्य सदन को द्वितीय तथा निर्भय सदन को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। विजेता खिलाड़ियों को कार्यवाहक प्राचार्या महोदया, अपर्णा जैन ने ट्रॉफी तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया तथा उन्हें उनके भावी भविष्य के लिए आशीर्वाद प्रदान किया।

देशबन्धु नई दिल्ली, शुक्रवार, 4 अगस्त, 2023, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

## कवच की कार्यप्रणाली पर मुख्य रूप से फोकस कर रहा है रेलवे

**कोटा।** भारतीय रेलवे दुर्घटनाओं को टालने के लिए वर्तमान में सम्पूर्ण भारतीय रेल में कवच (ट्रेन कोलीजन अवाइडेड सिस्टम) की कार्यप्रणाली पर मुख्य रूप से फोकस किया जा रहा है। अधिकारिक सूत्रों ने आज बताया कि इस अभियान के तहत कोटा मंडल के अंतर्गत विधुत लोको शेड तुगलकाबाद में नवाचार कार्य नियमित रूप कार्य किये जाते है। इसी के तहत बुधवार को रेलवे बोर्ड सलाहकार अरुण सक्सेना ने कवच की कार्यप्रणाली का निरीक्षण किया। सक्सेना ने कवच (ट्रेन कोलीजन अवाइडेड सिस्टम) के इन्स्टालेशन एवं संचालित करने के बारे मे आवश्यक जानकारी एवं दिशा-निर्देश दिये। साथ ही अधिकारियों, पर्यवेक्षकों एवं कर्मचारियों से मुलाक़ात कर फीडबैक लिया। निरीक्षण के दौरान।

## 'परिणीति' पर तन्वी डोगरा बोलीं : 'नीति' की परतें खोलने की यह यात्रा अविश्वसनीय रही



**नई दिल्ली,** 3 अगस्त (एजेंसियां)। 'परिणीति' के हर एपिसोड में अभिनेत्री तन्वी डोगरा ने नीति के किरदार को सहजता से प्रदर्शित किया है। हालांकि, आगामी ट्रैक में उनके किरदार का एक काला पक्ष सामने आएगा। यह शो परिणीत कक्कड़ (आंचल साहू द्वारा अभिनीत), नीति जुनेजा (तन्वी) और संजू उर्फ राजीव (अंकुर वर्मा द्वारा अभिनीत) के आपस में जुड़े जीवन पर केंद्रित अपनी मनोरंजक कहानी के साथ दर्शकों को एक भावनात्मक रोलर-कोस्टर पर ले जा रहा है।

यह शो जैसे-जैसे प्यार, दोस्ती और भाग्य की जटिलताओं पर प्रकाश डालता है, एक पात्र विशेष रूप से, सामने आया है, जिसने दर्शकों को उसके बहुमुखी चित्रण से आश्चर्यचकित कर दिया है। नीति के रूप में तन्वी ने चरित्र में एक निर्विवाद आकर्षण लाया है। आगामी ट्रैक किसी भी कीमत पर अपनी शादी की रक्षा करने के उसके दृढ़ संकल्प को प्रकट करेगा, भले ही इसके लिए परिणीत के साथ उसकी दोस्ती को खतरे में डालना पड़े।

### एआई का मेडिकल के क्षेत्र में बेहतरीन काम

## दिल का दौरा व लंग कैंसर का लगेगा पता

**लंदन,** 3 अगस्त (एजेंसियां)। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जीवन के हर हिस्से को प्रभावित कर रहा है। वहीं, इसकी वजह से स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़े बदलाव आए हैं। ब्रिटेन के नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर हेल्थ एंड केयर रिसर्च के मुताबिक एआई ने बीमारियों की स्क्रीनिंग और इलाज दोनों आसान किया है।

एआई के जरिए अस्पतालों को पहले ही पता चल जाता है कि कब कितने बेड की जरूरत है। एआई के जरिए ब्रेस्ट स्क्रीनिंग से रेडियोलॉजिस्ट का काम आधा हो गया है। एनआईएचआर की रिपोर्ट के मुताबिक, अभी एआई के जरिए मेडिकल के 5 क्षेत्रों में बेहतरीन काम हो रहे हैं।

रिपोर्ट तैयार करने वाली वरिष्ठ रिसर्च फेलो डॉक्टर जेमा क्विंट कहती हैं कि एआई पर भरोसा दिखाने का समय आ गया है। आंख में होने वाली संभावित बीमारियों का भी एआई के जरिए पता लगाया जा रहा है। 2,500 लोगों की आंखों की जांच में एआई ने 6 में से 5 में सही भविष्यवाणी की थी।



**2,500**
**लोगों की आंखों की जांच में एआई ने 6 में से 5 में सही भविष्यवाणी की**

### ब्लड टेस्ट से भी नाप सकते हैं दिल का दौरा

आमतौर पर दिल के दौरे का पता अस्पताल पहुंचने के बाद ही चलता है, लेकिन एआई आधारित स्मार्ट स्टेथोस्कोप से घर पर ही प्राइमरी स्टेज में दिल के दौरे का पता चल जाएगा। यह 90 प्रतिशत तक सही बताता है। एक दूसरे शोध से यह पता चला है कि रूटीन ब्लड टेस्ट से भी एआई एप्लीकेशन से पता चल जाएगा कि किसी व्यक्ति को दिल का दौरा पड़ा था। अभी 100 में से 1 को दिल का दौरा पड़ता है।

एआई के जरिए कैंसर का पता जल्दी चल जा रहा है। एआई सिटी स्कैन से ही कोशिकाओं की ग्रोथ मैप कर सकते हैं। कोशिकाओं की अनियमित वृद्धि से कैंसर होने का पता तुरंत चल जाता है। एआई के जरिए डॉक्टर यह भी पता कर सकते हैं कि कैंसर कोशिकाओं को नष्ट करने के लिए किस मरीज को कितनी दवा दी जाए। एआई की वजह से अस्पताल का प्रबंधन आसान हुआ है। अब अस्पताल को पहले से पता होता है कि किसी समय किसी इलाके के अस्पताल को कितने बेड की जरूरत पड़ेगी। दरअसल, ब्रिटेन के शोधकर्ताओं ने ऐसा एआई मॉडल विकसित किया है, जो एंबुलेंस और इमरजेंसी सेवा से जुड़े रहते हैं।

## केरल फिल्म पुरस्कारों पर बढ़ा विवाद, बाहरी एजेंसी से जांच कराने की मांग





**तिरुवनंतपुरम,** 3 अगस्त (एजेंसियां)। सत्तारूढ़ वाम मोर्चा सरकार की दूसरी सबसे बड़ी सहयोगी पार्टी की युवा शाखा ऑल इंडिया यूथ फ्रंट (एआईवाईएफ) ने गुरुवार को मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन और राज्य के संस्कृति मंत्री साजी चेरियन से आग्रह किया है कि केरल राज्य फिल्म पुरस्कारों पर जारी विवाद की जांच बाहरी एजेंसी से कराई जाए। दरअसल, पिछले दिनों निर्देशक विनयन ने निर्देशक रंजीत की आलोचना की थी। रंजीत वर्तमान में केरल राज्य चलचित्र अकादमी के अध्यक्ष हैं। अकादमी राज्य फिल्म पुरस्कारों का चयन करती है। निर्देशक विनयन ने रंजीत पर आरोप लगाया था कि उन्होंने पुरस्कारों के निर्णय के समय जूरी के फैसले में हस्तक्षेप किया था।

मुख्यमंत्री से एआईवाईएफ ने शिकायत करते हुए अकादमी से बाहर किसी एजेंसी से जांच की मांग की है। लोकप्रिय फिल्म निर्माता विनयन ने भी सीएम से शिकायत करते हुए उन्हें एक ऑडियो क्लिप दी है, जिससे पता चलता है कि विजेताओं के चयन में सबकुछ ठीक नहीं था। इस बीच जूरी के अध्यक्ष गौतम घोष ने किसी भी बाहरी प्रभाव से इनकार करते हुए दावा किया है कि चयन स्वतंत्र और निष्पक्ष था। उनके अनुरोध के आधार पर मुख्यमंत्री ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं।

## मिसेज इंडिया इंक (सीज़न-4) 2023 चयन प्रक्रिया में उजागर हुईं विसंगतियां



नई दिल्ली 3 अगस्त (एजेंसियां)। गुरुवार को प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में श्रीलंका के कोलंबो में आयोजित मिसेज इंडिया सौंदर्य प्रतियोगिता इंक 2023 (सीजन -4) की चयन प्रक्रिया से जुड़े मुद्दों पर खुलासा हुआ। मोहिनी शर्मा द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतियोगी निर्णायक पैनल में पक्षपात और पारदर्शिता की कमी के बारे में अपनी चिंता व्यक्त करने के लिए एकत्र हुए। उपस्थित लोगों में दुबई की प्रतियोगी प्रेरणा सूद, रितु नारायण, जगमीत कौर, सलोनी ग्रोवर और शिविका सिंह बैस शामिल थीं, जिन्होंने भारत के विभिन्न हिस्सों से यात्रा की। मिसेज इंडिया ब्यूटी प्रतियोगिता हमेशा से विवाहित महिलाओं को सशक्त बनाने और उनकी उपलब्धियों और प्रतिभा को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता रहा है। हालाँकि, हालिया आरोपों ने परिणामों की विश्वसनीयता पर संदेह पैदा कर दिया है, जिससे पेजेंट की प्रतिष्ठा को खतरा है। प्रेरणा सूद ने पेजेंट की विश्वसनीयता में विश्वास बहाल करने के लिए स्वतंत्र ऑडिटिंग और कड़े उपायों की आवश्यकता पर जोर दिया। रितु नारायण ने एक ईमानदार और निष्पक्ष प्रतियोगिता के लिए प्रतिभागियों की मांग को आवाज़ दी। जगमीत कौर ने मनमानी स्कोरिंग पर चिंता व्यक्त की, जो आयोजन के सार से समझौता करता है। सलोनी ग्रोवर ने पारदर्शिता के महत्व पर जोर दिया और शिविका सिंह बैस ने पक्षपात के आरोपों की गहन जांच का आग्रह किया। साथ में, प्रतियोगियों ने मामले के निष्पक्ष समाधान का आह्वान किया और मिसेज इंडिया इंक आयोजन समिति से प्रतियोगिता के भविष्य के संस्करणों में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने वाले उपायों को लागू करने की अपील की। इसमें विविध और अच्छी तरह से योग्य निर्णायक पैनल और स्कोरिंग मानदंडों के संबंध में प्रतियोगियों और जनता के साथ स्पष्ट संचार शामिल हो सकता है।

## स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष पर शांति बनाए रखने को बैठक का आयोजन

**नई दिल्ली।** नागरिक सुरक्षा समिति पुलिस स्टेशन बाड़ा हिंदूराव डिवीजन सदर बाजार नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट द्वारा कुछ दिनों से नूह, मेवात , गुड़गांव के हालात को देखते हुए दिल्ली में और खास तौर से हमारे इलाको में शांति बनाने के लिए और स्वतंत्रता दिवस की उपलक्ष पर क्या सावधानियां रखनी चाहिए इन सभी बातों को लेकर एक मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट डीसीपी 1 मनोज कुमार मीणा, नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट डीसीपी 2 सुधांशु वर्मा उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि ए सी पी सदर बाज़ार विजय कुमार रस्तोगी, और बाड़ा हिंदूराव थाना प्रभारी गुरनाम सिंह मीटिंग में शामिल रहे। वहीं अतिथि रूप में कनवीनर जमील खान, विजय अग्रवाल, अब्दुल वाहिद खान, नईम पिर, सीओ-कनवीनर अमीर खान, राकेश महाजन, सुधीर जैन शाहिद खान शम्मी द्वारा मीटिंग को सुचारू रूप से चलाया गया और अमन कमेटी के सदस्य सैय्यद शाहिद राहत, फारूक अंसारी , शादाब कुरेशी और बाड़ा हिंदू राव की आरडब्ल्यूए, एमडब्ल्यूए, एनजीओ शामिल रहीं।




## मार्च तक तीन भारतीय स्टार्टअप अपने उपग्रह अंतरिक्ष में भेजेंगे : आईएन-स्पेस

**चेन्नई,** 3 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन एवं प्राधिकरण केंद्र (आईएन-स्पेस) के अनुसार, तीन निजी क्षेत्र के उपग्रह निर्माता अगले साल मार्च तक अपने भू-अवलोकन उपग्रह अंतरिक्ष में भेजेंगे। देश में अंतरिक्ष से जुड़ी वाणिज्यिक गतिविधियों को बढ़ावा देने, उन्हें मान्यता प्रदान करने और निगरानी के लिए अंतरिक्ष विभाग के अधीनस्थ एक स्वायत्त सरकारी नियामक के रूप में आईएन-स्पेस का गठन किया गया है। निजी उपग्रह भेजने वाली तीन स्टार्टअप कंपनियां चेन्नई स्थित गैलेक्सआई स्पेस सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, हैदराबाद स्थित ध्रुव स्पेस और बेंगलुरु स्थित पिक्सेल हैं। आईएन-स्पेस ने कहा कि गैलेक्सआई का पहला उपग्रह दृष्टि 2023 की आखिरी तिमाही में लॉन्च होने की उम्मीद है। गैलेक्सआई ने उच्च रिज़ॉल्यूशन मल्टी पेलोड माइक्रोसैटेलाइट तारा-समूह की योजना बनाई है, जिसमें ऑप्टिकल और सिंथेटिक एपर्चर रडार (एसएआर) पेलोड शामिल हैं, जो



पर्यावरण, अवैध वेसल मॉनिटरिंग, बीमा अनुप्रयोगों और अन्य को लक्षित करने वाले दृष्टि सेंसर का उपयोग करके डेटा फ्यूजन को सक्षम बनाएगा। आईएन-स्पेस ने स्थिति और अवसरों पर एक परामर्श पत्र में यह बात कही। दूसरी ओर, ध्रुव स्पेस का हाइपरस्पेक्ट्रल मिशन लॉन्च 2024 की पहली तिमाही के दौरान निर्धारित है। क्षेत्रीय नियामक ने यह भी कहा कि सैत्सुरे की सहायक कंपनी कैलेडईओ ने एक मीटर स्थानिक रिज़ॉल्यूशन की छवियां प्रदान करने के लिए चार उपग्रहों के एक समूह की योजना बनाई है। आईएन-स्पेस ने उपग्रहों के प्रक्षेपण के लिए कोई निश्चित समय नहीं बताया है। आईएन-स्पेस ने कहा कि पिक्सेल ने 2023 में पहले वाणिज्यिक चरण के उपग्रहों को लॉन्च करने की योजना बनाई है।

## हमारे ड्रामे को सीमा के दोनों ओर बेहद प्यार मिला है : अदनान सिद्दीकी



**नई दिल्ली,** 3 अगस्त (एजेंसियां)। अदनान सिद्दीकी को यकीन है कि मेरे पास हो तुम हमारे अपने देश की तरह ही भारत में भी अपनी अपार सफलता को दोहरायेगा। इस ड्रामा को लेकर प्रशंसकों के मेल ढेरों मेल मिले और इसने काफी रोमांच पैदा किया। यहां तक कि इसने चीन में भी धूम मचा दी। यह सब इसके जबरदस्त आकर्षण के स्पष्ट संकेत हैं। साथ ही, ज़िंदगी पर पहले बार पाकिस्तानी ड्रामा की पेशकश के समय हमारे शो को मिली उल्लेखनीय प्रतिक्रिया उनके प्रशंसनीय स्वीकृति की गवाही देती हैं। यूट्यूब पर लगातार प्राप्त लाखों व्यूज भी इस बात का निर्विवाद प्रमाण है कि हमारे ड्रामे को सीमा के दोनों ओर बेहद प्यार मिला है। एमपीटीएच मेरी एक और उपलब्धि है। एक खलनायक और दिलकश आदमी, दोनों की भूमिका निभाना तलवार की धार पर चलने जैसा था। सौभाग्य से शेहवार पुरुषों के दिलों में भी जगह बनाने में कामयाब हुआ। प्रशंसकों से मिले मेल का एक बड़ा हिस्सा इन्हीं लोगों का था। हमारे ड्रामों में समाज की सच्ची स्थिति की झलक दिखाई गई है। बेवफाई एक मुद्दा है, बेहद प्रचलित मुद्दा। ड्रामों में समाज में जो हो रहा है, उसी का चित्रण है। कहने का मतलब है कि मैं बेवफाई को सही नहीं ठहराता, भले ही वह रिश्तों में हो, शादी में या रोजमर्रा की ज़िंदगी में आपसी व्यवहार में हो। यह दर्शाता है कि आपकी नैतिकता कितनी कमजोर और ढुलमुल है, कि आप एक कमजोर इंसान हैं। मैं किसी ख़ास जेंडर से जुड़ने को भी बुरा नहीं मानता। चाहे कोई मर्द ही हो, जिसने रिश्ते को तोड़ा हो, या फिर कोई औरत हो, उन्होंने गलत किया है। पीरियड की बात लें। बेशक, जब इस तरह के ड्रामे बनाए जाते हैं, तो दर्शक थोड़ा उद्विग्न हो जाते हैं, क्योंकि ये सभी बेचैन करने वाली सच्चाइयां हैं और कोई उनका सामना नहीं करना चाहता। हमारे ड्रामों की लोकप्रियता के अनेक कारण हैं। कहानी हकीकत से जुड़ी होती है, हम रोजमर्रा की समस्याओं के बारे में बात करते हैं जो लोगों को हर रोज प्रभावित करती है, बिलकुल ज़िंदगी जैसी होती है, उसी तरह। हमने वास्तविक स्थानों में शूटिंग की जो सेट पर शूट किये अधिकतर इंडियन ड्रामा के शोज देखने की तुलना में और ज्यादा वास्तविक फीलिंग प्रदान करते हैं। और हां, इसमें जो फैशन है, उसे भारत में महिलायें पसंद करती हैं।

## रोबोटिक की मदद से की गई जटिल गॉलब्लैडर सर्जरी

**नई दिल्ली,** 3 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली के एक निजी अस्पताल के चिकित्सकों ने रोबोट की मदद से एक जटिल गाल ब्लैडर सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है।

फोर्टिस अस्पताल शालीमार के रोबोटिक- लैप जीआई ओंकोलॉजी, बेरियाट्रिक एंड मिनीमल इन्वेसिव सर्जरी के प्रधान निदेशक एवं विभागाध्यक्ष डॉ प्रदीप जैन ने गुरुवार को यहां संवाददाताओं को बताया कि 36 वर्षीय महिला का गॉल ब्लैडर आसपास फैली छोटी आंत एवं बड़ी आंत में बुरी तरह से फंसा हुआ था और बाइल डक्ट भी फंसी थी। डॉ जैन ने बताया कि पीड़ित महिला का सीटी स्कैन और पेट स्कैन किया गया और रोबोट की मदद से उनका गालब्लैडर निकालने का फैसला किया गया। उन्होंने बताया कि महिला का इलाज समय पर इलाज न किया जाता तो गालब्लैडर आसपास के अंगों से और चिपक सकता था। उनके गॉलब्लैडर की दीवार भी सख्त हो गई थी।

**■ महिला की छोटी व बड़ी आंत में फंसा गॉल ब्लैडर**



उन्होंने कहा कि हमने सफलतापूर्वक उनकी रोबोटिक सर्जरी की। रोबोटिक-असिस्टेंस से की जाने वाली सर्जरी खासतौर से इस प्रकार की जटिल और चुनौतीपूर्ण प्रक्रियाओं में काफी संभावनाओं से भरपूर है। उन्होंने कहा कि पारंपरिक सर्जरी की तुलना में रोबोटिक सर्जरी काफी फायदेमंद होती है। इसके प्रयोग के लिए लचीले उपकरणों के साथ-साथ बाइल डक्ट को ठीक प्रकार से देखने के लिए विशेषज्ञ तकनीकों का भी लाभ मिलता है।

### जन्मदिवस के अवसर पर

## बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे किशोर कुमार

**मुंबई,** 3 अगस्त (एजेंसियां)। बॉलीवुड में किशोर कुमार को ऐसी शख्सियत के तौर पर याद किया जाता हैं जिन्होंने ने सिर्फ अपनी आवाज के जादू से बल्कि फिल्म निर्माण और निर्देशन से भी सिने प्रेमियो का भरपूर मनोरंजन किया।



मध्यप्रदेश के खंडवा में 4 अगस्त 1929 को मध्यवर्गीय बंगाली परिवार में अधिवक्ता कुंजी लाल गांगुली के घर जब सबसे छोटे बालक ने जन्म लिया तो कौन जानता था कि आगे चलकर यह बालक अपने देश और परिवार का नाम रौशन करेगा। भाई बहनों में सबसे छोटे नटखट आभास कुमार गांगुली उर्फ किशोर कुमार का रूझान बचपन से ही पिता के पेशे वकालत की तरफ न होकर संगीत की ओर था। महान अभिनेता एवं गायक के.एल.सहगल के गानों से प्रभावित किशोर कुमार उनकी ही तरह गायक बनना चाहते थे। सहगल से मिलने की चाह लिये किशोर कुमार 18 वर्ष की उम्र मे मुंबई पहुंचे लेकिन उनकी इच्छा पूरी नहीं हो पायी। उस समय तक उनके बड़े भाई अशोक कुमार बतौर अभिनेता अपनी पहचान बना चुके थे। उन्होंने संगीत की प्रारंभिक शिक्षा हालांकि कभी किसी से नहीं ली थी। बालीवुड में अशोक कुमार की पहचान के कारण उन्हें बतौर अभिनेता काम मिल रहा था। अपनी इच्छा के विपरीत किशोर कुमार ने अभिनय करना जारी रखा। जिन फिल्मों में वह बतौर कलाकार काम किया करते थे उन्हें उस फिल्म में गाने का भी मौका मिल जाया करता था। बतौर गायक सबसे पहले उन्हें वर्ष 1948 में बाम्बे टाकीज की फिल्म जिद्दी में सहगल के अंदाज में हीं अभिनेता देवानंद के लिए 'मरने की दुआएं क्यूं मांगू' गाने का मौका मिला। किशोर कुमार ने वर्ष 1951 में बतौर मुख्य अभिनेता फिल्म आन्दोलन से अपने करियर की शुरूआत की लेकिन इस फिल्म से दर्शकों के बीच वह अपनी पहचान नहीं बना सके। वर्ष 1953 में प्रदर्शित फिल्म लड़की बतौर अभिनेता उनके करियर की पहली हिट फिल्म थी। किशोर कुमार ने 1964 में फिल्म 'दूर गगन की छांव में' के जरिये निर्देशन के क्षेत्र में कदम रखने के बाद हम दो डाकू 'दूर का राही' बढ़ती का नाम दाढ़ी, शाबास डैडी, दूर वादियों में कहीं, चलती का नाम जिंदगी और ममता की छांव में जैसी कई फिल्मों का निर्देशन भी किया। किशोर कुमार को अपने कैरियर में वह दौर भी देखना पड़ा जब उन्हें फिल्मों में काम ही नहीं मिलता था। बाद में सचिन देव वर्मन की बीमारी के कारण फिल्म आराधना में उनके पुत्र आर.डी.बर्मन ने संगीत दिया। इस फिल्म के लिए 'मेरे सपनों की रानी कब आयेगी तू' और 'रूप तेरा मस्ताना' गाना किशोर कुमार ने गाया, जो बेहद पसंद किया गया। वर्ष 1987 में किशोर कुमार ने निर्णय लिया कि वह फिल्मों से संन्यास लेने के बाद वापस अपने गांव खंडवा लौट जायेंगे। वह अक्सर कहा करते थे कि 'दूध जलेबी खायेंगे, खंडवा में बस जायेंगे' लेकिन उनका यह सपना अधूरा ही रह गया। उन्हें 13 अक्टूबर 1987 को दिल का दौरा पड़ा और वह इस दुनिया को अलविदा कह गए।

## घूंघट से बाहर निकल पानी सप्लाई की जिम्मेदारी निभा रही ग्रामीण महिलाएं

**लखनऊ,** 3 अगस्त (एजेंसियां)। घूंघट और परदों में रहने वाली ग्रामीण महिलाएं अब घरों से निकलकर गांव में पानी की सप्लाई की जिम्मेदारी संभाल रही हैं। जल जीवन मिशन की हर घर जल योजना ने चारदीवारी में रहने वाली ग्रामीण महिलाओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। ग्रामीण महिलाएं पम्प हाउस से सुबह और शाम घर-घर तक पानी पहुंचाने का जरिया बनी हैं। आज ये अपने ही गांव में पानी की सप्लाई देने का कार्य सुनिश्चित कर रही हैं। जल जीवन मिशन के तहत नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग प्रदेश में सैकड़ों महिलाओं को प्रशिक्षित कर रहा है। ग्रामीण महिलाओं को पम्प ऑपरेटर का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

इनमें से कई महिलाओं ने तो पम्प ऑपरेटर के रूप में विभिन्न जिलों में पानी की सप्लाई का मोर्चा भी संभाल लिया है।

विभाग की ओर से मिली जानकारी के अनुसार राज्य में कुल 1 लाख 16 हजार से अधिक ग्रामीण महिलाओं व युवाओं को पंप ऑपरेटर का प्रशिक्षण दिया जा चुका है। जिसमें महिलाओं की भागीदारी को मजबूत करने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में महिलाओं को भी पंप ऑपरेटर का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इनकी तैनाती इनके अपने ही गांव में की जा रही है। महिलाएं पंप ऑपरेटर का प्रशिक्षण लेकर निश्चित आय प्राप्त करेंगी। इन महिला पंप ऑपरेटर का कार्य गांव में पानी की सप्लाई अच्छी तरह से देना, वोल्ट्ज मीटर, एम्पेयर मीटर लाइट, फिल्टर, मोटर पंप के रख-रखाव का उचित ध्यान रखना है।



**ग्रामीण जलापूर्ति विभाग प्रदेश में सैकड़ों महिलाओं को कर रहा प्रशिक्षित**

नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव के निर्देश पर योजना के तहत राज्य की प्रत्येक ग्राम पंचायत से 2 लोगों को पंप ऑपरेटर कार्य का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। विभाग की ओर से प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षुओं को एक विशेष पंप ऑपरेटर टूल किट निःशुल्क दी जा रही है। जिसमें 300 एमएम का पाइप, 130 एमएम का वॉयर कटर, 200 एमएम का पिलर, 100 एमएम का स्क्रू ड्राइवर टू इन वन, विंच सेट और टेस्टर है।

अयोध्या की रहने वाली नीलम, नागपाली ने कहा कि एक साल पहले मुझे जल जीवन मिशन के तहत पंप ऑपरेटर का प्रशिक्षण दिया गया। जिसके बाद मुझे अपने ही गांव में रोजगार का अवसर मिला है। इस मिशन से न सिर्फ मेरे घर में नल से स्वच्छ पेयजल पहुंचा है बल्कि मुझ जैसी तमाम महिलाओं को रोजगार भी मिला है। उर्मिला यादव ने कहा कि जल जीवन मिशन की हर घर जल योजना से ग्रामीण परिवारों के घरों में स्वच्छ पेयजल की धार पहुंचने से महिलाओं की पानी से जुड़ी बरसों की समस्या का अंत हुआ है। इस योजना ने महिलाओं के जीवन में सकारात्मक प्रभाव डाला है। आज आर्थिक तौर पर भी मैं सशक्त हुई हूं।

जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि योगी सरकार की ओर से गांव-गांव में तैनात महिला पंप ऑपरेटर यूपी में नारी सशक्तिकरण का अनुपम उदाहरण हैं। जल जीवन मिशन के माध्यम से ग्राम पंचायतों में प्रशिक्षण कार्यक्रमों के जरिए महिलाओं के लिए रोजगार के अनेक अवसर सृजित हुए हैं। महिला पंप ऑपरेटर्स गांव की दूसरी महिलाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बनी हैं।

# [अर्थ जगत]

| सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर | |
|---|---|
| एनटीपीसी | 4.02 प्रतिशत |
| पावर ग्रिड | 3.00 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 2.28 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 2.16 प्रतिशत |
| टीसीएस | 1.96 प्रतिशत |

| सर्वाधिक घटने वाले शेयर | |
|---|---|
| बजाज फाइनेंस | 1.12 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 1.09 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनीलीवर | 0.91 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.63 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 0.46 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2500-3000 |
| गेहूं दडा | 2150-2160 |
| आटा | 2800-2290 |
| मैदा | 945-950 |
| चोकर | 620-630 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| बासमती औसत किस्म | 4500-4600 |
| परमल | 1750-1775 |
| चावल सेला | 2250-2350 |
| आरआर (आठ ) | 1650-1670 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 4,850-4,950 |
| दाल चना | 4,850-4,950 |
| मसूर काली | 7,800-7,900 |
| उड़द दाल | 10300-10400 |
| मूंग दाल | 7,900-8,000 |
| अरहर दाल | 9700-9800 |

## पेट्रोल और डीजल की क़ीमतें यथावत

नई दिल्ली, 3 अगस्त (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की क़ीमतें गिरने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज भी यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।

## जमा राशि पर जीएसटी लगाने से 80 प्रतिशत ऑनलाइन गेमिंग उद्योग हो जाएगा खत्म



नई दिल्ली, 3 अगस्त (एजेंसियां)। जीएसटी काउंसिल की 51वीं बैठक में ऑनलाइन गेमिंग पर एकत्र सकल मूल्य पर 28 प्रतिशत कर लगाने पर जोर दिया गया। उद्योग जगत के भागीदारों ने गुरुवार को एक बार फिर फैसले की आलोचना करते हुए कहा कि प्रौद्योगिकी प्लेटफॉर्म के बजाय जमा पर जीएसटी लगाया जाना चाहिए। कंपनियों द्वारा लिया जाने वाला कमीशन इकाई की अर्थव्यवस्था को अव्यवहार्य बना देगा, इससे उद्योग का 80 प्रतिशत हिस्सा नष्ट हो जाएगा। उनके अनुसार अधिकांश नुकसान एमएसएमई और स्टार्टअप्स में केंद्रित होंगी, जो नए युग के बिजनेस मॉडल का निर्माण करते हैं।

विनज़ो की सह-संस्थापक सौम्या सिंह राठौड़ ने कहा, 400 प्रतिशत की यह वृद्धि पूरी तरह से एकाधिकारवादी खेल के उदय को प्रोत्साहित करेगी। उचित कराधान हमारे 500 मिलियन से अधिक इंटरनेट उपभोक्ताओं को अवैध अपतटीय उत्पादों से बचा सकता है। एक संयुक्त बयान में, फेडरेशन ऑफ इंडियन फैंटेसी स्पोर्ट्स और ई-गेमिंग फेडरेशन ने कहा कि नया कर ढांचा, अनिश्चितता को स्पष्ट और हल करते हुए, जीएसटी में 350 प्रतिशत की भारी वृद्धि करेगा और भारतीय ऑनलाइन गेमिंग उद्योग को कई साल पीछे धकेल देगा। उन्होंने कहा, हालांकि, यह गेमिंग कंपनियों को भारत में गेमिंग की नींव को नया करने और पुनर्निर्माण करने का एक संघर्षपूर्ण मौका देगा।

जीएसटी परिषद ने संशोधनों के कार्यान्वयन के छह महीने बाद कर की दर और मूल्यांकन पर निर्णयों की समीक्षा करने का भी निर्णय लिया है, इससे उद्योग को कुछ आशा मिली है। प्राइस वॉटरहाउस एंड कंपनी के पार्टनर प्रतीक जैन ने कहा, यह भी स्पष्ट किया गया है कि जीएसटी अग्रिम रूप से एकत्र की गई पूरी राशि पर लागू होगा और बाद में जीतने से प्राप्त आय पर कर नहीं लगाया जाएगा। यह एक स्वागत योग्य स्पष्टीकरण है, क्योंकि इस मुद्दे पर कुछ भ्रम था। जैन ने कहा, यह भी स्पष्ट किया गया है कि ऑफशोर ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों को पंजीकरण लेना होगा और अनुपालन करना होगा, अनुपालन न करने पर ऐसी साइटों को ब्लॉक किया जा सकता है। पार्टनर और लीडर, अप्रत्यक्ष कर, बीडीओ इंडिया के गुंजन प्रभाकरन के अनुसार, जीएसटी परिषद ने सिफारिश की है कि ऑनलाइन गेमिंग और कैसीनो के लिए आपूर्ति का मूल्य खिलाड़ी द्वारा या उसकी ओर से आपूर्तिकर्ता को भुगतान या देय या जमा की गई राशि होनी चाहिए। गेम में लगाई गई राशि को छोड़कर, लगाए गए प्रत्येक दांव के कुल मूल्य को नहीं। प्रभाकरन ने कहा, इसका मतलब यह है कि ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म या कैसीनो द्वारा प्राप्त राशि पर कर लगाया जाता है और व्यक्तिगत दांव पर कर लगाए जाने की चिंता का समाधान कर दिया गया है।

## केंद्र ने लैपटॉप, पीसी और टैबलेट के आयात पर लगाया प्रतिबंध



**नई दिल्ली,** 3 अगस्त (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने गुरुवार को लैपटॉप, टैबलेट, पर्सनल कंप्यूटर और सर्वर के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) द्वारा गुरुवार को जारी एक अधिसूचना में कहा गया है कि इन वस्तुओं के आयात को लाइसेंस के तहत अनुमति दी जाएगी, लेकिन कुछ उपयोग के मामलों को प्रतिबंधों से छूट दी गई है।

इनमें ऑनलाइन पोर्टल, कोरियर या पोस्ट के माध्यम से एक लैपटॉप, टैबलेट, पर्सनल कंप्यूटर या अल्ट्रा-स्मॉल फॉर्म फैक्टर कंप्यूटर का आयात शामिल हैं। डीजीएफटी अधिसूचना में कहा गया है कि सामान नियमों के तहत आयात भी इन प्रतिबंधों के अंतर्गत नहीं आता है।

इनमें से लगभग 20 वस्तुओं को अनुसंधान और विकास, परीक्षण, बेंचमार्किंग, मूल्यांकन, मरम्मत और पुन: निर्यात व उत्पाद विकास जैसे उद्देश्यों के लिए प्रति खेप आयात लाइसेंस से छूट दी गई है। आयात को इस शर्त के अधीन अनुमति दी जाएगी कि आयातित सामान का उपयोग केवल बताए गए उद्देश्यों के लिए किया जाएगा और बेचा नहीं जाएगा।

अधिसूचना में आगे कहा गया है, इसके अलावा, इच्छित उद्देश्य के बाद, उत्पादों को या तो उपयोग से परे नष्ट कर दिया जाएगा या फिर से निर्यात किया जाएगा। हालांकि, इन इलेक्ट्रॉनिक सामानों के आयात की अनुमति तब दी जाती है, जब वे किसी पूंजीगत वस्तु का आवश्यक हिस्सा हों।

## टोयोटा की नई वेलफायर लॉंच




नई दिल्ली, 3 अगस्त (एजेंसियां)। यात्री वाहन बनाने वाली प्रमुख कंपनी टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज बहुप्रतीक्षित ऑल-न्यू वेलफायर भारत में लॉन्च करने की घोषणा की जिसकी शुरुआती एक्स शोरूम कीमत 11990000 रुपये है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि यह एक सेल्फ-चार्जिंग मजबूत हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहन है जो भारतीय ऑटोमोटिव परिदृश्य में आराम, परिष्कृतता और प्रदर्शन के सार को फिर से परिभाषित करता है। ऑल-न्यू वेलफ़ायर आराम और गतिशीलता, कमांडिंग बल और गतिशील कौशल प्रदान करता है जो ड्राइविंग अनुभव को असाधारण ऊंचाइयों तक ले जाता है। यह ईंधन की कम खपत और कार्बन फुटप्रिंट भी सुनिश्चित करता है। वेलफायर एक मजबूत हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहन (एसएचईवी) है। एसएचईवी इंजन बंद होने पर 40 प्रतिशत दूरी और 60 प्रतिशत समय तक इलेक्ट्रिक या शून्य उत्सर्जन मोड पर चल सकता है । ऑल-न्यू वेलफ़ायर डिलीवरी नवंबर 2023 से शुरू होने की उम्मीद है। ऑल-न्यू वेलफायर के टीएनजीए प्लेटफॉर्म (जीए-के) के सौजन्य से एक अद्भुत ड्राइविंग का अनुभव करें। बढ़ी हुई कठोरता और स्थिरता के साथ, उन्नत सस्पेंशन सिस्टम शानदार और आरामदायक सवारी की पेशकश करते हुए, ऑल-न्यू वेलफायर को बेहतर गतिशीलता प्रदान करता है। इसके अलावा, इस मजबूत हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहन (एसएचईवी) मॉडल में 2.5-लीटर इनलाइन चार-सिलेंडर डीओएचसी (डबल ओवरहेड कैमशाफ्ट) इंजन है। यह इलेक्ट्रिक मोटर और हाइब्रिड बैटरी से भी जुड़ा है।

## ओएनजीसी ने बीपीसीएल से किया समझौता

मुंबई, 3 अगस्त (एजेंसियां)। तेल एवं गैस क्षेत्र की सार्वजनिक कंपनी ओएनजीसी ने मुंबई क्षेत्र से उत्पादित कच्चे तेल को बेचने के लिए सरकारी तेल विपणन कंपनी भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन (बीपीसीएल) के साथ एक दीर्घकालिक अनुबंध पर हस्ताक्षर किया है। एक अधिकारी ने यहां गुरुवार को यह जानकारी दी। ओएनजीसी के कार्यकारी निदेशक संजय कुमार और बीपीसीएल के कार्यकारी निदेशक मनोज हेडा ने सी. मथावन जैसे शीर्ष अधिकारियों और अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह सौदा कोटा तंत्र के पिछले आवंटन की जगह केंद्र द्वारा घरेलू कच्चे तेल के लिए विपणन और मूल्य निर्धारण की स्वतंत्रता देने के निर्णय के बाद हुआ है। अधिकारियों ने कहा कि नई व्यवस्था को तेजी से अपनाते हुए, ओएनजीसी ने कच्चे तेल की पहली सफल ई-नीलामी शुरू की। मुंबई हाई फील्ड्स से सालाना लगभग 130-140 लाख टन कच्चे तेल का उत्पादन होता है। चेंबूर पूर्व के माहुल में बीपीसीएल की मुंबई रिफाइनरी का ओएनजीसी के साथ पुराना संबंध है। यह 1976 से उसके कच्चे तेल का प्रसंस्करण कर रही है। अरब सागर में पानी के नीचे पाइपलाइन से ओएनजीसी के तेल की आपूर्ति बीपीसीएल की रिफाइनरी को होती है जिससे लॉजिस्टिक्स लागत काफी कम हो जाती है।

### ऑयल इंडिया महारत्न व ओएनजीसी विदेश नवरत्न कंपनी बनी

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस क्षेत्र में कार्यरत दो सरकारी कंपनियों ऑयल इंडिया लिमिटेड को 13वीं महारत्न कंपनी और ओएनजीसी विदेश लिमिटेड को 14वीं नवरत्न कंपनी का दर्जा दिया गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इन दोनों सरकारी कंपनियों को महारत्न और नवरत्न का दर्जा दिये जाने को अनुमोदित कर दिया है। ऑयल इंडिया ने वित्त वर्ष 2022-23 में 41039 करोड़ रुपये का कारोबार किया और उसका शुद्ध लाभ 9845 करोड़ रुपये रहा था। इसी तरह से ओएनजीसी विदेश लिमिटेड ने मार्च 2023 को समाप्त वित्त वर्ष में कुल 11676करोड़ रुपये का कारोबार किया और उसका शुद्ध लाभ 1700 करोड़ रुपये रहा था।


## शेयर बाजार में दूसरे दिन भी हाहाकार

**मुंबई** 3 अगस्त (एजेंसियां)। वैश्विक बाजार के कमजोर रुझान के दबाव में स्थानीय स्तर पर विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की भारी बिकवाली से आज शेयर बाज़ार में लगातार दूसरे दिन भी हाहाकार मच गया।

बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 542.10 अंक का गोता लगाकर 65,240.68 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 144.90 अंक की गिरावट लेकर 19,381.65 अंक पर आ गया। वहीं, दिग्गज कम्पनियों के विपरीत मझौली और छोटी कम्पनियों में लिवाली का जोर रहा। इससे बीएसई का मिडकैप 0.14 प्रतिशत चढ़कर 29,967.64 अंक और स्मॉलकैप 0.23 प्रतिशत की तेजी लेकर 34,841.48 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3715 कम्पनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1770 में बिकवाली जबकि 1790 में लिवाली हुई वहीं 155 में कोई बदलाव नहीं हुआ।

बीएसई में पावर, यूटिलटीज़ और हेल्थ केयर समूह की 0.73 प्रतिशत तक की तेजी को छोड़कर शेष 16 समूहों में बिकवाली हुई। कमोडिटीज़ 0.19, सीडी 0.34, ऊर्जा 0.85, एफ एम सी जी 0.55, वित्तीय सेवाएं 0.94, इंडस्ट्रीयल 0.30, आईटी 0.17, दूरसंचार 0.34, ऑटो 0.40, बैंकिंग 1.06, कैपिटल गुड्स 0.65, धातु 1.15, तेल एवं गैस 0.92, रियल्टी 1.85 और टेक समूह के शेयर 0.20 प्रतिशत लुढ़क गए।




अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गिरावट का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीसई 0.78, जर्मनी का डैक्स 0.65, जापान का निक्केई 1.68 और हांकांग का हैंगसेंग 1.68 प्रतिशत गिर गया जबकि चीन के शंघाई कंपोज़िट में 0.58 प्रतिशत की तेजी रही।

कारोबार की शुरुआत में सेंसेक्स 232 अंक की बड़ी गिरावट लेकर 65,550.82 अंक पर खुला लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 65,820.82 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। इसके बाद शुरू हुई बिकवाली से यह दोपहर बाद 64,963.08 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 65,782.78 अंक के मुकाबले 0.82 प्रतिशत टूटकर 65,240.68 अंक पर रहा।

निफ़्टी भी 63 अंक उतरकर 19,463.75 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,537.65 अंक के उच्चतम जबकि 19,296.45 अंक के निचले स्तर पर भी रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,526.55 अंक की तुलना में 0.74 प्रतिशत लुढ़ककर 19,381.65 अंक पर आ गया।

इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली प्रमुख कम्पनियों में टाइटन 2.56, बजाज फिनसर्व 2.29, आईसीआईसीआई बैंक 2.24, एसबीआई 1.33, टीसीएस 1.19, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.17, मारुति 1.12, ऐक्सिस बैंक 0.96, एलटी 0.91, विप्रो 0.82, एचडीएफसी बैंक 0.74, भारती एयरटेल 0.66, टाटा मोटर्स 0.63, एचसीएल टेक 0.55, रिलायंस 0.46 और टेक महिंद्रा 0.35 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, इंफ़ोसिस 0.63, एनटीपीसी 0.43, सन फ़ार्मा 0.40, कोटक बैंक 0.06, जेएसडब्ल्यूएस स्टील 0.05 और पावर ग्रिड ने 0.02 प्रतिशत का मुनाफ़ा कमाया।

## जिंसों में टिकाव



**नई दिल्ली,** 3 अगस्त (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों की गिरावट के दबाव और स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अगस्त का पाम ऑयल वायदा 66 रिंगिट गिरकर 3750 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह अगस्त का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.36 सेंट की गिरावट लेकर 60.35 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में अधिकांश खाद्य तेलों के भाव में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफ़ाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव में टिकाव रहा।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** चना 5050-5150, दाल चना 6050-6150, मसूर काली 7250-7100, मूंग दाल 8750-8850, उड़द दाल 10600-10700, अरहर दाल 10300-10400 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2550-2650 रुपये और **चावल :** 2900-3000 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

**चीनी-गुड़ :** चीनी एस 3590-3690, चीनी एम. 3850-3950, मिल डिलीवरी 3470-3570 और गुड़ 3750-3850 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

**खाद्य तेल :** सरसों तेल 12088 रुपये, मूंगफली तेल 20732 रुपये, सूरजमुखी तेल 13553 रुपये, सोया रिफ़ाइंड 12014 रुपये, पाम ऑयल 9000 रुपये और वनस्पति तेल 11000 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

### सार संक्षेप

## भारती एयरटेल का मुनाफा लगभग स्थिर

**नई दिल्ली।** दूरसंचार सेवायें प्रदान करने वाली कंपनी भारती एयरटेल ने चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 1612 करोड़ रुपये का समग्र लाभ अर्जित किया है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 1607 करोड़ रुपये की तुलना में मामूली बढ़ा है। कंपनी ने निदेशक मंडल की बैठक के बाद जारी वित्तीय लेखाजोखा में कहा कि इस तिमाही में उसका परिचालन राजस्व 37440 करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में 14 प्रतिशत अधिक है। इस तिमाही में कंपनी का औसत प्रति ग्राहक राजस्व(एआरपीयू) 9.28 प्रतिशत बढ़कर 200 रुपये हो गया जबकि जून 2022 को समाप्त तिमाही में यह 183 रुपये रहा था। उसने कहा कि पहली तिमाही में 4.13 लाख नये ग्राहक जोड़े गये हैं।

## बेनेली का राजधानी में विस्तार

**नई दिल्ली।** दोपहिया वाहन बनाने वाली प्रमुख कंपनी बेनेली, कीवे इंडिया ने राजधानी दिल्ली में अपना विस्तार करते हुये नये शोरूम की शुरूआत की है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि कंपनी के प्रबंध निदेशक विकास झबख ने इसके शुभारंभ के मौके पर कहा देश भर में अपने उपभोक्ताओं के साथ जुड़ने के लिए हम तेज़ी से अपने डीलरशिप नेटवर्क का विस्तार कर रहे हैं। इस विस्तार से न सिर्फ वे बेनेली एवं कीवे जैसे जाने-माने ब्राण्ड्स की ओर से सर्वश्रेष्ठ सुपरबाइकों का अनुभव पा सकेंगे, बल्कि बेजोड़ कस्टमर सर्विस का लाभ भी उठा सकेंगे। एआरके ऑटो के साथ साझेदारी करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है। हमें विश्वास है कि उनके साथ मिलकर हम उपभोक्ताओं को सर्वश्रेष्ठ कस्टमर सर्विस उपलब्ध कराएंगे, जिसके लिए ब्राण्ड को जाना जाता है। उनका उपभोक्ता उन्मुख दृष्टिकोण कंपनी के मूल्यों के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि राजा गार्डन स्थित इस नये शोरूम को दिल्ली एवं आस-पास के क्षेत्रों के बेनेली, कीवे राइडरों को सेल्स, सर्विस और स्पेयर सपोर्ट प्रदान करने के लिए डिज़ाइन की गई है। एआरके ऑटो के बैनर तले लॉन्च की गई इस 3एस सुविधा का प्रबन्धन डीलर प्रिंसिपल नकुल कामरा द्वारा किया जाएगा। इस नए आउटलेट के साथ बेनेली, कीवे इंडिया का सशक्त नेटवर्क 58 टचपॉइन्ट हो गये हैं।

## तीन दिनों में एयर इंडिया एक्सप्रेस की तीसरी उड़ान में आई खराबी

**कोच्चि।** तीन दिनों में एयर इंडिया एक्सप्रेस की एक और उड़ान में खराबी आने की सूचना मिली है। 170 यात्रियों के साथ विमान ने केरल के कोच्चि हवाई अड्डे से शारजाह के लिए उड़ान भरी, लेकिन 45 मिनट बाद वापस लौट आया। फ्लाइट बुधवार रात करीब 10.30 बजे कोच्चि एयरपोर्ट से रवाना हुई और तुरंत बाद लौट आई। 170 यात्रियों को शारजाह जाने वाली अन्य उड़ानों में बिठाया गया। इसके पहले सोमवार को दोपहर से ठीक पहले, बहरीन जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान ने तिरुवनंतपुरम हवाई अड्डे से अपनी उड़ान रद्द कर दी।

## हैकरवन 12 प्रतिशत कर्मचारियों की छंटनी करेगा

**सैन फ्रांसिस्को,** 3 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिका स्थित बग बाउंटी और पैठ परीक्षण प्लेटफॉर्म हैकरवन ने अपने लगभग 12 प्रतिशत कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की घोषणा की है। इसके लिए उसने प्रौद्योगिकी क्षेत्र पर वैश्विक आर्थिक मंदी के प्रभाव को जिम्मेदार ठहराया है। नौकरी में कटौती के फैसले से अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन, नीदरलैंड और अन्य देशों सहित वैश्विक स्तर पर कर्मचारी प्रभावित होंगे। हैकरवन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मार्टन मिकोस ने बुधवार को एक ब्लॉगपोस्ट में कहा, मैंने पुनर्गठन करने का दर्दनाक और आवश्यक निर्णय लिया है। हम अपनी टीम का आकार लगभग 12 प्रतिशत तक कम कर देंगे। यह निराशाजनक खबर है, क्योंकि हम सभी ने अपने साथी हैकरनीज़ के साथ मजबूत संबंध बनाए हैं। लंबे समय तक सफल बने रहने के लिए यह कार्रवाई आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यह छंटनी एक ही बार होगी। उन्होंने कहा, %%हम अपने भविष्य के वित्तीय प्रदर्शन या व्यापक आर्थिक माहौल में पूर्ण दृश्यता का दावा नहीं करते हैं, लेकिन हम स्पष्ट रूप से एक ही कार्रवाई करना चाहते थे और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ना चाहते थे। मिकोस ने कहा कि प्रभावित कर्मचारियों को नकद मुआवजे और गैर-नकद लाभ सहित विच्छेद पैकेज मिलेगा।

## पुरानी कारों के रिटेलर स्पिनी ने दो इकाइयों का विलय किया, 300 कर्मचारियों की छंटनी




नई दिल्ली, 3 अगस्त (एजेंसियां)। पुरानी कारों के रिटेल प्लेटफॉर्म स्पिनी ने लागत में कटौती की कवायद के तहत लगभग 300 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। उसने ट्रूबिल और स्पिनी मैक्स का मुख्य प्लेटफॉर्म में विलय किया है जिससे इन दोनों इकाइयों के कर्मचारियों पर छंटनी की गाज सबसे ज्याद गिरी है।इनट्रैकर ने सूत्रों के हवाले से बताया कि नौकरी में कटौती से करीब 300 कर्मचारी प्रभावित होंगे जो 6000 कर्मचारियों के कुल कार्यबल का लगभग 4.5 प्रतिशत है।

कंपनी के मुताबिक, लक्ष्य आगे चलकर साफ-सुथरा तथा अधिक केंद्रित निष्पादन और ग्राहकों को एक ही प्लेटफॉर्म पर सब कुछ पेश करना है। यही वजह है कि छंटनी हो रही है। कंपनी ने एक बयान में कहा, हमने विश्वसनीय, बजट-अनुकूल कारों की मांग में तेज वृद्धि देखी है क्योंकि अधिकांश लोगों ने कार्यालय से काम फिर से शुरू कर दिया है। विभिन्न ब्रांड प्लेटफार्मों में कारों की हमारी सूची को विभाजित करके, हम कभी-कभी ऐसे ग्राहकों को पर्याप्त विकल्प प्रदान करने में असमर्थ थे। इस एकीकरण से हम इन ग्राहकों की जरूरतों को अच्छी तरह से पूरा करने में सक्षम होंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि छंटनी का शिकार कर्मचारियों को तीन महीने का वेतन दिया जाएगा। इसके अलावा कंपनी ने प्रभावित कर्मचारियों के लिए ईएसओपी वेस्टिंग में तेजी लाने की भी बात कही है। कुछ कर्मचारियों ने छंटनी के बारे में लिंक्डइन पर भी बात की। एक लिंक्डइन उपयोगकर्ता ने बुधवार को पोस्ट किया, मैं घोषणा करना चाहता हूं कि मुझे स्पिनी से हटा दिया गया है... यह कितना भी कड़वा क्यों न हो, जीवन चलता रहता है...।

स्पिनी ने 2021 में नए और मौजूदा निवेशकों से 28.3 करोड़ डॉलर की फंडिंग जुटाने की घोषणा की, जिससे उसका मूल्यांकन 1.8 अरब डॉलर हो गया और वह उस वर्ष एक और यूनिकॉर्न बन गया। यह कंपनी की पहली छंटनी है, जबकि कारदेखो और कार्स24 जैसे प्रतिस्पर्धी पहले ही पिछले कुछ वर्षों में सैकड़ों कर्मचारियों को निकाल चुकी हैं। कार्स24 ने पिछले साल 600 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया था और कारदेखो ने 2022 में कई कर्मचारियों की छंटनी की थी।

# खेल जगत

## मैं अगले साल होने वाले इंग्लैंड के भारत दौरे का हिस्सा नहीं हूं : मोईन अली

**लंदन,** 3 अगस्त (एजेंसियां)। अनुभवी ऑफ स्पिन ऑलराउंडर मोईन अली ने पुष्टि की है कि मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम की अपील के बावजूद वह अगले साल इंग्लैंड के भारत के टेस्ट दौरे का हिस्सा नहीं होंगे। जैक लीच के पीठ में स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण एशेज सीरीज से बाहर होने के बाद सितंबर 2021 में टेस्ट से संन्यास लेने वाले मोईन अली वापस आए। उन्होंने रोमांचक एशेज श्रृंखला में चार मैच खेले। आईसीसी ने मोईन अली के हवाले से कहा, अगले साल होने वाले भारत दौरे के लिए मैकुलम ने मुझसे फिर पूछा, लेकिन मैंने साफ मना कर दिया। मेरे लिए अपने करियर को इस तरह खत्म करना काफी अच्छा रहा। एशेज 2-2 से ड्रा करने के बाद इंग्लैंड का अगला टेस्ट असाइनमेंट अगले साल 25 जनवरी से 11 मार्च तक भारत की पांच मैचों की श्रृंखला की यात्रा है जिसमें हैदराबाद, विशाखापत्तनम, राजकोट, रांची और धर्मशाला में मैच खेले जाएंगे।



# मौजूदा चैंपियन द. कोरिया ने पिछड़ने के बाद जापान पर जीत के साथ शुरू किया अभियान



■ द. कोरिया के लिए जियोलियांग व जुंगहो किम ने दागा एक-एक गोल

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

चेन्नै, 3 अगस्त (देशबन्ध)। रयोमा ओका के बेहतरीन मैदानी गोल से तूफानी अंदाज से आगाज कर पहले क्वॉर्टर में बढ़त लेने के बाद आखिरकार पिछली उपविजेता जापान का किला दूसरा क्वॉर्टर खत्म होने से चार मिनट पहले बिखर गया। जियोलियांग पार्क के 26 वें मिनट में दागे गोल से एक एक की बराबरी लेने बाद तीसरे क्वॉर्टर के पांचवें मिनट में जुंगहो किम के मैदानी गोल से हासिल बढ़त को आखिर तक कायम रखते हुए मौजूदा चैंपियन दक्षिण कोरिया ने जापान पर पुरुष एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2023 हॉकी के पहले राउंड रॉबिन लीग मैच में बृहस्पतिवार को 2-1 से जीत के साथ अपना अभियान शुरू किया। भुवनेश्वर में इस साल हुए विश्व कप में भी दक्षिण कोरिया ने जापान को इसी अंतर से हराया था। पिछली एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में लीग में दोनों टीमों का लीग मैच 3-3 से बराबर रहा था और फाइनल में भी 3-3 की बराबरी के बाद दक्षिण कोरिया ने शूटआउट में 4-2 से जीत के साथ खिताब जीता था।

राइकी फुजीयामा, रयोमी ओका, योसी कातो, युमा नगाई और सेरेना तनाका की अगुवाई में जापान ने मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम में खासतौर दाएं छोर से तेज हमले बोल कर अपने किले की चौकसी कर रहे कप्तान सेंटर बैक जोंगहयुन जांग और जंगजुन ली जैसे दक्षिण कोरिया के बूढ़े शेरों को चौंका दिया। रयोसी कातो दाएं से गेंद को लेकर दक्षिण कोरिया की डी में पहुंचे और उनके तिरछे पास पर बाएं डी के ठीक उपर रयोमा ओका ने गेंद को कब्जे में ले पूरी रक्षापंक्ति को छका गोल कर जापान को 1-0 से आगे कर दिया। दक्षिण कोरिया को इससे दो मिनट पहले मैच का पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला था लेकिन जापान के रिव्यू पर तीसरे अंपायर ने इसके नकार दिया। जापान ने पांच मिनट बाद मैच का पहला पेनल्टी कॉर्नर भी हासिल किया लेकिन मनाबू यामाशिता के तेज फ्लिक को दक्षिण कोरिया के 'रशर'जूनवू जियोंग ने रोक कर दक्षिण कोरिया को बराबरी पाने से रोक दिया। जिंगवांग हयुन के तेज फ्लिक पर दूसरा क्वॉर्टर खत्म होने से चार मिनट पहले जियोलियांग पार्क ने चतुराई से तेज पुश से गोल कर दक्षिण कोरिया को एक-एक की बराबरी दिला दी।

दक्षिण कोरिया ने तीसरे क्वॉर्टर में अपनी रणनीति बदली और शुरू से जापान के गोल पर तेज हमले बोले। जूनवु जियोंग ने तीसरे क्वॉर्टर क्वॉर्टर में दाएं से तेज पास डी की ओर बढ़ते साथी जुंगहो किम के लिए फेंका और इस पर उन्होंने बाएं से बाएं से तेज से शॉट जमा गोल कर दक्षिण कोरिया को मैच के 35 वें मिनट में 2-1 से आगे कर दिया। जापान ने तीसरे क्वॉर्टर में बराबरी पाने के लिए और दक्षिण कोरिया ने अपनी बढ़त को और मजबूत करने के लिए हमले तेज कर दिए लेकिन और गोल नहीं हुआ। जापान ने चौथे और आखिरी क्वॉर्टर में अपनी पूरी ताकत झोंक दी और पेनल्टी कॉर्नर भी हासिल किया लेकिन बराबरी पाने में नाकाम रही।

# ऑस्ट्रेलिया ओपन के क्वार्टरफाइनल में भिड़ेंगे किदांबी, प्रियांशु



**सिडनी,** 3 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के अनुभवी शटलर किदांबी श्रीकांत और युवा प्रतिभा प्रियांशु राजावत ने ऑस्ट्रेलिया ओपन 2023 में गुरुवार को अपने-अपने मुकाबले जीतकर क्वार्टरफाइनल में जगह बनायी।

प्रियांशु ने 59 मिनट चले पुरुष प्री-क्वार्टरफाइनल में चीनी ताइपे के वांग जू वेई को 21-8, 13-21, 21-19 से मात दी। किदांबी ने ताइपे के सू ली यांग को 21-10, 21-17 से हराने में सिर्फ 39 मिनट का समय लिया। क्वार्टरफाइनल में किदांबी और प्रियांशु आमने-सामने होंगे।

इस बीच, एचएस प्रणय और पीवी सिंधु ने भी अपने-अपने दूसरे चरण के मुकाबले जीते, जबकि मिथुन मंजूनाथ और किरण जॉर्ज हारकर सुपर 500 टूर्नामेंट से बाहर हो गये।

खराब फॉर्म से जूझ रहीं सिंधु ने महिला एकल के प्री-क्वार्टरफाइनल में हमवतन आकर्षि कश्यप को 21-14, 21-10 से हराया। प्रणय ने चीनी ताइपे के ची यू जेन के खिलाफ पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए एक घंटे 14 मिनट में 19-21, 21-19, 21-13 से जीत दर्ज की।

पहले दौर में पूर्व विश्व चैंपियन लोह कीन यू को मात देने वाले मंजूनाथ मलेशिया के ली ज़ी जिया से 21-13, 12-21, 19-21 से हार गये। किरण को इंडोनेशिया के एंथनी गिनटिंग के हाथों 15-21, 18-21 की सीधे सेटों की हार का स्वाद चखना पड़ा।

महिला युगल प्रतियोगिता में, त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय जोड़ी जापान की मायु मात्सुमोतो और वकाना नागाहारा के हाथों 10-21, 20-22 से हारी।

# कोलंबिया पर उलटफेर कर सुपर-16 में मोरक्को



**पर्थ,** 3 अगस्त (एजेंसियां)। विश्व रैंकिंग में 72वें नंबर की मोरक्को ने फीफा महिला विश्व कप 2023 में बड़े उलटफेर को अंजाम देते हुए गुरुवार को कोलंबिया को 1-0 से मात दी। मोरक्को ने निब स्टेडियम पर खेले गये ग्रुप-एच मुकाबले में अनीसा लहमारी (45+4वां मिनट) के गोल की बदौलत जीत हासिल करते हुए सुपर-16 में प्रवेश किया। इस हार के बावजूद कोलंबिया ग्रुप-एच की शीर्ष टीम के रूप में प्री-क्वार्टरफाइनल में पहुंच गयी, हालांकि मोरक्को ने विश्व नंबर दो जर्मनी को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। जर्मनी को सुपर-16 में पहुंचने के लिये दिन के एक अन्य मुकाबले में दक्षिण कोरिया को हराना था। एशियाई टीम ने जर्मनी को 1-1 के ड्रॉ पर रोक लिया। चो सो ह्यून ने छठे मिनट में गोल जमाकर दक्षिण कोरिया को शुरुआती बढ़त दिला दी। एलेक्ज़ेंड्रा पॉप ने 42वें मिनट में गोल जमाया लेकिन यह जर्मनी को ड्रॉ से आगे नहीं ले जा सका। दूसरी ओर, मोरक्को ने कोलंबिया के विरुद्ध पहले क्वार्टर में ज्यादा से ज्यादा समय तक गेंद को अपने कब्जे में रखा। शुरुआती मौके गंवाने के कारण मोरक्को पहले हाफ में गोलरहित रह सकती थी, लेकिन अनीसा लहमारी ने अतिरिक्त समय के चौथे मिनट में लहमारी ने गेंद को नेट में पहुंचाकर अपनी टीम को निर्णायक बढ़त दिला दी। कोलंबिया इसका जवाबी गोल नहीं ढूंढ सकी और मोरक्को ने मुकाबला जीत लिया। मोरक्को सुपर-16 में पहुंचने वाली पहली अरब टीम है, जहां उसका सामना विश्व की नंबर पांच टीम फ्रांस से होगा। कोलंबियाई टीम अगले चरण में जमैका से भिड़ेगी।

# मनोज तिवारी ने क्रिकेट को कहा अलविदा

**कोलकाता,** 3 अगस्त (एजेंसियां)। भारत और पश्चिम बंगाल के अनुभवी बल्लेबाज मनोज तिवारी ने गुरुवार को क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। तिवारी ने सोशल मीडिया पर साझा किये गये संदेश में लिखा, क्रिकेट के खेल को अलविदा। इस खेल ने मुझे सब कुछ दिया है। वे सब जिसका मैंने सपना भी नहीं देखा था, उस समय से जब मेरे जीवन में कई तरह की कठिनाइयां थीं। हमेशा इस खेल का और परमेश्वर का शुक्रगुज़ार रहूंगा, जो हमेशा मेरे साथ रहे।



क्रिकेट के खेल को अलविदा। इस खेल ने मुझे सब कुछ दिया है। वे सब जिसका मैंने सपना भी नहीं देखा था, उस समय से जब मेरे जीवन में कई तरह की कठिनाइयां थीं। हमेशा इस खेल का और परमेश्वर का शुक्रगुज़ार रहूंगा, जो हमेशा मेरे साथ रहे : मनोज तिवारी

पश्चिम बंगाल के हावड़ा में जन्मे तिवारी ने रणजी ट्रॉफी के 2006-07 सीज़न में 99.50 की औसत से 796 रन बनाकर सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। चोट के कारण उन्हें अंतरराष्ट्रीय मंच पर उतरने के लिये लंबा इंतजार करना पड़ा। तिवारी ने तीन फरवरी 2008 को ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध ब्रिसबेन वनडे में अंतत: भारतीय जर्सी पहनी।

मनोज ने भारत के लिये 12 एकदिवसीय मैचों में 287 रन बनाये जहां उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 104 रन रहा। टी20 प्रारूप में वह सिर्फ तीन बार ही भारत का प्रतिनिधित्व कर सके। पश्चिम बंगाल के पूर्व कप्तान तिवारी ने अपना प्रथम श्रेणी करियर 2004 में ईडन गार्डन में शुरू करने के बाद 2023 में कोलकाता के उसी मैदान पर समाप्त किया। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उनका आखिरी मैच सौराष्ट्र के विरुद्ध खेला गया रणजी ट्रॉफी फाइनल था जहां दूसरी पारी में अपनी टीम के लिये सर्वाधिक रन बनाने के बावजूद उन्हें हार का सामना करना पड़ा। तिवारी ने कहा, मेरे बचपन से लेकर पिछले साल तक मेरे सभी कोचों को धन्यवाद, जिन्होंने मेरी क्रिकेट उपलब्धियों में भूमिका निभाई है। मनबेंद्र घोष, मेरे पिता समान कोच इस क्रिकेट यात्रा में स्तंभ की तरह रहे हैं। अगर वह नहीं होते तो मैं क्रिकेट जगत में कहीं भी नहीं पहुंच पाता। धन्यवाद सर और आपके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। तिवारी ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ 2012 में खिताब जीतने के अलावा राइजिंग पुणे सुपरजायंट्स, दिल्ली डेयरडेविल्स और पंजाब किंग्स का भी प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने कुल मिलाकर 183 टी20 मैचों में 3436 रन बनाये, जिसमें 15 अर्द्धशतक शामिल रहे।

# दो बार का विजेता जर्मनी पहली बार ग्रुप चरण में बाहर

**ब्रिस्बेन (ऑस्ट्रेलिया),** 3 अगस्त (एजेंसियां)।। यहां 2023 फीफा महिला विश्व कप में गुरुवार को ग्रुप एच में जर्मनी को दक्षिण कोरिया ने 1-1 से ड्रा पर रोक दिया, क्योंकि दोनों टीमें ग्रुप चरण से आगे बढ़ने में विफल रहीं। यह पहली बार है कि दो बार का टूर्नामेंट विजेता जर्मनी नौ महिला विश्व कप में इस चरण में बाहर हुआ है। इसी समय पर्थ में हुए ग्रुप एच के दूसरे मैच में पहले हाफ में अनीसा लाहमरी के गोल की मदद से मोरक्को ने कोलंबिया को 1-0 से हराया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, समूह में शीर्ष पर रहने के लिए कोलंबिया के पास छह अंक थे, जबकि विश्व कप में पदार्पण करने वाला मोरक्को, जो अपने शुरुआती मैच में जर्मनी से 6-0 से हार गया था, ने लगातार दो जीत के साथ वापसी की और उपविजेता रहा।



अंतिम दौर के ग्रुप मैचों से पहले, कोलंबिया छह अंकों के साथ ग्रुप एच में शीर्ष पर था, उसके बाद जर्मनी और मोरक्को दोनों तीन अंकों के साथ थे। स्कोररहित दक्षिण कोरिया सहित, सभी चार टीमों के पास राउंड 16 के लिए क्वालीफाई करने का मौका था। दक्षिण कोरिया अपने मैच में सिर्फ दो मिनट में स्कोर करने के करीब था, जब केसी फेयर शानदार तरीके से पेनल्टी क्षेत्र में आगे बढ़ी, लेकिन उनके शॉट को जर्मन गोलकीपर मर्ले फ्रोहम्स ने पोस्ट पर गिरा दिया। फ़ेयर के लगभग चूकने के चार मिनट बाद, दक्षिण कोरिया ने एक बार फिर जर्मनी की रक्षा को ध्वस्त कर दिया क्योंकि ली यंग-जू ने एक सटीक थ्रू-पास दिया जिससे चो सो-ह्यून को शुरुआती गोल करने का मौका मिल गया। हाफ टाइम से ठीक पहले, जर्मनी ने एलेक्जेंड्रा पोप के माध्यम से बराबरी की, जिनके हेडर ने स्वेंजा हथ के दाईं ओर से क्रॉस के बाद गेंद को शीर्ष कोने में भेज दिया। नॉकआउट चरण में पहुंचने के लिए जर्मनी को जीत की सख्त जरूरत थी, जर्मनी ने दूसरे हाफ में भी आक्रमण जारी रखा। 57वें मिनट में पोप ने फिर से गोल किया, लेकिन ऑफसाइड के कारण वीएआर द्वारा गोल को अस्वीकार कर दिया गया। तीन मिनट बाद, पोप ने हथ के क्रॉस के साथ अपने बराबरी के गोल को लगभग दोहराया, लेकिन इस बार जर्मनी की कप्तान का शक्तिशाली हेडर क्रॉसबार से टकरा गया। कोलंबिया को अगले मंगलवार को मेलबर्न में जमैका से भिड़ना है, जबकि दुनिया की 72वें नंबर की टीम मोरक्को उसी दिन एडिलेड में फ्रांस से भिड़ेगी।

# स्टोक्स-मैकुलम ने पिछले साल ब्रॉड को संन्यास लेने से रोका था : एंडरसन

लंदन, 3 अगस्त (एजेंसियां)। इंग्लैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने खुलासा किया कि स्टुअर्ट ब्रॉड ने पिछले सीजन में क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने के बारे में सोचा था, लेकिन टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स और मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने उन्हें ऐसा करने से रोक दिया था। टेस्ट में 604 विकेट के साथ, स्टुअर्ट ब्रॉड इस प्रारूप में विकेट लेने वालों की सर्वकालिक सूची में पांचवें स्थान पर हैं और 600 से अधिक विकेट लेने वाले केवल दो तेज गेंदबाजों में से एक हैं। दूसरे तेज गेंदबाज एंडरसन हैं। ब्रॉड ने अगस्त 2006 में अपने अंतरराष्ट्रीय पदार्पण के बाद से 121 एकदिवसीय मैचों में 178 विकेट और 56 टी20 में 65 विकेट लिए हैं। एंडरसन ने कहा, तीसरे दिन के खेल के लिए टीम बस में चढ़ने से पहले स्टुअर्ट ने मुझे कॉफी पर अपने संन्यास के बारे में बताया। शुरू में मुझे थोड़ा झटका लगा। लेकिन उसकी बात सुनने के बाद मैंने उसका समर्थन किया। उसने मुझे बताया कि वो पिछले सीजन में भी इसके बारे में सोच रहा था, मगर स्टोक्स और मैकुलम ने उसे रोक लिया था।



# टीम का कोच कोई भी हो मेरा फोकस हमेशा भारत के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर : विवेक सागर

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

चेन्नै, 3 अगस्त (देशबन्धु)। सदाबहार पूर्व कप्तान और मौजूदा टीम में सबसे ज्यादा 334 अंतराष्ट्रीय हॉकी मैच खेलने वाले सेंटर हाफ मनप्रीत सिंह भारतीय पुरुष हॉकी की टीम की रीढ़ हैं। मनप्रीत की तरह उन्हीं के नक्शेकदम पर चलने वाले और उन्हें अपना आदर्श मानने वाले 22 बरस विवेक सागर प्रसाद भारत के लिए 114 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेल कर हमलों के सूत्रधार और रक्षण की अहम कड़ी के रूप में अब टीम की रीढ़ बन चुके हैं। विवेक सागर प्रसाद ब्रेडा में 2018 में सम्पन्न आखिरी चैंपियंस ट्रॉफी में रजत पदक और 2021 के टोक्यो ओलंनिपक में 41 बरस बाद कांसे के रूप में अपना पहला पदक जीतने वाली आठ बार की स्वर्ण पदक विजेता भारतीय टीम के सदस्य रहे ही अपने घर में पिछल एफआईएच हॉकी विश्व कप में नौवें स्थान पर रहने वाली टीम का हिस्सा थे। अपने जमाने में कलाकार के रूप में ख्यात भारत को 1975 में क्वालालंपुर में विश्व कप जिताने वाली अहम



■ हमारा ध्यान एशियन चैंपियंस ट्रॉफी जीत एशियाई खेलों के लिए बेहतर तैयार होने पर

■ मैं फिलहाल डिफेंसिव मिडफील्डर के रूप में खेल रहा हूं

भूमिका निभाने वाले अशोक कुमार सिंह के काबिल शागिर्द हैं। विवेक सागर ने हॉकी का शुरुआती पाठ मध्य प्रदेश हॉकी अकादमी में अशोक कुमार सिंह जैसे चतुर हॉकी उस्ताद से सीखा। विवेक सागर फिलहाल यहां आठवीं एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में शिरकत कर रही भारतीय पुरुष हॉकी टीम का अहम हिस्सा हैं। चोट के कारण विवेक सागर 2016 में लखनउ में चीफ कोच हरेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में जूनियर पुरुष हाकी विश्व कप में स्थान बनाने से चूक गए थे। विवेक की सबसे बड़ी ताकत हॉकी की कलाकारी के साथ भारत हॉकी टीम के हर उस्ताद के मार्गदर्शन में उसी के मुताबिक खेलने की क्षमता है। ग्राहम रीड के ओडिशा हॉकी विश्व कप में भारत के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद चीफ कोच के पद से इस्तीफा देने के बाद चीफ कोच की जिम्मेदारी संभालने वाले क्रेग फुल्टन की रणनीति के मुताबिक विवेक सागर प्रसाद ने अपने खेल को पिछले करीब ढाई महीने में ढाला है। इस बाबत पूछे जाने पर विवेक सागर कहते हैं, %टीम का कोच कौन होगा इसका फैसला करने का अधिकार तो हॉकी इंडिया का है। भारत के लिए करीब पिछले छह बरस से ज्यादा में मैं अलग-अलग हॉकी उस्तादों के मार्गदर्शन में खेला हूं। मैं तो हॉकी खिलाड़ी हूं। बेशक किसी भी कोच के मार्गदर्शन में उसकी रणनीति के मुताबिक खुद को ढालने में लगता है और नए चीफ कोच क्रेग फुल्टन की रणनीति के मुताबिक भी खुद को ढालने में बेशक कुछ वक्त लगा। टीम का कोच कोई भी हो मेरा फोकस हमेशा भारत के लिए हर मुकाबले और टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर रहता है। आपको इसके लिए जेहनी तौर तैयार करना पड़ता है। भारत के लिए अब करीब सात बरस से खेलने से मैंने बतौर खिलाड़ी खुद को भारत के कोच के रूप में अलग-अलग हॉकी उस्तादों के मार्गदर्शन में उसके मुताबिक खेलना सीख लिया है।बतौर टीम फिलहाल हमारा ध्यान यहां एशियन चैंपियंस ट्रॉफी जीत एशियाई खेलों के लिए जेहनी तौर पर बेहतर तैयार होने पर है। मैं खुशकिस्मत हूं कि हमारी टीम में मनप्रीत सिंह और हार्दिक सिंह जैसे चतुर और अनुभवी सेंटर हाफ हैं। जब आप अंतर्राष्ट्रीय मंच पर अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो बतौर खिलाड़ी आपसे अपेक्षाओं के साथ जिम्मेदारी भी बहुत बढ़ जाती है। मैं अब मौजूदा भारतीय हॉकी टीम में मूलत: रक्षात्मक सेंटर हाफ के रूप में खेल रहा हूं लेकिन मौका मिलने और टीम की जरूरत के मुतबिक पर आगे खुद हमले के लिए भी जाता हूं। अब भारतीय टीम में मेरी जिम्मेदारी प्रतिद्वंद्वी टीम के गोल के हमलों को नाकाम करने साथ अपने साथियों को आगे गोल के अभियान में मदद करने की है। हमारी मौजूदा टीम में हर खिलाड़ी टीम की जरूरत के मुताबिक एक साथ दो भूमिकाएं निभा रहे हैं। अब भारतीय टीम में मैं डिफेंसिव मिडफील्डर के रूप में खेल रहा हूं कि लेकिन मौका मिलने पर आक्रामक सेंटर हाफ के रूप में साथी स्ट्राइकर की ओर बराबर गेंद बढ़ाने की कोशिश करता हूं।

## सार संक्षेप

### एमआई केप टाउन ने आगामी नीलामी से पहले खिलाड़ियों को बरकरार रखने की घोषणा की

**केप टाउन/मुंबई।** एमआई केप टाउन ने गुरुवार को एसए20 की आगामी नीलामी से पहले खिलाड़ियों को रिटेन करने की घोषणा की। दक्षिण अफ़्रीकी कोर को रैसी वान डेर डुसेन, रयान रिकेलटन - जिन्होंने 2023 सीएसए पुरस्कारों में डिवीजन 1 वन-डे कप प्लेयर ऑफ़ द सीज़न और डोमेस्टिक प्लेयर ऑफ़ द सीज़न के रूप में कई सम्मान प्राप्त किए -, ग्रांट रोलोफ़सेन, डेलानो पोटगिएटर, जॉर्ज लिंडे, डुआन जेन्सन और ब्यूरन हेंड्रिक्स के साथ बरकरार रखा गया है। पिछले सीज़न के वाइल्डकार्ड पिक जोफ्रा आर्चर और स्पीडस्टर ओली स्टोन दूसरे सीज़न के लिए एमआई केप टाउन के साथ बने रहेंगे। इस बीच, राशिद खान, कैगिसो रबाडा, डेवाल्ड ब्रेविस, लियाम लिविंगस्टोन, सैम करेन और टॉम बैंटन सहित खिलाड़ी पूर्व-हस्ताक्षर में शामिल हुए। टिम डेविड और हेनरी ब्रूक्स के साथ ज़ियाद अब्राहम, वेस्ले मार्शल, ओडियन स्मिथ और वकार सलामखिल को रिलीज़ कर दिया गया है, जिन्हें सीज़न प्रतिस्थापन खिलाड़ियों के रूप में अनुबंधित किया गया था।

### नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी ने शाजन, मैकार्टन और मुकुल के साथ अनुबंध किया

गुवाहाटी। नॉर्थईस्ट युनाइटेड एफसी ने गुरुवार को 2023-24 सीजन से पहले तीन प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों शाजान फ्रैंकलिन, मैकार्टन लुइस निकसन और मुकुल पंवार के साथ अनुबंध की घोषणा की। नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी ने शाजन के साथ एक साल, वहीं मैकार्टन और मुकुल दोनों ने हाईलैंडर्स के साथ तीन साल का अनुबंध किया है। शाजन और मैकार्टन दोनों एफसी बेंगलुरु यूनाइटेड में मिडफील्ड में टीम के साथी थे और इस साल की शुरुआत में द्वितीय डिवीजन लीग में खेले थे। दूसरी ओर, मुकुल चंडीगढ़ फुटबॉल अकादमी से जुड़े हुए हैं और पेशेवर फुटबॉल में अपना पहला कदम रख रहे हैं। 16 वर्षीय डिफेंडर 2023 अंडर-17 एएफसी एशियाई कप में भारतीय राष्ट्रीय टीम का भी हिस्सा था। सहायक कोच नौशाद मूसा ने तीन युवाओं के अनुबंध की सराहना की। मूसा ने कहा, शाजन इस साल की शुरुआत में संतोष ट्रॉफी जीतने वाली कर्नाटक टीम का अहम हिस्सा थे। मैं मैकार्टन पर तब से नजर रख रहा हूं जब वह इंडियन एरोज के साथ थे। दोनों खिलाड़ी लंबे हैं और तकनीकी रूप से प्रतिभाशाली हैं। मुकुल ने अंडर-17 में अच्छा प्रदर्शन किया है। नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी के अनुसार, हाईलैंडर्स में शामिल होने के पीछे इस तिकड़ी का मुख्य कारण क्लब की युवा फुटबॉलरों को अवसर देने की इच्छा के साथ-साथ इंडियन सुपर लीग में खेलने की उनकी उत्सुकता है।